भारत और द. अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे आज

मैच में पानी-टिफिन-सिक्के ले जाना बैन, जाम से बचने पार्किंग और एंट्री गाइडलाइन

■ **दूसरे जिलों से रायपुर स्टेडियम आने-वालों के लिए रूट तय**

खेल संवाददाता

रायपुर/नवप्रदेश। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे आज यानी 3 दिसंबर को नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दर्शकों की सुविधा और खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। दूसरे जिलों से आने वाले दर्शकों के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं, ताकि भीड़भाड़ और जाम की स्थिति न बने। इसके साथ ही स्टेडियम में कुछ सामानों को लाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

मीडिया चर्चा में छाये राणा

अभ्यास सत्र से पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा मीडिया से चर्चा कर रहे हैं। रांची में खेले गए पहले वनडे में शुरुआती दो विकेट एक ही ओवर में चटकाकर जीत में हर्षित राणा ने निभाई थी बड़ी भूमिका।

स्टेडियम में इन चीजों पर प्रतिबंध

शराब, बीड़ी-सिगरेट, गुटखा, माचिस, लाइटर, -बॉटल, टिफिन, डिब्बे, कांच के कंटेनर, कुर्सी, छाता, स्टिक, ब्लेड, हथियार, पटाखे, लैपटॉप, कैमरा, लेजर, लाइट, स्प्रे, -खाद्य पदार्थ (बच्चों के खाने को छोड़कर), सभी प्रकार के सिक्के, पेन, पेंसिल, हॉर्न, सीटी, रेडियो, भड़काऊ सामग्री।

दक्षिण अफ्रीका टीम ने प्रैक्टिस में बहाया पसीना

द. अफ्रीका टीम ने मंगलवार दोपहर 1:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक मैदान पर जमकर पसीना बहाया। अभ्यास सत्र देखने स्टेडियम में बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे। प्रैक्टिस से पहले दक्षिण अफ्रीका टीम की स्टेडियम में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। दक्षिण अफ्रीका टीम के पूर्व कप्तान टेम्पा बमुमा पत्रकारों से चर्चा की। टेम्बा बवूमा साउथ अफ्रीकी टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान भी हैं।

कल हो सकती है अहम बैठक

टीम मैनेजमेंट और सीनियर खिलाड़ियों के बीच कम होती बातचीत को देखते हुए बीसीसीआई ने एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाने की तैयारी की है। यह मीटिंग बुधवार को रायपुर में भारत-दक्षिण अफ्रीका दूसरे वनडे से पहले हो सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार बैठक में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया, हेड कोच गौतम गंभीर, चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर शामिल हो सकते हैं।

आज बेबाक

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन एक सांसद महोदया अपनी कार में एक कुत्ता लेकर पहुंच गई। गनीमत है वे कुत्ते को संसद के भीतर नहीं ले गई। संसद परिसर में कुत्ता लाने पर जब बवाल हुआ तो उन्होंने कहा कि यह पालतू कुत्ता है काटता नहीं है। काटने वाले कुत्ते तो संसद में बैठे हैं। जबकि वे खुद संसद में बैठती हैं। प्रजातंत्र के सबसे बड़े मंदिर और उसमें जनता द्वारा चुनकर भेजे गये माननीय सांसदों का इससे बड़ा अपमान और क्या हो सकता है? ऐसी घटिया सोच वालों का संसद में पहुंचना हैरत की बात है।

संचार साथी एप पर प्रियंका बोलीं- सरकार जासूसी करना चाहती है

नई दिल्ली/वार्ता। सभी मोबाइल फोन में साइबर सिक्योरिटी एप संचार साथी को प्री-इंस्टॉल करने के दूरसंचार विभाग के आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद मंगलवार को केंद्र सरकार की सफाई आई। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ये कंपलसरी नहीं है। चाहे तो यूजर इसे डिलीट कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने एक दिसंबर को स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया था कि वे स्मार्टफोन में सरकारी साइबर सेफ्टी एप को पहले से इंस्टॉल करके बेचें। इसके लिए 90 दिन का समय दिया था। इस फैसले का कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कदम लोगों की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। यह एक जासूसी एप है। सरकार हर नागरिक की निगरानी करना चाहती है।

हेराल्ड मामले साजिश के तहत नयी प्राथमिकी दायर : खड़गे

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि नेशनल हेराल्ड मामले में उनकी पार्टी को निशाना बनाने के लिए जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को कुछ नही मिला तो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ साजिश के तहत पुराने मामले में नयी प्राथमिकी दायर की गई है।

बम की धमकी के बाद इंडिगो का विमान हैदराबाद से मुंबई डायवर्ट

मुंबई (वार्ता) कुवैत से हैदराबाद आ रहे इंडिगो के एक विमान को मंगलवार सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे(सीएसएमआईए) पर उस समय आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी जब अधिकारियों को बम होने की गंभीर धमकी मिली। सुरक्षाकर्मी विमान के उतरते ही तुरंत उसे अलग स्थान पर ले गये और उसकी गहन जाँच की।

लोकसभा में 8 को वंदेमातरम् 9 को चुनाव सुधारों पर चर्चा

फौरन बहस के लिए अड़ा विपक्ष को मंत्री रिजजू ने मनाया

■ **विपक्ष ने एसआईआर पर लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया**

नई दिल्ली/वार्ता। चुनाव सुधार यानी एसआईआर पर लोकसभा में 9 दिसंबर को चर्चा होगी। संसद में दो दिन से फौरन चर्चा पर अड़ा विपक्ष बहस के लिए मान गया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया, '9 दिसंबर को इलेक्टोरल रिफॉर्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी। साथ ही उन्होंने कहा- एक दिन पहले 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने

सदन में दो दिनों से हो रही थी चर्चा की मांग

शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन हंगामे की वजह से सदन का कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा था। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खडग़े ने राज्य सभा में कहा ' एसआईआर की प्रोसेस के दौरान 12-13 लोगों की जान जा चुकी है। ये अर्जेंट मैटर है। फौरन चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष ने दोनों सदनों की कार्यवाही चलने नहीं दी।वोट चोर- ■ शेष पृष्ठ 6

8 दिसंबर को वंदे मातरम् और अगले दिन चुनावी सुधारों पर चर्चा

संसद के शीतकालीन सत्र में 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर 10 घंटे चर्चा होगी। बहस की शुरुआत पीएम मोदी करेंगे। वहीं अगले दिन 9 दिसंबर को इलेक्टोरल रिफॉर्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार, 10 दिसंबर को इसका जवाब देंगे।

पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है।

राज्यसभा में मणिपुर जीएसटी विधेयक-2025 पासः विपक्ष के वॉकआउट के बाद राज्यसभा ने मणिपुर जीएसटी विधेयक, 2025 को पारित किया गया है। यह लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। ■ शेष पृष्ठ 6

पीएमओ अब सेवा तीर्थ, देश भर के राजभवन लोकभवन कहलाएंगे

नई दिल्ली/वार्ता। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। सरकार के सूत्रों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। के अफसरों ने कहा, 'सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था।

क्यों बदला गया राज भवन का नाम?- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा।

78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से शिफ्ट होगा सेवातीर्थ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दफ्तर अब 78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से निकलकर 'सेवा तीर्थ० नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है। यह बदलाव सेंट्रल विस्टा री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का बड़ा हिस्सा है। 14 अक्टूबर को कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन सेवा तीर्थ-2 में सेना प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर चुके हैं।

अब जानिए क्या है सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट?-सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक कई इमारतों का री डेवलपमेंट और कंस्ट्रक्शन शामिल है। इसमें नया संसद भवन, मंत्रालय के कार्यालयों के लिए केंद्रीय सचिवालय, प्रधानमंत्री आवास, उप-राष्ट्रपति आवास का निर्माण किया जाना है। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की घोषणा सितंबर, 2019 में हुई ■ शेष पृष्ठ 6

क्रूरता माफ कर दें तो नहीं बनता तलाक का आधार

■ **हाईकोर्ट ने पति के तलाक की अपील खारिज की**

बिलासपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक दंपती के बीच विवाद में अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि सबूतों के अभाव में क्रूरता साबित नहीं होती और यदि कोई घटना हुई भी थी, तो पति ने उसे बाद में माफ कर दिया था। हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 23(1) के अनुसार यदि

क्रूरता माफ कर दी जाए तो तलाक का आधार नहीं बनता। जांजगीर निवासी व्यक्ति की शादी 11 दिसंबर 2020 को सरगांव निवासी महिला के साथ हुई थी। अक्टूबर 2022 को बेटी के जन्म के बाद दोनों के बीच तनाव बढऩे लगा। ■ शेष पृष्ठ 6

दितवाह तूफान का छत्तीसगढ़ में असर

रायपुर./नवप्रदेश। दितवाह तूफान का असर कमजोर होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि यह अवदाब में बदल गया है। दबाव कम होने के कारण बादल छाने और बारिश की संभावना बनती है. इसी कारण अगले दो दिन तक दक्षिण इलाकों में बारिश हो सकती है. वहीं अन्य इलाकों में तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है। हालांकि उसके बाद ठंडक में बढ़ोतरी होने के आसार है। पिछले 24 घंटों के दौरान बस्तर संभाग के एक-दो जगहों पर अति हल्की बारिश हुई।

साय कैबिनेट आज, वित्त-कृषि-ऊर्जा और उद्योग विभागों के एजेंडा होगे पेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक 3 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में यह बैठक मंत्रालय के मंत्रिपरिषद कक्ष में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र के कार्यक्रमों, प्रशासनिक फैसलों और कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बैठक में वित्त, अवसंरचना, कृषि, उद्योग,

ऊर्जा समेत अन्य प्रमुख विभागों के कई जरूरी एजेंडा पेश किए जाएंगे।

योजनाओं का होगा मूल्यांकनः राज्य में चल रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति ■ शेष पृष्ठ 6

23 से 25 जनवरी तक जुटेंगे देश के साहित्यकार

नवा रायपुर में 23 से 25 जनवरी तक 'रायपुर साहित्य उत्सव० का आयोजन होगा। जिसमें देश भर से 100 से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होंगे। इसी क्रम में सीएम विष्णु देव साय ने 'रायपुर साहित्य उत्सव० के लोगो का अनावरण किया। इस दौरान सीएम ने कहा- छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर पूरा प्रदेश रजत महोत्सव मना रहा ■ शेष पृष्ठ 6

रायपुर में आज खेला जाएगा ऐतिहासिक क्रिकेट मैच, दर्शक देखेंगे विराट-रोहित का रोमांचक खेल

नितेश छाबड़ा
खेल संवाददाता

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत एवं दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज का दूसरा एकदिवसीय मैच आज होने जा रहा है। यह छत्तीसगढ़ वासियो के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। यह सिर्फ एक मैच नहीं, अपितु छत्तीसगढ़ का खेलों के प्रति नजरिया और हम छत्तीसगढ़ वासियो की मेहमाननवाजी को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर भी होगा। हालांकि इससे पहले भी रायपुर में आईपीएल, चैंपियंस लीग ,रोड सेफ्टी सीरीज के साथ-साथ दो दफा अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन हो चुके हैं। पर अब की बार इस आयोजन का आभामंडल अलग दिख रहा। यह इसलिए कि इस स्टेडियम को राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अगले तीस वर्षों के लिए लीज पर सौंप दिया है। इससे स्टेडियम के प्रभावी कायाकल्प के दरवाजे खुल गए हैं। अब स्टेडियम में आईसीसी के मापदंड को अपनाते हुए विकास किया जाएगा। इससे अगले दिनों में टेस्ट मैच के आयोजन की भी राह खुलेगी।

दूसरा महत्वपूर्ण कारक यह है कि इस सीरीज में विराट और रोहित की जोड़ी पर सबकी नजरें लगी हुई हैं। ज़्यादा से ज़्यादा क्रिकेट प्रेमी विराट और रोहित को प्रत्यक्ष खेलते देखने का अवसर चूकना नहीं चाहते। इसीलिए पूरे प्रदेश में इस मैच की टिकटों को लेकर अच्छी खासी डिमांड है और ऑनलाइन बुकिंग खुलते ही मिनटों में सारी टिकटें बुक हो रही हैं। हर कोई रोहित-कोहली की जोड़ी से भावनात्मक तौर पर जुड़कर इस मैच में उन्हें मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करते देखना चाहते हैं।

क्या विशेष है इस मैच में

यह मैच व सीरीज भारत की एकदिवसीय विश्व कप तैयारियों के मद्देनजर भी महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ महीनों से लगातार विराट और रोहित के टीम में होने और 2027 विश्व कप तक उनके खेलने को लेकर चर्चा हो रही है। इस चर्चा में उनकी आलोचना भी शामिल है। विराट-रोहित की जोड़ी ने अपने जबरदस्त प्रदर्शन के दम पर आलोचना पर तो विराम लगाया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के खेल प्रेमी दो विश्व स्तरीय टीमों की जबरदस्त प्रतिस्पर्धा को भी सामने से देखना चाहेंगे। हमारे क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में एक एक रन को भी चीयर करते हैं। ऐसे में रोहित शर्मा के छक्के और विराट के हर चौके उन्हें किस कदर रोमांचित करेंगे और वे शोर लेवल कितना ऊंचा हो जाएगा, इसे देखना भी काफी दिलचस्प होगा।

रायपुर के दर्शक कुलदीप की चाइनामैन की कला, जाडेजा और वाशिंगटन सुंदर के हरफनमौला खेल का भी अविस्मरणीय प्रदर्शन देखेंगे। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल की बड़ी पारी की उम्मीद भी है। साथ ही ये दक्षिण अफ्रीकी टीम के एडन मार्करम, क्विंटन डिकॉक, डी जॉर्जी, ब्रेविस और मार्को यांसेन की पॉवर हिटिंग भी देखेंगे। रांची के वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने दिखाया है कि वे कितने खतरनाक साबित हो सकते हैं। घरेलू टेस्ट सीरीज में उन्होंने भारतीय टीम को जिस अंदाज से मात दी है, उसे भुलाना मुश्किल है। रायपुर का मैच जीतकर अगर भारतीय टीम अजेय बढ़त हासिल कर लेती है तो यह टेस्ट सीरीज की हार के ज़ख्मों पर मरहम साबित होगा। इसके अलावा यह अवसर है रायपुर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मानचित्र पर स्थापित करने का। इससे आने वाले समय मे और अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी के अवसर खुलेंगे। इस आयोजन में दक्षिण अफ्रीका की टीम और उनके परिजन, देश विदेश के मीडिया कर्मी तथा क्रिकेट जगत से जुड़ी हुई कई बड़ी हस्तियां एवं समीक्षक शामिल होंगे। हमारे खेल प्रेमियों के लिए भी यह एक अवसर होगा, अपने राज्य की सभ्यता एवं संस्कृति से इन सभी को सद्भावना पूर्वक परिचय कराने का। साथ ही अनुशासित व्यवहार कर उन्हें यह एहसास कराना होगा कि छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया होता है। मैदान में हमारे दर्शक तिरंगे झंडे एवं खिलाड़ियों की ■ शेष पृष्ठ 11 पर

नव प्रदेश छत्तीसगढ़

बिलासपुर, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

बस्तर के विकास को नई रफ़्तार...

जगदलपुर- रावघाट रेल लाइन के सीमांकन में आई तेजी, 2026 तक निर्माण का लक्ष्य

जगदलपुर। बस्तर के दुर्गम आदिवासी इलाकों को पहली बार रायपुर से सीधे जोड़ने वाली 140 किलोमीटर लंबी जगदलपुर- रावघाट रेललाइन का सीमांकन काम शुरू हो गया है। कार्य की शुरुआत जगदलपुर की ओर से की गई है जिसमें पल्ली,कुडकानार,करकापाल और बालेंगा क्षेत्रों में सीमांकन हो गया है। जिसके चलते जगह- जगह लाल चिन्ह दिखाई दे रहे हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक इस विशाल परियोजना को तेज गति से पूरा करने के लिए दो- तीन स्थानों से एक साथ निर्माण शुरू करने की रणनीति अपनाई गई है। पहले चरण में राजहरा- रावघाट (95 किमी) खंड का काम तेज है, जिसका लक्ष्य मार्च 2026 तय किया गया है। यह लाइन न सिर्फ संपर्क का नया मार्ग बनाएगी,बल्कि बस्तर की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

रावघाट रेललाइन के लिए सीमांकन का कार्य शुरू

2026 तक निर्माण शुरू करने के लक्ष्य

रावघाट क्षेत्र में सेल को 2,880 हेक्टेयर आयरन-ओर खदानें आवंटित हैं। रेललाइन बन जाने से अयस्क ढुलाई सरल होगी, जिससे भिलाई स्टील प्लांट की 10 मिलियन टन क्षमता वृद्धि को आवश्यक सहारा मिलेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार, परिवहन सुविधा, और औद्योगिक विकास में सीधी वृद्धि होने की संभावना है।मई 2025 में रेलवे बोर्ड से 3,513 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद पुराने ठहराव टूट चुके हैं। दो अधिकृत कंपनियां वन क्षेत्रों में चिन्हांकन पूरा कर मार्च 2026 तक निर्माण शुरू करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही हैं।

2029-30 तक रेल सेवा हो जाएगी शुरू

यह प्रगति वहीं पुराने दौर का स्मरण भी है जब बीआरपीएल के कारण परियोजना रुक गई थी। अब केंद्र-राज्य की संयुक्त कमेटी के तहत बस्तर, माओवादी हिंसा से मुक्ति के 2026 लक्ष्य के साथ,रेल नेटवर्क से जुड़ने के निर्णायक मोड़ पर है। अनुमान है कि 2029- 30 तक जगदलपुर से रायपुर रेल सेवा सुचारु रूप से शुरू हो जाएगी।

बस्तर की रेल क्रांति का नया दौर

जगदलपुर-रावघाट रेललाइन का सीमांकन तेज होने से बस्तर में रेल कनेक्टिविटी के नए युग की शुरुआत मानी जा रही है। पल्ली,कुडकानार,करकापाल और बालेंगा जैसे आदिवासी इलाकों में तेजी से दिख रहे चिन्हांकन इस परियोजना के धरातल पर उतरने की पुष्टि कर रहे हैं। 3,513 करोड़ की स्वीकृति, मार्च 2026 तक निर्माण प्रारंभ करने का लक्ष्य, राजहरा-रावघाट खंड में तेजी से चल रहा कार्य,रावघाट खदानों से अयस्क ढुलाई में मिलने वाली सुविधा,और भिलाई स्टील प्लांट की विस्तार योजना ये सभी मिलकर बस्तर के आर्थिक पुनरुत्थान को नई ताकत दे रहे हैं। साथ ही 2029-30 तक जगदलपुर-रायपुर रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद ने इस परियोजना को बस्तर के विकास का सबसे बड़ा मोड़ बना दिया है।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर नारी की सात शक्तियों पर हुआ सारगर्भित विमर्श

जगदलपुर। श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, कगोली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 29 नवंबर 2025 को 'सप्तशक्ति संगम' महिला सम्मेलन का आयोजन भावपूर्ण और प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नारी में निहित सप्त शक्तियों- कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा के जागरण एवं समाज में उनकी गरिमामयी भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ, विभाग संयोजिका कामना वर्मा ने सम्मेलन की प्रस्तावना व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य विषय 'पंच परिवर्तन' पर अतिथियों ने क्रमवार सारगर्भित वक्तव्य दिए, जिनमें यह महत्वपूर्ण आयाम शामिल रहे- कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका, नागरिक कर्तव्य।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, साथ ही समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रेरक महिलाओं का सम्मान समारोह भी हुआ। सम्मानित क्षेत्रों में समाज सेवा, साहित्य, पर्यावरण संरक्षण, और संयुक्त परिवार व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

सोने का नकली बिस्किट दिखाकर ठगी: 10 लाख में हुआ था सौदा

■ **एडवांस में लिया 10 हजार, तीन आरोपी गिरफ्तार**

जशपुर। जशपुर जिले की पुलिस ने नकली सोने का बिस्किट दिखाकर ठगी की कोशिश करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फरियादी को साढ़े चार सौ ग्राम का नकली सोने का बिस्किट दिखाकर 10 लाख रुपए में सौदा तय किया और एडवांस के तौर पर 10 हजार रुपए ले लिए थे। संदेह होने पर फरियादी ने सोने की जांच कराई, जो नकली निकला। इसके बाद इसकी सूचना लोदाम पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर कलाम खान, शंकर लाल भगत और बिहारी तिर्कीकृ को गिरफ्तार किया है। साथ ही नकली बिस्किट, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार को भी जब्त कर लिया है। वही मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि बीएनएस की धारा 318(4) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई जारी है।

ट्रक ड्राइवर से लूटपाट

इधर, जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कार सवार 6 नकाबपोश बदमाश ट्रक चालक से 13 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बता दें कि, ट्रक ड्राइवर गुड़ व्यपारी का से कलेक्शन करके पैसे ला रहा था।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि, झारखंड रॉंची से ट्रक क्रमांक CG 14 MT 6190 जशपुर सिटी कोतवाली के बालाछापर के पास ट्रक रोककर लघुशंका के लिए उतरा था। इस दौरान कार सवार 6 नकाबपोश बदमाश ड्राइवर को मारपीट कर गोली मारने की धमकी देने लगे। जिसके बाद बदमाश ट्रक में रखे 13 लाख रुपये लूट ले गए।

दोनों एंगल से जांच कर रही पुलिस

ड्राइवर पत्थलगांव के गुड़ व्यपारी का कलेक्शन का 13 लाख रुपये लेकर लौट रहा था। जिसे अब बदमाश लूटकर ले गए। हालांकि पुलिस अधीक्षक का कहना है कि, ड्राइवर के बयान पर विरोधाभास लग रहा है जिसके कारण पुलिस दोनों एंगल पर जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामले की सही जानकारी सामने आयेगी।

विशेष न्यायाधीश ने सुनाया बड़ा फैसला

प्रकरण में आरोपी को 5 वर्ष कारावास

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। विशेष न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी की अदालत ने 6 किलो 160 ग्राम अवैध गांजा रखने के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी रविदास वैष्णव को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को स्वापक औषधि तथा मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 20(b)(ii)(B) के तहत 05 वर्ष का कठोर कारावास तथा 50,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 03 माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। मामला 03 जुलाई 2020 का है, जब फुलपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक काले रंग के बैग में गांजा रखकर बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर उप निरीक्षक एवं टीम मौके पर पहुँची, जहां संदिग्ध रविदास वैष्णव को रोककर पूछताछ की गई। तलाशी लेने पर उसके बैग से 06 पैकेट में पैक किया हुआ गांजा मिला, जिसका कुल वजन 6 किलो 260 ग्राम पाया गया। हालांकि शुद्ध गांजे का वजन 6 किलो 160 ग्राम निकला। पुलिस ने मौके पर ही विधिवत् पंचनामा कार्रवाई करते हुए गांजे का सैंपल तैयार किया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जांच एवं परीक्षण के बाद यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी के पास पाया गया मादक पदार्थ व्यावसायिक मात्रा का है, जो NDPS एक्ट के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। काफी समय तक चले न्यायिक विचारण के बाद विशेष न्यायाधीश शैलेश तिवारी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत निर्णय सुरक्षित किया और 01 दिसंबर 2025 को फैसला सुनाया।

फिंगेश्वर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

■ **ट्रैक्टर से हो रहा था अवैध सागौन परिवहन, तीन गोला जब्त**

राजिम/नवप्रदेश। फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र की टीम ने अवैध लकड़ी तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर से ले जाए जा रहे कीमती सागौन लकड़ी के तीन नग गोलों को जप्त किया है। यह कार्रवाई 29 नवंबर की रात करीब 12:20 बजे सोरिद - टेवारी मार्ग पर की गई, जब वन अमले को अवैध परिवहन की सूचना मिली। मौके पर पहुंची टीम ने घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रोक लिया। ट्रैक्टर (सोलिस मॉडल 4515, नई लाल रंग) और बिना नंबर की ट्रॉली को तत्काल जप्त कर लिया गया। जांच में पाया गया कि ग्राम सोरिद निवासी धनीराम पिता कलीराम निषाद ट्रैक्टर के माध्यम से कीमती सागौन गोलों का अवैध परिवहन कर रहा था। जप्त लकड़ियों का कुल बाजार मूल्य लगभग 70,000 रुपये आंका गया है। वन विभाग ने मामले में आरोपी के खिलाफप्रकरण क्रमांक 1167/09 दर्ज करते हुए भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 140 के तहत कार्रवाई की है। वन विभाग की इस तत्परता से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों में हड़कंप मचा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध वन माफिया पर लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उरला में पेट्रोल पंप के पास आधी रात हत्या

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र के गुमा मेन रोड स्थित सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास रवि-सोमवार की आधी रात धारदार हथियार मारकर 24 वर्षीय एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक मप्र के डिंडौरी का रहने वाला था और यहां क्यों आया था, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हत्या की वजह और हत्यारों का भी पुलिस अभी सुराग नहीं लगा पाई है। पीएम विजिट के मद्देनजर एक हफ्ते से एलर्ट और व्यस्त पुलिस ने रविवार शाम-रात वीवीआईपी के लौटते ही राहत की सांस ली लेकिन इसी रात हत्याकांड की सूचना आ गई। जनपद सदस्य ने देखी सड़क पर लहूलुहान लाश एफआईआर के मुताबिक शनि-रवि की रात 12.05 बजे पेट्रोल पंप के पास गुमा निवासी जनपद सदस्य रूपेन्द्र साहू और उनके साथी चंद्रेश साहू ने लहूलुहान हालत में सड़क किनारे पड़े युवक को देखा। डायल 112 के जरिये उरला पुलिस को सूचना दी गई। युवक को एम्स ले जाने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। मृतक की पीठ पर किसी नुकीले हथियार से हमले के निशान हैं।

अबूझमाड़ के जंगल में भालू का हमला

■ **जवानों ने घायल ग्रामीण को बचाया**

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर पुलिस की नकारात्मक छवि सुर्खियों में रहती है, लेकिन अबूझमाड़ जैसे इलाकों में लंबे समय तक काम करने वाले जवान कई बार सराहनीय कार्य भी करते हैं, जो सामने नहीं आ पाते। इसी बीच एक फोटो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें नारायणपुर के अंदरूनी इलाके में एक ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। सर्चिंग पर निकले जवानों ने न केवल उसे बचाया, बल्कि प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भी भेजा। बताया गया कि एक ओर मिशन 2026 के लिए जवान लगातार मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नारायणपुर में नक्सलियों से जूझते हुए उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए भालू के हमले से घायल ग्रामीण का सफल रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई और सुरक्षित कैंप तक पहुंचाया। अबूझमाड़ में सुरक्षा बल के जवान नक्सल भय से ग्रामीणों को मुक्त कराने के साथ-साथ जंगली जानवरों से बचाकर उनका इलाज भी कर रहे हैं।

कोयले की हेराफेरी : सुपरवाइजर ने की शिकायत

दो ट्रेलर चालकों पर आरोप, औचक निरीक्षण में खुलासा

रायगढ़। रायगढ़ जिले में दो ट्रेलर चालक ने कोयला में स्लेग एवं डस्ट मिश्रण कर हेरा फेरी करने के बाद फरार हो जाने का मामला सामने आया है। आर.के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्सन प्रा. लिमिटेड के सुपरवाइजर की रिपोर्ट के बाद पुलिस दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार आर.के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्सन प्रा. लिमिटेड के सुपरवाइजर दिनेश कुमार चौहान ने तमनार थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह जिंदल पावर लिमिटेड तमनार में उनके ट्रांसपोर्ट कार्य में लगे वाहनों का देखरेख करता है। दिनेश ने बताया कि 27 एवं 30 अक्टूबर को दीपका खदान कोरबा से ट्रेलर में 36490 मिट्रीक टन कोयला एवं ट्रेलर वाहन में 39280 मिट्रिक टन कोयला लोड कर दोनों ट्रेलर चालक जिंदल पावर प्लांट के लिए निकले और दोनों गाड़ियां जेपीएल प्लांट में घुसकर कोयला खाली कर दिया।

दोनों के खिलाफ हुआ एफआईआर

आर.के.ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्सन प्रा. लिमिटेड के सुपरवाइजर दिनेश कुमार चौहान की रिपोर्ट के बाद कल तमनार पुलिस दोनों ट्रेलर चालक सावन एवं दीपक के खिलाफ धारा 3(5), 316(3)के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया है।

एक वाहन छोड़कर तो दूसरा वाहन सहित हुआ फरार

दिनेश ने बताया कि ट्रेलर क्रमांक सी.जी. 10 बी.आर. 6751 जेपीएल कंपनी तमनार के अंदर खड़ी है, इसका चालक सावन फरार हो गया है। तथा ट्रेलर वाहन क्र. सी.जी. 10 बी.एस. 5338 का चालक दीपक वाहन को लेकर फरार हो गया है।

निरीक्षण में मिला मानक स्तर से कम

31 अक्टूबर को जिंदल प्रबंधन के अधिकारियों के द्वारा औचक निरीक्षण करने पर दोनों गाड़ियों के गिराए गए कोयला अपने मानक स्तर से कम मिला,कोयला के साथ स्लेग व डस्ट मिलकर ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बी.आर. 6751 के चालक सावन तथा ट्रेलर क्रमांक सी.जी. 10 बी.एस. 5338 के चालक दीपक ने खाली किया था।

जीपीएम: नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म से सनसनी, गिरफ्तार

■ **पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

गौरेला पेंड्रा मरवाही। पेंड्रा थानाक्षेत्र में शनिवार को नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात ने सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार स्थानीय बाजार में ज्वेलर्स की दुकान चलाने वाला अधेड़ आरोपी गुलाब सोनी ने शनिवार को बाजार बंद होने और आसपास सुनसान स्थिति का फायदा उठाते हुए नाबालिग छात्रा को बहलाफुसलाकर अपने घर के भीतर बुलाया और उसके साथ अश्लील कृत्य करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

घटना के बाद छात्रा घबराई हालत में अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों और पीड़िता पेंड्रा थाने पहुचकर शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद पेंड्रा पुलिस तुरंत हरकत में आई और आरोपी को हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी गुलाब सोनी पहले भी हत्या के एक प्रकरण में सजा काट चुका है, जिससे उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि की पुष्टि होती है। फिलहाल इस मामले में पेंड्रा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कई गंभीर धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

एयू में अनियमितता, आर्थिक दोहन व दीक्षांत समारोह में लाखों रुपए के दुरुपयोग का आरोप

एनएसयूआई ने नुक्कड़ सभा व बाजे-गाजे के साथ एयू व उच्च शिक्षा विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं, छात्रों से हो रहे आर्थिक दोहन और दीक्षांत समारोह जैसी औपचारिकताओं के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये के दुरुपयोग के खिलाफ एनएसयूआई ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध रंजेश सिंह, एनएसयूआई प्रदेश सचिव के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा और बाजे-गाजे के साथ आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य गूंगी-भैरी बनी यूनिवर्सिटी प्रबंधन और उच्च शिक्षा विभाग को सच का आईना दिखाना था।

एनएसयूआई द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार, विश्वविद्यालय प्रबंधन दीक्षांत समारोह जैसे कार्यक्रमों में मनमानी कर भंडार क्रय नियमों की खुली अवहेलना कर रहा है। स्थाई कुलसचिव की नियुक्ति के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार कर मनमर्जी से कार्य किए जा रहे हैं, जिससे छात्रहित का नुकसान हो रहा है और कुछ चुनिंदा लोगों को अनुचित लाभ पहुँचाया जा रहा है। एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों में बड़े स्तर की अनियमितताएँ सामने आई हैं। पहले बिना निविदा प्रकाशित किए टेंडर जारी कर दिया गया। एनएसयूआई के तत्काल विरोध और दबाव के बाद महज 48 घंटे के लिए निविदा प्रकाशित की गई, जबकि नियमानुसार किसी भी निविदा का प्रकाशन कम से कम 21 दिन के लिए अनिवार्य है। इतना ही नहीं, टेंडर की अंतिम तिथि समाप्त होने से पहले ही डोम (टेंट) लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे स्पष्ट है कि टेंडर पहले से तय व्यक्ति या संस्था को ही देने की तैयारी थी। अन्य संबंधित कार्यों के लिए भी कोई वैध प्रक्रिया अपनाए जाने के प्रमाण नहीं मिले हैं।

एनएसयूआई के विरोध प्रदर्शन के दौरान कुलसचिव डॉ. तारनीश गौतम स्वयं बाहर आए और उन्होंने हुई गलतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य में सभी प्रक्रियाओं का पूर्णतः पारदर्शिता के साथ पालन करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि नियमों के पालन में जिन भी अधिकारियों या समिति सदस्यों से त्रुटि हुई है, उन सभी पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद एनएसयूआई ने शांतिपूर्वक कार्यक्रम समाप्त किया, किंतु स्पष्ट चेतावनी दी कि छात्रहित के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मांगें पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

एनएसयूआई ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी अनियमितताओं पर रोक नहीं लगाता, छात्रहित में निर्णय नहीं लेता और छात्रों के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित नहीं करता, तो आंदोलन आगे और उग्र रूप लेगा। छात्र संगठन ने स्पष्ट कहा कि वे आवश्यकता पड़ने पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपते हुऐ रंजेश सिंह प्रदेश सचिव एनएसयूआई, पुष्पराज साहू, करन यादव, राजा खान, ओमप्रकाश बंजारे, पंकज सोनवानी, विशु साहू, अंशु गोस्वामी, हरदेव साहू, सुदामा साहू, गौकरण, भूमिकाराज, अक्षय त्रिपाठी, सुमित कुमार., शशांक भार्गव, अभिजीत साहू, अंशु समेत सैकड़ो छात्रनेता व छात्र मौजूद रहें।

न्यूज गैलरी

मोबाइल, मंगलसूत्र व नकदी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कमरे की खुली खिड़की से अज्ञात व्यक्ति ने 6 हजार नकद, मोबाइल व सोने का मंगलसूत्र चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो आरोपियों को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरकंडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे में चोरी के दो प्रकरणों का पर्दाफाश किया है। पुलिस के अनुसार 30 नवंबर को प्रार्थी प्रकाश यादव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 10 नवंबर की रात उसके कमरे की खुली खिड़की से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 6000 नगद, विओ मोबाइल, एवं सोने का मंगलसूत्र (कुल 51,675) चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर अप.क्र. 1645/25 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार प्रार्थी लालाराम केंवट ने रिपोर्ट किया कि 05 अक्टूबर को वह घर में ताला लगाकर ई-रिक्शा चलाने गया था। वापस आने पर उसने देखा कि कमरे से मोबाइल, 5000 नगद, व सोने-चांदी के आभूषण (कुल 60,000) चोरी कर लिए गए हैं। मामले में अप.क्र. 1646/25 दर्ज किया गया। दोनों प्रकरणों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल पतासाजी प्रारंभ की गई। 01 दिसंबर को सूचना मिली कि दो युवक खमतराई काली मंदिर के पास संदिग्ध रूप से मोबाइल बेचने के प्रयास में हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता से दबिश देकर संदेही शिवराज यादव व उसके नाबालिग साथी को हिरासत में लिया।

कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

कोटवार के खिलाफ अवैध कब्जे की शिकायत स्कूल में अतिरिक्त शौचालय निर्माण की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत निपनिया के किसानों ने ग्राम कोटवार के द्वारा किसानों के आने जाने वाले रास्ते व कोटवारी जमीन के अलावा उसके आसपास के सभी शासकीय भूमि में किये गये बेजा कब्जा को तोड़वाने की मांग की। कलेक्टर ने इस मामले की जांच करने के निर्देश एसडीएम बिल्हा को दिए। आज ग्राम लिमतरी के पूर्व उप सरपंच विनोद कुमार कौशिक ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमतरी में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप अतिरिक्त शौचालय भवन का निर्माण कराये जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्राम लिमतरी के शासकीय विद्यालय विद्यार्थियों की संख्या अत्यधिक होने के कारण अतिरिक्त शौचालय भवन की आवश्यकता है। कलेक्टर ने उनका ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन में बिलासपुर के लव यादव ने कलेक्टर को ट्राई साइकिल दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने इस संबंध में समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। बिल्हा विकासखण्ड के मनोज पांडेय ने बिटकुली सोसायटी में रबी फसल के लिए गेंहू, बीज और खाद नहीं मिलने की शिकायत की। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को आवेदन प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

पीएम आवास की किश्त राशि दिलाने की मांग

ग्राम हाफा निवासी हीरालाल महिलांगे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली किस्त की राशि दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत आवास की पूरी किस्त की राशि उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। शेष राशि के लिए उन्होंने पूर्व में आवेदन दिया था परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

नर्सिंग छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजकुमार उपाध्याय समाज सेवक के द्वारा 92 नर्सिंग छात्राओं को निःशुल्क ड्रेस,कॉपी वितरण किया गया। राजीव गांधी चौक स्थित विगत वर्षों से संचालित कौशल प्रशिक्षण संस्था आगाज एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी जिसमें जनरल ड्यूटी नर्सिंग असिस्टेंट का कोर्स कराया जाता है जिसमें पांच विद्यार्थियों को राजकुमार उपाध्याय द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। यह जनरल ड्यूटी असिस्टेंट दसवीं पास वह सभी सब्जेक्ट से उत्तीर्ण विद्यार्थी कोर्स का लाभ ले सकते हैं। श्री उपाध्याय ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पढ़ाई और हॉस्पिटल ट्रेनिंग अच्छे से करने की आग्रह उनके द्वारा किया गया। साथ उपस्थित अभिषेक शर्मा समाज सेवक बच्चों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने व किसी भी प्रकार की सहायता हेतु वह इस कार्यक्रम में उपस्थिति संस्था प्रमुख खिलेश्वर शर्मा शिक्षिका देव प्रिया भगत, नेहा खलखो व संस्था के सभी विद्यार्थी उपस्थित होकर लाभ प्राप्त किया।

रील्स से भविष्य चौपट न होने दें, एक माह मोबाइल नियम अपनाएं: सुशांत

■ **मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो व मेडल देकर किया सम्मानित**

सीपत/नवप्रदेश। विरानी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल, सीपत में मंगलवार को वार्षिक खेल दिवस का भव्य समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट के साथ स्वागत किया। मंच पर पहुंचते ही उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कबड्डी मैच में उन्होंने खुद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सिक्का उछालकर सिटी बजाते हुए मैच की शुरुआत कराई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जनपद सदस्य देवेश शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री हरिकेश गुप्ता मौजूद रहे।

विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि सीपत क्षेत्र का यह विद्यालय सीमित संसाधनों में भी शिक्षा का दीप जलाए हुए है। यह केवल पढ़ाई नहीं, पुण्य का कार्य है। विद्यालय परिवार व शिक्षकों की यह निष्ठा सराहनीय है। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को तकनीक के सही उपयोग का संदेश देते हुए कहा कि आज बच्चे मोबाइल को बेडरूम तक ले जा रहे हैं। मोबाइल पारिवारिक जीवन को नष्ट कर रहा है। तकनीक बढ़ने के लिए है, जीवन को बिगाड़ने के लिए नहीं। सोशल मीडिया का उपयोग जागृति के लिए होना चाहिए, विकृतियों के लिए नहीं। सुशांत शुक्ला ने कहा कि यदि अभिभावक और बच्चे मिलकर एक माह मोबाइल उपयोग का अनुशासन अपनाएं तो बड़ा परिवर्तन संभव है। रात में रील देखोगे तो सुबह स्कूल देर से जाओगे। मोबाइल की आदत छोड़ोगे तो दिनचर्या सुधरेगी, ऊर्जा बढ़ेगी और पढ़ाई में ध्यान लगेगा।

शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत

अतिथियों ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को ट्राफी, मोमेंटो और मेडल पहना कर सम्मानित किया। मंच पर एनटीपीसी इंटक यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सलीम वीरानी और विद्यालय की प्राचार्या तारागिरी भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का सुंदर संचालन प्रदीप पांडेय व रितु डोंगरे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

सवा 2 लाख का अवैध धान जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस क्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जांच टीम ने दो स्थलों पर छापामार कार्रवाई कर 2.13 लाख रूपए के अवैध धान जब्त किये। आरोपियों के विरूद्ध मण्डी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि दो संस्थाओं में 172 बोरी (69 क्विंटल) धान बरामद किया गया है।

जमीन रजिस्ट्री दर में वृद्धि को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में आज आज पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के द्वारा की आम आदमी पार्टी के बैनर तले, बिलासपुर जिले में आज 2 दिसंबर को जमीनों के रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों में बेतहाशा 500 से 1000% वृद्धि के विरोध एवं लंबे समय से रजिस्टी में लगे बैन एवं घूस लेकर काम करने के सम्बन्ध में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बिलासपुर के रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर वित्त मंत्री ओपी चौधरी और बीजेपी सरकार के विरोध में मुर्दाबाद के नारे लगे, ओपी चौधरी का फोटो जलाकर जमीनी सम्बन्धी नियमों और विभाग में चल रही घूसखोरी के विरोध में विरोध किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष भानु चंद्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला शुक्ला, लोकसभा अध्यक्ष ईश्वर चंदेल, लोकसभा उपाध्यक्ष संजय गढ़वाल,समेत जिले के साथी जिला उपाध्यक्ष संतोष बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष परदेसी राट्रे, वार्ड 23 की छाया पार्षद रेहाना खातून, बिलासपुर विधानसभा प्रभारी कुणाल खंडे, मीडिया प्रभारी इरफान सिद्दीकी, सोशल मीडिया प्रभारी विवेक यादव, शंकर कश्यप, धनंजय कश्यप, संजय अग्रवाल, महिला विंग से चिंतादेवी सिंग समेत अन्य साथी उपस्थित रहे।

धान मंडी से 15 दिन काम कराकर हटाए ऑपरेटरों में आक्रोश

बिलासपुर/नवप्रदेश। धान मंडी केंद्र में कार्य से निकाले गए नवीन कंप्यूटर ऑपरेटरो ने जिला कलेक्टर बिलासपुर को अपनी तीन सूत्रीय मांग को निराकरण करने को लेकर आज ज्ञापन दिये उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया है कि 15 नवंबर को जिला-बिलासपुर में एक कंपनी जिसका नाम है के द्वारा हम नवीन कंप्यूटर ऑपरेटर्स को धान मंडी केंद्र में धान खरीदने हेतु नियुक्त किया गया था। जॉइनिंग से पूर्व लगभग छः महीने कार्य करने हेतु आश्वासन दिया गया था परन्तु 15 दिवस के उपरान्त ही हमे उस कंपनी से निकाल दिया गया।

मांगो को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

करने वाले सभी 140 ऑपरेटर जो पूर्व में कर रहे कार्य को छोड़कर इस कार्य को करने हेतु नियुक्त हुए थे वे अब पूर्ण रूप से बेरोजगार हो चुके है। इनके वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था की जाए। इन्होंने दिये गये आवेदन में अपनी शिकायत में तीन बिंदुओं में मांगे रखी है जिनमे बाम्बे इंटरग्रेटेड सिक्यूरिटी (इन) लिमिटेड जॉइन बीआईएस कंपनी का टेंडर निरस्त किया गया इसकी सुचना आज तक हमे नहीं दी गयी। यह कि हमे छः माह की वेतन मुआवजे के रूप में प्रदान की जाए ताकि हमे नए रोजगार खोजने में सहायता मिल सके। देखा जा रहा है कि लगभग 140 ऑपरेटरों को जिला पंचायत में बकायदा ट्रेनिंग के उपरांत मंडियों में नियुक्त किया गया था वही इन्हें 6 माह तक रखने का आश्वासन दिया गया पर अचानक उन्हें 15 दिवस में ही कार्य से अलग कर दिया गया दुखद पहलू इसमें यह है कि इन आपरेटरों में कई ऐसे ऑपरेटर है जो कहि कहि अपनी नौकरी छोड़कर आये थे ऐसे में इन्हें बाहर करने से इनके और इनके परिवार पर भारी आर्थिक समस्या आ गई है ।

बिलासपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली में आज आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। साहू ने बैठक में विगत दो तिमाहियों की कर्तव्य विवरण की पुस्तिका प्रस्तुत किया तथा बिलासपुर एयरपोर्ट में सेना की भूमि और सुविधाओं के उन्नयन का मुद्दा उठाया। उन्होंने एयरपोर्ट के विस्तार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत करने हेतु रक्षा मंत्रालय के सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

पर्यावरण

अरपा अर्पण महाअभियान ने निगम आयुक्त से की हस्तक्षेप की मांग

अरपा नदी में ठहरे व नाली का पानी जाम, प्रदूषण से लोग परेशान

बिलासपुर/नवप्रदेश। अरपा अर्पण महाअभियान 'जन आंदोलन' ने अरपा मैया की बिगड़ती स्थिति पर तीखी चिंता जताते हुए नगर निगम आयुक्त से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। अभियान के अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अरपा नदी में रुके हुए पानी, गंदे नालों के सीधे प्रवाह और मिट्टी भराव के कारण जल एवं वायुमंडलीय प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है।

महाअभियान ने बताया कि जूना बिलासपुर और शिवघाट सरकंडा में एनीकट निर्माण शुरू होने से लेकर अब तक लगातार पत्र और मुलाकातों के माध्यम से निगम प्रशासन को आगाह किया गया कि बहता हुआ पानी ही नदी को शुद्ध रख सकता है। रेत उत्खनन के बाद नदी तल में केवल मिट्टी बच गई है और ऊपर से शहर की नालियाँ सीधे अरपा में गिर रही हैं, जिससे नदी का पानी काला, बदबूदार और कचरे से भर गया है। रामसेतु मार्ग से गुजरने पर बदबू असहनीय हो चुकी है और अरपा अब नाले का रूप लेती दिख रही है। अभियान ने स्पष्ट कहा कि अरपा मैया को बचाने और शहर को स्वस्थ रखने के लिए एसटीपी का संचालन ही एकमात्र रास्ता है। जन आंदोलन ने पूर्व में भेजे गए पत्र क्रमांक 20 दिनांक 06.11.2025 का उल्लेख करते हुए पुलों पर जाली लगाने की भी मांग दोहराई है, ताकि लोग नदी में कचरा न फेंक सकें।

बीमारियों का खतरा बढ़ा

अभियान ने चेताया कि शनिचरी एनीकट से लेकर शिवघाट एनीकट तक जलकुंभी फैलने के हालात बन चुके हैं। गंदे व स्थिर पानी में मच्छरों का लार्वा तेजी से पनप रहा है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। महाअभियान का कहना है कि बिलासपुर शहर के अधिकांश नलकूप और बोरिंग का जलस्त्रोत अरपा नदी ही है। नदी में घुलता सीवरेज जलस्तर को दूषित कर रहा है और बोर के माध्यम से यह दूषित पानी घरों तक पहुंचकर डायरिया व अन्य पेट संबंधी बीमारियों का कारण बन सकता है।

सुविचार

यह मत देखो कि कौन आपसे आगे है या पीछे, यह देखो कि कौन आपके साथ है और आप किसके साथ हैं? - अज्ञात

शीतकालन सत्र में शीत युद्ध

संसद के शीतकालीन सत्र में पहले ही दिन प्रथम ग्रासे मच्छिका भाते वाली कहावत चरितार्थ हो गई जब संसद सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने एसआईआर को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। नजरतन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार बार बाधित हुई और फिर पूरे दिन के लिए दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके पूर्व परंपरा अनुसार सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें सभी राजनीतिक पार्टियों के सांसदों से आग्रह किया गया था कि वे सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करें। इस पर सभी पार्टियों ने सहमति जताई थी लेकिन संसद की कार्यवाही शुरू होते ही उन्होंने हंगामा खड़ा करना शुरू कर दिया। एसआईआर को लेकर विपक्ष तत्काल चर्चा कराने की मांग पर अड़ा हुआ है। जबकि सरकार का कहना है कि वह एसआईआर सहित सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन इन पर चर्चा नियमानुसार ही कराई जाएगी। किन्तु विपक्ष अपनी जिद पर ही अड़ा हुआ है। गौरतलब है कि संसद के पिछले सत्र में भी एसआईआर को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जमकर तकरार हुई थी। और इसी वजह से सदन की कार्यवाही में व्यवधान पड़ा था। इस बार भी विपक्ष द्वारा इसी मुद्दे को लेकर हंगामा करने की आशंका थी और इसे के मद्देनजर संसद सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद परिसर में पत्रकारों के साथ चर्चा के दौरान कहा था कि विपक्ष सदन में सकारात्मक भूमिका निभाए। बिहार विधानसभा में मिली पराजय की हताशा को न निकाले क्योंकि सदन में ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए। पीएम मोदी की यह नसीहत भी विपक्ष को चुभ गई और उन्होंने संसद के पहले ही दिन सदन में वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए शोरगुल मचाना शुरू कर दिया और फिर सदन से बर्हिगमन करके संसद परिसर में जाकर प्रदर्शन करना प्रारंभ कर दिया। दूसरे दिन भी दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। इस बारे में ससंदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार एसआईआर और चुनावी सुधारों पर चर्चा से पीछे नहीं हट रही है लेकिन विपक्ष इसके लिए समय सीमा थोपने की जिद न करें। कुल मिलाकर एसआईआर के मुद्दे को लेकर शीतकालीन सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच शीत युद्ध शुरू हो गया है जिसके चलते यह सत्र भी जिसमें सिर्फ 15 बैठकें होनी है और एक दर्जन विधेयकों पर चर्चा होनी है वह भी हंगामों की भेंट चढ़ सकता है। यह ठीक है कि सदन को सुचारू रूप से चलाना सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है लेकिन विपक्ष को भी सदन की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए यदि विपक्ष अपने अडियल रवैये को नहीं छोड़ेगा तो सरकार क्या कर सकती है। बेहतर होगा कि सत्तापक्ष और विपक्ष मिलकर सदन में जारी गतिरोध को दूर करें और सदन की कार्यवाही को चलने दें।

नक्सली उन्मूलन में सफलता बड़ी उपलब्धि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राजधानी रायपुर में संपन्न हुई पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ में नक्सली उन्मूलन में सरकार को जो सफलता मिली है उसकी सराहना होना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। गौरतलब है कि देश के जिन मुट्ठीभर इलाकों में अभी भी नक्सली हिंसा हो रही है उसमें छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र भी शामिल है। जहां केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से नक्सलियों के खिलाफ अभियान लगातार तेज हो रहा है और एक के बाद एक कुख्यात नक्सली मारे जा रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलियों के लिए बनाई गई आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसर्पण करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। नक्सल हिंसाग्रस्त बस्ता में विकास की नई इबारत भी लिखी जा रही है ताकि फिर से बस्तर में नक्सली हिंसा सिर न उठा सके। जाहिर है छत्तीसगढ़ ने नक्सली उन्मूलन की सफलता का उदाहरण देश के सामने पेश किया है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की सराहना कर चुके हैं। अब बस्तर को बहुत जल्द नक्सली हिंसा से मुक्त कर दिया जाएगा और वहां भी अब तेजी से विकास की बयार बहने लगेगी।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तैसी। आपके मन में अगर गालियां है तो रास के मंच से भी आपको गाली ही सुनाई पड़ेगी क्योंकि जीते जैसे हो वैसे ही लोगे।

❖ कौन भक्ति के मार्ग पर जा रहे हैं? कौन अपना आनंद चाहते हैं? कौन सबका आनंद चाहते हैं? कौन गुरु की बातों में परम निष्ठावान है? ऐसे लोगों की संगति चाहिए, उसके विपरीत लोगों की संगति नहीं चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1790 : लॉर्ड कार्नवालिस ने मुर्शीदाबाद के नवाब से फौजदारी न्याय प्रशासन का अधिकार छीन लिया और सदर निजामत अदालत कलकत्ता ले गए। 1829 वायसराय लॉर्ड विलियम बेंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगायी। 1882 आधुनिक भारतीय चित्रकला के प्रणेताओं में से एक नन्दलाल बोस का जन्म। 1884 देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म। 1889 खुदीराम बोस का जन्म। भारत माता के इस सपूत ने देश की आजादी में अपने प्राणों की आहूति दी। 1920 तुर्की और आर्मेनिया शांति समझौते पर सहमत हुए। 1937 भारतीय भाषाविद् बिनोद बिहारी वर्मा का जन्म। 1959 साइप्रस में आपातकाल समाप्त। 1971 भारत और पाकिस्तान में युद्ध छिड़ा और राष्ट्रपति ने देश में आपातकाल की घोषणा की। युद्ध की परिणति बांग्लादेश के उदय में हुई। 1979 हॉकी के जादूगर ध्यानचंद का निधन। 1979 ईरान ने इस्लामी संविधान अपनाया। 1982 भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज का जन्म।

राहुल की सरकार करे तो पुण्य, मोदी सरकार करे तो पाप क्यों ?

आलोक मेहता

आधार की अनिवार्यता पर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँचा। न्यायालय ने कहा कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं, निजी सेवाओं में अनिवार्य करना असंवैधानिक और केवल सीमित सरकारी योजनाओं में वैध उपयोगइससे स्पष्ट हो गया कि आधार: कल्याण वितरण का उपकरण है, राष्ट्रीय नागरिकता पहचान नहीं।卐 जहाँ तक चुनाव आयोग का मामला है, इसका वार्षिक बजट आम तौर पर 1,000–?2,000 करोड़ के बीच रहता है। इसमें शामिल होते हैं। वोटर कार्ड छपाई, डिजिटल वोटर डेटाबेस, बूथ लेवल ऑफिसर्स नेटवर्क, मतदाता सूची संशोधन अभियान और साईबर सुरक्षा। हर बड़े चुनाव (लोकसभा/विधानसभा) से पहले विशेष पुनरीक्षण का काम होना चाहिए। 2014 में सता परिवर्तन के बाद कांग्रेस विपक्ष में आ गई। यहीं से कांग्रेस के लिए पहचान सत्यापन जैसे विषय 卐सुरक्षा प्रश्न卐 से अधिक 卐सामाजिक–राजनीतिक जोखिम卐 बन गए।यहाँ यह स्पष्ट दिखने लगा कि जिस एनपीआर को चिदंबरम ने एक समय सुरक्षा ढाल माना था, वही कांग्रेस के नए नेतृत्व के लिए 卐मानवाधिकार और लोकतांत्रिक चिंता卐 का विषय बन गया।

राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी भारतीय नागरिकता की पहचान कर मतदाता सूची बनाए जाने के मोदी सरकार के कदम का विरोध कर रही है, लेकिन उनको और जनता को यह क्यों नहीं याद दिलाया जाता कि जब 2008 -2009 में राहुल बाबा की सरकार थी, तब नागरिकता पहचान पत्र की योजना का कार्यान्वयन मिस्टर चिदंबम ने शुरु कर दिया था। गृह मंत्री के नाते चिदंबरम ने अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ रोकने और भारत की सुरक्षा के लिए इसके लिए करोड़ों रुपयों का बजट स्वीकृत करवाकर कई राज्यों में नागरिकता के स्मार्ट कार्ड के लिए बाकायदा फार्म भरवाकर सूचियां बनवानी तक शुरु करवा दी थी।

मेरे जैसे पत्रकार सहित देश के लाखों लोगों ने सम्बंधित सरकारी केंद्रों पर फोटो खिंचवाकर पहचान की तकनीकी औपचारिकता पूरी की थी। लेकिन कुछ महीनों बाद पता चला कि गांधी परिवार और प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने न जाने किस दबाव में इस योजना को रुकवा दिया। फिर यह बताया गया कि आधार कार्ड की योजना को ही प्राथमिकता दी जाए। यही नहीं करोड़ों की संख्या में 'स्मार्ट काड्‌र्स' बनवाने के लिए निजी कंपनियों को ठेके देने में घोटाले के आरोप सामने आए थे। इसीलिए सवाल उठ रहा है कि राहुल कांग्रेस की सरकार नागरिकता पहचान करे तो पुण्य और मोदी सरकार करे तो पाप क्यों ?

भारतीय राजनीति में ÷पहचान÷, ÷नागरिकता÷ और ÷मतदाता सत्यापन÷ जैसे विषय हमेशा से संवेदनशील रहे हैं। लेकिन पिछले डेढ़ दशक में इन मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी के भीतर ही जो वैचारिक और राजनीतिक परिवर्तन दिखाई देता है, वह अत्यंत विवादास्पद है। एक समय था जब कांग्रेस सरकार में गृह मंत्री पी चिदंबरम स्वयं राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) जैसी कठोर पहचान परियोजना के प्रमुख सूत्रधार थे। 2008-2012 का कालखंड भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौतीपूर्ण था। एक ओर 26/11 जैसे आतंकी हमले, दूसरी ओर पूर्वोत्तर और सीमावर्ती इलाकों में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ, और तीसरी ओर फर्जी दस्तावेजों से जुड़ा संगठित अपराध।इसी पृष्ठभूमि में गृह मंत्री के रूप में पी. चिदंबरम ने कहा था कि ÷भारत को एक मज़बूत नागरिक पहचान प्रणाली चाहिए, जो केवल निवास नहीं, बल्कि नागरिकता को भी दर्ज करे।इसी सोच से' नेशनल पापुलेशन रजिस्टर ' को मंत्रिमंडल से योजना और बजट की स्वीकृति मिली 7 उस समय सरकार ने इस

योजना के लिए प्रत्येक व्यक्ति का घर-घर जाकर सत्यापन, निवासी और संभावित नागरिक के बीच प्राथमिक अंतर, आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक राष्ट्रीय डेटाबेस और अवैध प्रवास की पहचान का प्रारम्भिक ढाँचा आवश्यक माना था। तब कांग्रेस का तर्क था कि:÷राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक पहचान पर राजनीतिक संवेदनशीलता नहीं, बल्कि प्रशासनिक साहस दिखाना होगा।÷

2009-10 के दौरान एनपीआर और स्मार्ट कार्ड परियोजना के लिए: प्रारम्भिक बजटीय प्रावधान: 3,700 करोड़ से अधिक बाद में संशोधित अनुमान ?6,000 करोड़ तक का प्रावधान रखा गया। यह राशि सर्वे एजेंसियों को भुगतान, बायोमेट्रिक उपकरण ,स्मार्ट कार्ड निर्माण, केन्द्रीय सर्वर अवसंरचना और राज्य सरकारों को अनुदान मदों पर व्यय होनी थी। तभी प्रकट हुआ आधार: दो पहचान प्रणालियों का टकराव 72009 में भारत सरकार ने समानांतर रूप से IDAI की स्थापना कर दी और आधार परियोजना शुरू कर दी।

चिदंबरम के कार्यकाल में एनपीआर (राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर) को एक सुरक्षा-प्रधान परियोजना के रूप में देखा गया। यह कोई केवल जनगणना जैसी योजना नहीं थी। इसका आधार यह था कि बिना सत्यापित पहचान के आतंकवाद और अपराध से लड़ना मुश्किल है। अवैध प्रवासी मतदाता सूची और राशन प्रणाली दोनों को प्रभावित कर रहे हैं। उस समय सरकार ने यह दावा किया था कि एनपीआर किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है, यह केवल प्रशासनिक शुद्धिकरण है, इससे असली नागरिकों को लाभ और फर्जी पहचान को नुकसान होगा। उसी दौर में कांग्रेस सरकार ने योजना आयोग के माध्यम से ' आधार ' पहचान पत्र को भी आगे बढ़ाया। यहीं से पार्टी के भीतर ही दोहरी नीति से टकराव होने लगा और चिदंबरम की योजना को रुकवा दिया गया। कई राज्यों में एनपीआर का केवल आंशिक क्रियान्वयन हुआ। स्मार्ट कार्ड कभी राष्ट्रव्यापी स्तर पर जारी ही नहीं हो पाए। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद मूल उद्देश्य–नागरिकता सत्यापन–पूरा नहीं हो सका। स्मार्ट कार्ड के ठेकों में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगे। डेटा संग्रह के लिए निजी कंपनियों को बड़े पैमाने पर ठेके दिए गए। कुछ एजेंसियों पर मानक पूरे न करने और ग़लत डेटा अपलोड के आरोप लगे।

कई स्थानों पर दोबारा सर्वे कराना पड़ा ,जिससे दोहरा खर्च हुआ। NPR और आधार दोनों में एक ही व्यक्ति का बायोमेट्रिक डेटा दो बार लिया गया। इससे उपकरणों की दोहरी खरीद, मानव संसाधन पर दोहरा खर्च, हज़ारों करोड़ का अनुत्पादक अपव्यय हुआ। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक CAG ने अपनी रिपोर्टों में कहा कि परियोजनाओं के बीच समन्वय का अभाव, लागत-लाभ विश्लेषण अधूरा, नीति स्पष्ट न होने से सार्वजनिक धन का प्रभावी उपयोग नहीं हुआ।

2009 में आधार पहचान पत्र का काम शुरू हुआ। यह विश्व की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक पहचान परियोजना बनी। आधार पर अब तक (लगभग 2010-2024 के बीच) अनुमानत 14,000 से 16,000 करोड़ रूपये से अधिक का सार्वजनिक धन खर्च हो चुका है।फिर आधार पहचान पत्र में दुरुपयोग और अनियमितताओं के आरोप सामने आए। फर्जी नामांकन और डुप्लीकेट आधार शुरुआती वर्षों में कई स्थानों पर, एक व्यक्ति के दो-दो आधार, फर्जी बायोमेट्रिक, दलालों द्वारा अवैध नामांकन बाद में लाखों आधार संख्या रद्द की गई। समय-समय पर मीडिया में आरोप लगे कि कुछ राज्यों की वेबसाइटों से आधार डेटा लीक हुआ, निजी एजेंसियों द्वारा आधार विवरण का व्यापार किया गया। हालाँकि सरकार ने कहा कि ÷कोर बायोमेट्रिक डेटा सुरक्षित है।

2030 तक एचआईवी/एड्स महामारी को समाप्त करना

वी हेकाली झीमोमी

उच्च गुणवत्ता वाले, मुफ्त एंटीरिट्रोवायरल उपचार और वायरल–कमी (वायरल सप्रेशन) को बढ़ाने में भारत की सफलता अभूतपूर्व है। फिर भी, उपचार का पालन करने और प्रारंभिक निदान के लिए रोगियों को बनाए रखने का काम अभी भी जारी है। आभा, टेलीमेडिसिन और एआरटी वितरण के लिए डिजिटल फॉलो–अप का उपयोग करते हुए आपस में जुड़े तरीके सेवा अदायगी बाधाओं को दूर करने में मदद करेंगे। आभा और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के साथ एनएसीपी–ङ्क्ष्व का एकीकरण, एचआईवी देखभाल को व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकोसिस्टम की मुख्य–धारा में लाने का मौका देता है। तीसरा, एचआईवी और सिफ़लिस के ऊर्ध्वाधर संचरण को समाप्त करना एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनिवार्यता है।

भारत एचआईवी/एड्स के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। पहली घटना की रिपोर्ट होने के चार दशकों बाद, देश ने राष्ट्रीय एचआईवी रोकथाम और उपचार कार्यक्रम का निर्माण किया है, जो दुनिया के सबसे व्यापक और मजबूत उपचार कार्यक्रमों में से एक है। राष्ट्रीय एड्स और एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) ने निर्विवाद उपलब्धियाँ हासिल की हैं। नई संक्रमण दर 2010 की तुलना में लगभग आधी रह गई है, एड्स से संबंधित मृत्यु दर में 80त्न की कमी दर्ज की गयी है, उपचार पर रहने वाले लोगों में वायरस नियंत्रण अब 97त्न से अधिक है और भारत ने पूरी तरह से डोल्यूटेग्राविर-आधारित उपचार योजनाओं को अपनाने के साथ बड़ा बदलाव किया है–जिससे यह उपचार प्रभावकारिता में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो गया है।

हालांकि, आत्मसंतुष्टि की कोई जगह नहीं हो सकती। देश 2026-31 के लिए एनएसीपी चरण-VI में प्रवेश कर रहा है, लेकिन इसके साथ ही यह सच्चाई भी स्वीकार करनी होगी कि भारत में महामारी अभी भी विकसित हो रही है और कुछ जगहों पर यह तेजी से बढ़ रही है। महामारी की मौजूदगी का राष्ट्रीय औसत केवल 0.20त्न है, लेकिन यह उभरते हुए हॉटस्पॉट और नई कमजोर स्थितियों को छिपाता है। असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और पंजाब जैसे राज्यों में मुख्य रूप से सुई से नशीली दवाओं के सेवन के कारण घटनाओं के बढ़ने की रिपोर्ट मिली है। सुई से नशीली दवा लेने वाले लोगों में, एचआईवी होने की दर राष्ट्रीय औसत से चालीस गुना अधिक है और कुछ ख़ास स्थानों में इसमें गुणात्मक वृद्धि देखी जा रही है। एक ही सुई साझा करने की घटना से संक्रमण का अनुमानित 1-में-160 मौका होने के कारण,

सुई से नशीली दवाओं के सेवन से जुड़ी एचआईवी महामारी तेजी से फैल सकती है, यदि इसके खिलाफप्रभावी ढंग से जवाबी कारवाई नहीं की जाती है।

इसके अलावा, नए संक्रमणों का बढ़ता हुआ हिस्सा अब उन व्यक्तियों में देखने को मिल रहा है जो अपने आकस्मिक या नियमित साथियों से एचआईवी प्राप्त कर रहे हैं–जो पारंपरिक 'मुख्य जनसंख्या' से परे बदलाव का संकेत देता है। भारत की युवा जनसांख्यिकी - हर साल 15ङ्क25 आयु वर्ग में 2.25 करोड़ किशोर प्रवेश कर रहे हैं - संवेदनशील बनी हुई है, क्योंकि डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तक आसान पहुँच जोखिम से भरे यौन व्यवहार और मादक पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देती है। भारत ने ऊर्ध्वाधर मातृ-शिशु संचरण को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। गर्भवती माताओं के लिए एचआईवी और सिफ़लिस की सार्वभौमिक जांच और उपचार, शिशु का प्रारंभिक निदान और बालरोग निवारक उपायों ने माताओं से बच्चों में संचरण को 2020 के 25त्न से अधिक से कम करके 2024 में 10त्न तक कर दिया है। फिर भी, यह उन्मूलन की पांच प्रतिशत सीमा से ऊपर है।

सीधे तौर पर कहें तो, वायरस ने खुद को अनुकूलित कर लिया है। यह युवाओं को प्रभावित करता है, अधिक फैलाव वाला है और नई कमजोरियों का फायदा उठा रहा है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए एक नई रणनीति की आवश्यकता है। एनएसीपी-VI की परिकल्पना भारत की सबसे साहसी और सबसे भविष्य-अनुकूल एचआईवी रणनीति के रूप में की गयी है। यह 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने के लक्ष्य (एस डी जी 3.3) के अनुरूप है–और यह चार बड़े बदलावों में निहित है। सबसे पहले, भारत की विविध संवेदनशीलता प्रोफ़ाइल यह मांग करती है कि रोकथाम को श्रेणियों के बजाय लोगों के अनुसार बदला जाए। पारंपरिक 'उच्च-जोखिम समूहों' से अलग, कार्यक्रम को सामाजिक और संरचनात्मक कारकों द्वारा पैदा होने वाली तथा एक-दूसरे से जुड़ी कमजोरियों को संबोधित करना होगा। संपूर्ण सुरक्षा रूपरेखा के तहत, सार्वभौमिक रोकथाम यह सुनिश्चित करेगी कि हस्तक्षेप, समूहों के बजाय जोखिम वाले व्यक्तियों तक पहुंचे। एआई-संचालित स्वयं जोखिम आकलन, वर्चुअल पहुंच, नए दवा उपकरण और हॉटस्पॉट या सबसे ज्यादा संक्रमण फैलाने वाले संभावित लोगों (सुपर-स्प्रेडर) का पता लगाने के लिए रोग निगरानी प्लेटफ़ॉर्म, रोकथाम और सेवाओं को आपस में जोड़ने के अगली पीढ़ी के प्रयासों को सशक्त करेंगे। छह नशीली दवाओं के उपयोग से उत्पन्न महामारियों पर लक्षित रणनीतियाँ, एनएसीपी-VI के तहत महामारी को तेजी से कम करने के लिए केंद्रीय होंगी।

दूसरा, एनएसीपी-VI को जल्दी पहचान, प्रभावी इलाज, जीवन भर बनाए रखने के दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोई जन्नत की परी

कोई जन्नत की परी मेरी कहानी आए नूर चेहरे का बढ़े और जवानी आए तुम गए चाँद तलक हम तो जमीं ठहरे हैं कोई तरकीब बता हिज़्र छुपानी आए ज़िन्दगी भर मैं कुंवारा तो नहीं रह सकता भर नज़र देख खुदा जीस्त जनानी आए जो कहूं साफ कहूं है मेरी फ़ितरत ऐसी तेरी आदत है तुझे बात घुमानी आए इस सदाकत ने तुझे तोड़ दिया है अंजलि ÷सीख ले मुझसे हुनर सख्त बयानी आए।

- अंजली यादव

जो सत्ता का गाना

जो सत्ता का गाना गाए। मुझको तो वह एक न भाए। बात नहीं सुनता गर बेटा कह दे बाप कि भाड़ में जाए। चिड़िया को मालूम नहीं है, छुपा शिकारी जाल बिछाए। पहचाने जाते आफ़त में, कौन हैं अपने कौन पराए। जानबूझकर जो हैं भटके, उनको रास्ता कौन दिखाए। खाई में गिरना तो तय है, अंधा ही जब राह सुझाए। 'जुगनू मुझको छेड़ रहा है' अंधकार आरोप लगाए।

- भाऊराव महंत ग़ज़ल

आदर्शवादिता की बातें करना और व्यवहार



आदर्शवादिता की बातें करना और व्यवहार में उन आदर्शों से ठीक विपरीत आचरण करना, जितना निंद्य और घृणित कर्म है, उतना बुरा कुछ भी नहीं स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है - तुम आदर्शों की बात करो और उन्हें अपने व्यवहार में न उतारो तो तुमसे चोर, डाकू और लुटेरे अच्छे, जिनमें कम-से-कम कथनी और करनी का अंतर तो नहीं होता !! **- मोना सेनगुप्ता**

हौसलों की है ज़रूरत हक़ बयानी के

हौसलों की है ज़रूरत हक़ बयानी के लिए मौत से लड़ना पड़ेगा ज़िंदगानी के लिए हम कोई नेता, न अभिनेता, न बिजनेस मैन हैं रोज़ कुआँ खोदना पड़ता है पानी के लिए चाहे कैरम हो या चाहे, ज़िन्दगी का खेल हो यारो! पापड़ बेलने पड़ते हैं 'रानी' के लिए **- अजय अज्ञात**

हौसलों की है ज़रूरत हक़ बयानी

अपने अधिकारों के बोध के तहत... रह-रह कर.... चीखती है स्त्री... अपने जज्बातों की आड़ में... पर जब कर दिया जाता है... हर बार अनसुना... स्त्री के जज्बातों को... तो वह भी रम जाती है स्वयं में... कह कर यह... कि... दुनिया जाए भाड़ में...

- अलका अग्रवाल

ज़िन्दगी है इक जुआ और ताश इंसा

ज़िन्दगी है इक जुआ और ताश इंसा हो गया नाम मरते ही मिटा और लाश इंसा हो गया सबको जल्दी थी कि दफ़्नाओ इसे जल्दी से तुम सड़ गयी बॉडी अगर जो बास इंसा हो गया। **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

बात तो कुछ भी नहीं थी शायद, बस



बात तो कुछ भी नहीं थी शायद, बस उसको अब अपना याराना बदलना था... पुराने रिश्ते में वो बात अब कहाँ, इसीलिए उसको ठिकाना बदलना था... गुजरे जमाने की बासी कहानी रह गये थे,इसीलिए अब याराना बदलना था... हाँ अब उसको अपना ठिकाना बदलना था... ठिकाना बदलना था।

- पूनम राजपूत

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपको यश दिलाएगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी तंदुरुस्त रहेंगे। छोटी मोटी बातो को छोड़ परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

वृषः आज के दिन कार्य क्षेत्र एवं गृहस्थ में उठापटक वाली स्थिति रहेगी। व्यवसायी वर्ग भी एक साथ कई काम हाथ मे लेने पर उलझन की स्थिति से गुजरेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपकी कीर्ति में वृद्धि करने वाला रहेगा। पारिवारिक वातावरण में आनंद मंगल रहेगा आज मांगलिक कार्यकर्मो में भी व्यस्त रहेंगे इनपर खर्च भी करना पड़ेगा।

कर्कः आज का दिन कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा फिर भी अतिआवश्यक कार्यो को आज ही पूर्ण करने का प्रयास करें बाद में स्थिति प्रतिकूल बनने वाली है।

सिंहः आज आप प्रातः काल से ही अधूरे कामो को पूर्ण करने में जुट जाएंगे।

कन्याः आज का दिन अधिक थकान वाला रहेगा आप आज आवश्यक कार्यो को प्रातः काल मे ही पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

तुलाः आज का दिन आशा से कुछ कम लाभ देगा फिर भी आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से कर लेंगे।

वृश्चिकः आज आपकी समस्त दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे असफलता मिलेगी अथवा विलंब होगा।

धनुः आज के दिन आप अतिआत्मविश्वास की भावना से ग्रसित रहेंगे यह घरेलू कलह एवं व्यवसाय में हानि का कारण बन सकती है।

मकरः आज का दिन सावधानी से व्यतीत करें। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धी आपको क्षति पहुचाने के लिए कुछ भी कर सकते है।

कुंभः आज के दिन धन लाभ आपके व्यवहार के ऊपर काफी हद तक निर्भर रहेगा स्वभाव में चंचलता ना आने दे लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहें आशा से अधिक लाभ हो सकता है।

मीनः आपके लिए आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा।

सूर्योदय : 07:03, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदय : 14:53, चन्द्रास्त :28:52, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : भरणी, योग : परिघ, प्रथम करण : बालव (15:57 तक), द्वितीय करण कौलव (26:14 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मेष, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) भारत की पहली हाइड्रोजन चालित ट्रेन किस रूट पर चलेगी?

2) स्वतंत्रता दिवस से पहले राजस्थान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन का नाम क्या है?

3) किस राज्य के धारवाड़ जिले के तीर्था गाँव के बीबी फातिमा महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ने प्रतिष्ठित इक्वेटर इनिशिएटिव अवार्ड 2025 जीता है?

4) 1000 ई. में अपने पहले हमले में महमूद गजनी किस भारतीय शासक को हराया था ?

5) किस राज्य के वनों में दुर्लभ ब्लू पिंकगिल मशरुम की खोज हुई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जींद-सोनीपत (2) ऑपरेशन अलर्ट (3) कर्नाटक (4) जयपाल (5) मेघालय

कार्टून

इंफाल में आयोजित 15वें मणिपुर अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में मिली ऐतिहासिक उपलब्धी

■ **अंतरराष्ट्रीय पोलो में छत्तीसगढ़ ने रचा इतिहास**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में शामिल छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री साय ने टीम के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी उत्साह और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं में खेल की अपार प्रतिभा है और राज्य सरकार के सहयोग से घुड़सवारी एवं पोलो खेल को नई दिशा मिली है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ने पहली बार इतिहास रचते हुए 22 से 29 नवम्बर 2025 तक इंफाल में आयोजित 15वें मणिपुर अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि देश के इतिहास में पहली बार किसी राज्य को अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया।

छत्तीसगढ़ टीम ने अमेरिका, कोलंबिया, इंडियन पोलो एसोसिएशन और अन्य

अंतरराष्ट्रीय टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा कर यह गौरव अर्जित किया। यह उपलब्धि आदिवासी युवाओं की खेल जगत में बढ़ती भागीदारी का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

गौरतलब है कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे कई संस्थानों का संयुक्त योगदान रहा जिसमे छत्तीसगढ़ शासन,भारतीय सेना (एनसीसी),दंतेवाड़ा जिला प्रशासन,कांकेर जिला प्रशासन,ब्रीगो एंड हेक्टर इक्केस्ट्रियन मैनेजमेंट कंपनी, रायपुर मुख्य रूप से शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम के सदस्यों में लेफ्टिनेंट कर्नल अमन सिंह, एनसीसी,लांस नदिम अली (सेवानिवृत्त),वेदिका शरण,चित्रभानु सिंह,सैमुअल विश्वकर्मा,गोलू राम कश्यप,सुभाष लेकामि,देवकी कड़ती शामिल रहे। इससे पूर्व भी कु. वेदिका शरण ने सितंबर 2025 में बेंगलुरु में आयोजित घुड़सवारी की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने आयु वर्ग में भारत में दूसरा तथा विश्व स्तर पर 15 वा स्थान प्राप्त कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है द्य

उल्लेखनीय है कि ÷खेल से शक्ति÷ पहल के अंतर्गत दंतेवाड़ा और कांकेर जिले के प्रतिभाशाली छात्रों को घुड़सवारी और पोलो का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण ब्रीगो एंड हेक्टर इक्केस्ट्रियन मैनेजमेंट कंपनी द्वारा भारतीय सेना के अनुभवी पोलो खिलाड़ियों के सहयोग से संचालित किया गया।

यह पहल आदिवासी युवाओं को खेल, शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल श्री अवनीश शरण और घुड़सवारी प्रशिक्षक सुश्री गीता दहिया उपस्थित रहे।

मैनी नदी पर बगिया दाबित सिंचाई योजना कार्य के लिए 124 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखण्ड-कांसाबेल की मैनी नदी पर बगिया दाबित सिंचाई प्रणाली (सौर/विद्युत ऊर्जा) योजना के कार्य के लिए 124 करोड़ 13 लाख रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से 4831 हेक्टेयर क्षेत्र खरीफ फसलों को सिंचाई मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से योजना के कार्य पूर्ण कराने मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

संस्थान नवाचार परिषद के क्षेत्रीय सम्मेलन का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। नवाचार केवल प्रयोगशालाओं और कक्षाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे समाज से जोड़ना होगा। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) के क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उक्त बातें कहीं। इनोवेशन सेल, ऑल इंडिया तकनीकी शिक्षा परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज शंकराचार्य व्यावसायिक प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में यह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल श्री डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। छोटा सा नवाचार मानव की बड़ी जरूरतों को पूरा करता है -श्री डेका ने कहा कि यह सम्मेलन न केवल इस संस्थान के लिए बल्कि हमारे राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत की राष्ट्रीय नवाचार यात्रा में छत्तीसगढ़ की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान, हस्तशिल्प, कृषि, वनोपज और जनजातीय ज्ञान की भूमि है। सही रूप में किया गया नवाचार हमारी स्थानीय शक्तियों का मूल्य संवर्धन करके उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने योग्य और आर्थिक व तकनीकि रूप से उन्नत बनाता है, इसमें हमारे युवाओं की महती भूमिका है। एक छोटा सा नवाचार मानव की बड़ी जरूरतों को पूरा कर सकता है।

उद्यानिकी फसलों के बीमा हेतु आवेदन 31 दिसम्बर तक

रायपुर/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के किसान अपनी उद्यानिकी फसलों जैसे टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज और आलू आदि के बीमा के लिए 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इच्छुक कृषकों को अधिसूचित फसलों की बीमित राशि का 05 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देना होगा। इस हेतु बीमा कम्पनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि श्री राजेश बिठल्ल मोबाईल नम्बर +91-6267049155 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि श्री ताराचंद मोबाईल नम्बर +91-9617739731 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए देय प्रीमियम 06 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 850 रूपए, फूलगोभी के लिए 03 हजार 500 रूपए, पत्तागोभी के लिए 03 हजार 500 रूपए, प्याज के लिए 04 हजार रूपए और आलू के लिए 06 हजार रूप्ए किसानों को देना होगा। इस योजना में अऋणी कृषक को शामिल होने के लिए घोषणा पत्र के साथ फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह ऋणी कृषक, जो योजना में शामिल होना नहीं चाहते ।

नवा रायपुर में होगा इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण

■ **मुख्य बजट 2025-26 की एक और बड़ी घोषणा पूर्ण, 46.49 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुसार नवा रायपुर में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला सह एफ्डीए भवन के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 46 करोड़ 49 लाख 45 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्य बजट 2025-26 के प्रावधान के अनुरूप इस महत्वपूर्ण परियोजना से प्रदेश में खाद्य एवं औषधि परीक्षण क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

नवीन इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला तथा नवीन एफडी.ए. भवन का रायपुर में स्थापना करने हेतु शासन द्वारा नया रायपुर में 1.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। रायपुर स्थित वर्तमान प्रयोगशाला लगभग 5 हजार वर्ग फीट (भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल) में संचालित है। प्रस्तावित नवीन प्रयोगशाला अत्याधुनिक उपकरणों (ड्रग एवं इनफोर्समेंट) से सुसज्जित होगा तथा 30 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में (भूतल, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल) में निर्मित होगा। इसके निर्माण से रासायनिक परीक्षणों की जांच क्षमता 500-800 नमूने प्रतिवर्ष से 7000-8000 नमूने प्रतिवर्ष हो जाएंगी। माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण (इंजेक्शन, आई ड्रॉप आदि) 2000 नमूने प्रतिवर्ष होंगे, मेडिकल डिवाइसेस (हाथ के दस्ताने, कैथेटर आदि) जिनका वर्तमान में परीक्षण नहीं किया जा रहा है उनका भी 500 नमूने प्रतिवर्ष लिए जाएंगे। इसके साथ ही फार्मास्यूटिकल्स नमूनों की जांच 50 से बढ़कर 1000 नमूने प्रतिवर्ष हो जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रयोगशाला राज्य में खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि इससे जांच प्रक्रिया अधिक आसान, पारदर्शी और प्रभावी होगी। सरकार जनता को शुद्ध, प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पाद एवं दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि नवा रायपुर में बनने वाली यह आधुनिक प्रयोगशाला राज्य के लिए एक आदर्श प्रयोगशाला के रूप में विकसित होगी और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रा.शाला में दो शिक्षकों की भर्ती से शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार

रायपुर/नवप्रदेश। वर्षों तक केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित होने वाले इस विद्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया लागू की गई, जिसके तहत यहां दूसरे शिक्षक की पदस्थापना की गई। इस पहल ने विद्यालय की व्यवस्था को मजबूत किया है और विद्यार्थियों के सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाया है। वनांचल क्षेत्र के ग्राम सागबाड़ी स्थित प्राथमिक शाला में शिक्षा की गुणवत्ता अब नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

एक शिक्षक के भरोसे चल रहा था पूरा विद्यालय

सालों से इस विद्यालय में मात्र एक शिक्षक, प्रधान पाठक श्री राम सिंह, ही कार्यरत थे। अकेले सभी कक्षाओं को संभालना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। सभी विद्यार्थियों को एक ही कक्ष में बैठकर पढ़ना पड़ता था और अलग-अलग कक्षाओं के लिए बच्चों को शिक्षक की उपलब्धता का इंतजार करना पड़ता था। इससे शिक्षा की गति प्रभावित होती थी।

युक्तियुक्तकरण से मिली राहत

अतिशेष शिक्षकों को रिक्त पदों वाले विद्यालयों में भेजने की राज्य स्तरीय पहल के तहत 5 जून 2025 को श्री मनोज चंद्रा को सागबाड़ी प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ किया गया। उनकी नियमित उपस्थिति और समर्पित शिक्षण से विद्यालय की गतिविधियों में नई ऊर्जा आई है। विद्यार्थियों ने महसूस किया बदलाव महसूस किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी इस सुधार को खुलकर सराहा है।

धान के अवैध परिवहन, भंडारण में लगे बचौलियों और कोचियों के हालत हो रहे पस्त

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर रही है, जिसका गलत लाभ उठाने कोचिया एवं बिचौलिए ओड़िशा से धान लाकर बेचने की कोशिश कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने सभी जिले के कलेक्टरों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि धान के अवैध भंडारण और परिवहन में शामिल व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वास्तविक किसानों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन की सख्त रुख से लगातार कार्रवाई चल रही है। कलेक्टर के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों में गठित संयुक्त जांच दलों ने 30 नवंबर और 01 दिसंबर को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 12 प्रकरणों में 4447.20 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया है, जिसमें तीन अंतर्राज्यीय प्रकरण भी शामिल हैं। जब्त धान का मूल्य 1 करोड़ 37 लाख 86 हजार रुपए से अधिक आंका गया है।

धान उपार्जन समितियों की पारदर्शी और सुचारू व्यवस्था से किसान संतुष्ट

■ **टोकन, बारदाना और तुलाई हर चरण में मिल रही सहज सुविधा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुरूप सरगुजा जिले में धान खरीदी व्यवस्था को किसानों के लिए सरल, सहज और पारदर्शी बनाया गया है। टोकन कटाने से लेकर समिति में धान बिक्री तक पूरी प्रक्रिया किसान हित में सुव्यवस्थित की गई है।

पुहपुटरा धान उपार्जन समिति में धान बेचने पहुंचे कृषक श्री राजेश कुमार राजवाड़े ने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनका कुल रकबा 160 क्विंटल का है और उन्होंने 59 क्विंटल 80 किलो धान बेचने के लिए पहला टोकन कटाया है।

कृषक राजवाड़े ने कहा कि टोकन कटाने की प्रक्रिया पूरी तरह सरल रही और किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई। उपार्जन केंद्र पहुंचते ही समिति द्वारा तुरंत बारदाना और सूजा-सुतरी उपलब्ध करा दी गई, जिससे तुलाई प्रक्रिया बिना किसी देरी के संपन्न हो गई।

उन्होंने बताया कि समिति में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान हितैषी है। कर्मचारी और अधिकारी लगातार सहयोग कर रहे हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी एवं 3100 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य से किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिल रहा है। इससे किसानों में धान विक्रय के प्रति उत्साह बढ़ा है।

उन्होंने खरीदी व्यवस्था पर संतोष जताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि वर्तमान व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी तथा सरल है, जिससे किसानों का भरोसा और मनोबल बढ़ा है।

जिले की सभी उपार्जन समितियों में सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के चलते धान खरीदी कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान बेच पा रहे हैं।

कोकोड़ी-बासनीनाला पर स्टापडेम बनाने 5.71 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कोण्डागांव जिले की दो सिंचाई योजनाओं के लिए 5 करोड़ 70 लाख 97 हजार रूपए स्वीकृत किए है। स्वीकृत योजनाओं में विकासखण्ड-माकड़ी के रांधना से कोकोड़ी के बीच कोकोड़ी नाला पर स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 33 लाख 31 हजार रूपए स्वीकृत किए है। इसी तरह विकासखण्ड-माकड़ी के काटागांव (जामपारा) में बासनी नाला पर स्टापडेम निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ 37 लाख 66 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्यों के पूरा हो जाने पर जल संवर्धन, निस्तारी, पेयजल एवं किसानों के द्वारा स्वयं के साधन से खरीफक्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्य को कराने के लिए जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग जगदलपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

सुगम और पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था से किसानों के चेहरे खिले, खुशी की लहर

■ **किसानों को मिली खरीदी में सुगमता और वाजिब दाम की सौगात**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदने की सुविधाजनक व्यवस्था से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पेंड्रा उपार्जन केंद्र पर जाकर धान बेचने पहुंचे किसान चेतन सिंह राठौर ने बताया कि उन्होंने 12 एकड़ में धान की खेती की है और अब 100 क्विंटल धान लाकर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित उचित मूल्य पर बेच रहे हैं।

किसान चेतन सिंह ने कहा कि यहां की धान खरीदी व्यवस्था श्रेष्ठ है, टोकन कटवाना ऑनलाइन होने से घर बैठे प्रक्रिया पूरी हो जाती है, जिससे हमें बार-बार समिति के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने आगे बताया कि इस सरल और पारदर्शी प्रक्रिया ने किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी है। किसान ऑनलाइन और समिति के माध्यम से टोकन हासिल कर अपने धान की बिक्री कर रहे हैं, जिससे प्रक्रिया में गति और सुविधा आई है।विष्णुदेव सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान खरीदने और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदने की नीति से किसान अब आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। इससे कृषि को मजबूती मिली है और ग्रामीण क्षेत्र में खुशहाली आई है। राज्य सरकार ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी बनाया है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली से किसानों का समय और श्रम दोना ही बच रहे हैं, इससे न केवल किसानों को खरीदी केंद्र पर सुविधा मिल रही है, बल्कि भ्रष्टाचार और परेशानी की संभावना भी कम हुई है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने नंदनवन-नंदन पक्षी विहार का किया निरीक्षण

बायोडायवर्सिटी थीम पार्क के रूप में विकसित करने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप आज रायपुर स्थित नंदनवन-नंदन पक्षी विहार के निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर का अवलोकन करते हुए वहां की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। मंत्री श्री कश्यप ने नंदनवन को बायोडायवर्सिटी थीम पार्क के रूप में विकसित करने के लिए चरणबद्ध डीपीआर तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नंदनवन को ऐसा केंद्र बनाया जाए, जहां जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

पक्षियों को उनकी नस्ल के अनुसार विशिष्ट आहार दें ध्यान-अधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ चर्चा कर पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और क्षेत्र को अधिक आकर्षक तथा सुरक्षित बनाने संबंधी सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि नंदनवन की टीम सभी पक्षियों को उनकी नस्ल के अनुसार विशिष्ट आहार के साथ जरूरत पड़ने पर दवाईयां व खाद्य पदार्थ देते हैं,ताकि पक्षी स्वस्थ रहें। यहां रखे गए विदेशी पक्षी प्रजनन भी कर रहे हैं, उसका सतत मानिटरिंग कराएं। नंदनवन पक्षी विहार के अंदर पर्यटकों को बैठने के लिए पेड़ों के तरह कुर्सियां बनाई गई है। इसके अलावा सेल्फी जोन का भी निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर विधायक श्री राजेश मूणत, वन बल प्रमुख एवं पीसीसीएफ श्री व्ही श्रीनिवास राव, पीसीसीएफ श्री अरुण कुमार पांडे, रायपुर सीसीएफश्री मनिवासगन एस., सीसीएफ(वन्यजीव) सुश्री सतोविषा समाजदार, रायपुर डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल, जंगल सफारी संचालक श्री थेझस शेखर सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कई विदेशी पक्षी देखे जा सकते हैं नंदनवन पक्षी विहार में

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि नंदनवनपक्षी विहार रायपुर में स्थित एक चिड़ियाघर और पिकनिक स्थल है। यहां विदेशी पक्षियों सहित कई प्रकार के पक्षी रखे गए हैं और यह शहर के लोगों के लिए एक प्रमुख पर्यटन और पिकनिक स्पॉट है। यहां अफ्रीकन ग्रे पेलिकन, ब्लैक श्वान, मकाऊ और शुतुरमुर्ग जैसे कई विदेशी पक्षी देखे जा सकते हैं।

■ न्यूज गैलरी

बायपास रोड में हुड़दंग के दोनों आरोपी गिरफ्तार,दोनों कांकेर के

कांकेर/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते महीने बाईपास रोड़ में वाहन रोककर हुड़दंगबाजी करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपी रविन्द्र ठाकुर कमल कोर्राम कांकेर के है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 27 दिसंबर 2025 को यातायात शाखा कांकेर में पदस्थ सउनि महेश जैन ड्यूटी के दौरान पेट्रोलिंग सूचना मिला कि बाईपास रोड़ कांकेर में कुछ लड़के वाहनों को रोककर चालको से गाली गलौच कर हुड़दंग कर रहे है कि सूचना तश्दीक पर यातायात स्टाफ प्र.आर. विरेन्द्र भगत.प्र.आर.संजय सिंह के साथ बाईपास रोड़ कांकेर पहुंचे पुलिस को देखकर लड़के भाग गये। आस पास वालो से लड़को का नाम पता पूछने पर नाम रविन्द्र ठाकुर निवासी टिकरापारा कांकेर, कमल कोर्राम निवासी मनकेशी बताये पुलिस के द्वारा पता तलाश के दौरान थाना के सामने अनावेदकों के द्वारा यातायात पुलिस को देखकर गाली गलौच करने लगे जिसे 02दिसंबर 2025 को आरोपी रविन्द्र ठाकुर पिता स्व.भागीरथी ठाकुर उम्र 33 वर्ष निवासी टिकरापारा कांकेर थाना कांकेर कमल कोर्राम पिता विरेन्द्र कोर्राम उम्र 37 वर्ष निवासी मनकेशरी थाना कांकेर को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धारा में इस्तगाशा तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि सोमेन्द्र सिंह प्रआर.गितेश्वर कुलदीप.एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम का अहम भूमिका रहा है।

किसानों के धान की खरीदी नहीं अनिश्चितकालीन प्रदर्शन एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अंतागढ़/नवप्रदेश। किसानों का धान खरीदी नहीं होने को लेकर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतागढ़ के तत्वथान में कांग्रेस कमेटी व किसानों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच कर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की सूचना देने बड़े बाबू को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन देने वालो में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुभद्रा सलाम पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री गावड़े जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर मीडिया प्रभारी विश्राम गावड़े मीतू श्रीवास्तव सहित गांव से आए किसान शामिल रहे। ब्लॉक अंतागढ़ कांग्रेस कमेटी और किसानों का कहना है कि अन्तागढ़ ब्लाक क्षेत्र के हजारों किसानों का भूमि रकबा कम कर दिया गया है। और वनाधिकार भूमि पट्टाधारियो का धान का खरीदी नहीं होने से किसान परेशान हो रहे। सभी कर्जाधारी किसानों की मांग को लेकर दिनांक 2/12/2025 से शहीद वीर नारायणसिंह चौक अन्तागढ़ में प्रतिदिन समय 11:00 बजे से अनिश्चित कालीन संकेतिक प्रदर्शन किया जायेगा। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन चक्काजाम करने को मजबूर होगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

राष्ट्रीय स्तर का आत्मनिर्भर श्रवण बाधित दिव्यांग कौशल उन्नयन शिविर

बीजापुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम, छत्तीसगढ़ शासन तथा महावीर इंटरकांटिनेन्टल सर्विस ऑर्गनाइजेशन, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर का ÷आत्मनिर्भर श्रवण बाधित दिव्यांग कौशल उन्नयन शिविर÷ आयोजित किया जा रहा है। निगम के संचालक मंडल द्वारा राज्य के प्रतिष्ठित संस्थान महावीर इंटरकांटिनेन्टल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर यह आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। संस्था द्वारा अब तक देश के विभिन्न प्रांतों में 24 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं । जिनमें प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगजन 15000 रुपये मासिक तक की आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।शिविर 19 से 23 दिसंबर 2025 तक जैनम मानस भवन, एयरपोर्ट रोड, रायपुर में आयोजित होगा।

धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर कठोर कार्यवाही के निर्देश

■ एसआईआर सत्यापन 11 दिसम्बर तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। मंगलवार को कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि 15 नवम्बर से प्रारंभ धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी रहे, साथ ही धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर पैनी नजर रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी इसके विरूद्ध सख्ती से सतत कार्यवाही करें। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के सत्यापन की अंतिम तिथि में संशोधन किया गया है। बीएलओ द्वारा यह कार्य अब 04 दिसम्बर के स्थान पर 11 दिसम्बर तक किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में शत-प्रतिशत सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए नियमित रूप से मुनादी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर इस योजना के लाभ से अवगत कराने हेतु सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ को निर्देशित किया। इसके अलावा सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी उपार्जन केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा धान का अवैध रूप से भण्डारण व परिवहन न हो, इसके लिए बिचौलियों एवं कोचियों के विरूद्ध सतत कार्यवाही करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम लाने के लिए विषय शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से अभ्यास कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 11 से 13 दिसम्बर तक जगदलपुर में किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं कोच की विभिन्न प्रकार की आवश्यक व्यवस्था एवं प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से ध्यान देने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण विभाग से संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव के अनुसार प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति से संबंधित कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने उच्च कार्यालयों से अनुमति लेने हेतु पत्राचार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित पुल-पुलिया एवं सड़क निर्माण व मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही शासन के निर्देशानुसार विभागों में विभिन्न मदों के तहत संचालित अलग-अलग बैंक खातों में जमा राशि को एक ही खाते में समायोजित करने के भी सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण अविलंब पूर्ण करने सहित एनसीएईआर सर्वे, ई-ऑफिस ऑटोमेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, बस्तर विकास प्राधिकरण तथा जिला न्यास निधि अंतर्गत अधूरे कार्यों को पूरा करने, पोषण पुनर्वास केंद्र, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, आयुष्मान वय वंदना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि इत्यादि विषयों की प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को समय-सीमा में निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में डीएफओ भानुप्रतापपुर श्री हेमचंद पहारे जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे ए.एस.पैकरा, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।

योग केन्द्र में संचालित क्लास को बंद नहीं किया जाएगा : कलेक्टर

काँकेर/नवप्रदेश। 1 दिसंबर योग विद्या साधना केन्द्र सिविल लाइन काँकेर के योग अभ्यासी कलेक्टर से सौजन्य भेंट कर 25 वर्षो से मानव कल्याण हेतु संचालित योग विद्या साधना केन्द्र जो काँकेर व आसपास ग्राम के योग अभ्यासियों एवं मरीज़ों को निःशुल्क योग अभ्यास प्रतिदिन तीन क्लास (जिनमें 1 प्रथम क्लास प्रातः 5 से 6.30,2 दूसरी क्लास प्रातः 7 से 8.15 3 तीसरी क्लास शाम 5 से 6.15 तक और प्रत्येक शनिवार को शाम 6 से 7 महामृत्युंजय मंत्र के साथ हवन पूजन गणपति स्थापना, चैत्र एवं क्वार नवरात्रि में माता एवं ज्योति क्लाश स्थापना के साथ प्रतिदिन प्राण प्रतिष्ठित राधा कृष्ण एवं शिवजी की विधिवत पूजा कर्म होता आ रहा है।अभी शासन द्वारा नालंदा पुस्तकालय बनाने की योजना है जिसमें योग सेंटर भी प्रभावित हो रहा है।जिस समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर एसडीएम से सम्पर्क कर निःशुल्क योग सेंटर के प्रभावित होने से योग ध्यान एवं पूजा पद्धति में व्यवधान होने के बारे में बात की।कलेक्टर ने शालीनता पूर्वक योग क्लास को बंद न करने हवन पूजन माता स्थापना को पूर्ववत जारी रखने की बात की ।

कलेक्टर ने बताया कि योग भवन पहले से अधिक आकर्षक रूप से बनाकर दिया जायेगा। जो शिव मंदिर के बाजू में सरकारी क्वार्टर के स्थान पर योग अभ्यासियों के अनुरूप बनवा कर योग विद्या साधना केन्द्र के नाम से ही पूर्व से भी बेहतर स्थिति में बनाकर योग विद्या साधना केन्द्र कांकेर को सौपा जायेगा। अभी नया भवन बनने के पूर्व वैकल्पिक रूप से किसी शासकीय भवन या हाल को सुपुर्द किया जायेगा, जिससे योग क्लास प्रभावित न होने पाए योग भवन हाल की स्थिति देखने और योग विद्या साधना के मेम्बर्स को दिखाने एसडीएम तहसीलदार जिला खेल अधिकारी भवनों का निरीक्षण करने पहुंचे और मंथन करना प्रारम्भ कर दिया गया।योग विद्या का संचालन और संवर्धन कर काँकेर में योग का बीज बोने का कार्य श्री रमाकांत वैष्णव जी नें प्रारम्भ किया था, जिनके मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज भी योग शिविर एवं अन्य आयोजन होते हैं।

अरौद रेत खदान को स्वीकृति क्या मिली दिन रात चैन माउंटेन से अवैध रेत तस्करी

■ रात में शुरू होता है रेत का काला कारोबार

■ नाके में बिना रॉयल्टी के दौड़ रही सैकड़ों हाइवा...

फाइल फोटो

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर का प्रवेश द्वार कांकेर जिले से शुरू होता है। प्राकृतिक घने जंगल पहाड़ नदी बस्तर की खूबसूरती मानी जाती है। यहां जल जगल ज़मीन के मालिक आदिवासी है।

लेकिन विगत सालों से बस्तर की खनिज संपदा को लूटने का सिलसिला निरंतर जारी है। बता दें कि कांकेर जिले के अलग अलग नदियों से दिन को रॉयल्टी में रेत निकाली जाती है। खनिज विभाग सहित (एनजीटी)नेशनल ग्रीन ट्यूबनल के नियमों को दरकिनार करते हुए रेत के सौदागर रात में नदी में चैन माउंटेन से सैकड़ों हाइवा रेत सुबह तक अवैध रूप से निकालकर रेत के अवैध कारोबार को अंजाम देते हुए दिख रहे है। रात में चारामा के अरौद रेत खदान से बेखौफ रेत तस्करों द्वारा चैन माउंटेन से रेत निकाली जा रही है चारामा और बालोद की सीमा के बीच मचांदूर नाके में खनिज विभाग के ड्यूटी में तैनात सैनिक बिना रॉयल्टी चेक कर रेत से भरी हाइवा को छोड़ने की जानकारी मिली है।

इतना ही नहीं रेत के सौदागर कांकेर के चारामा ब्लॉक से निकलने वाली रेत को रायपुर दुर्ग भिलाई राजनांदगांव बिलासपुर सहित अन्य सीटियों में ऊंचे दाम पर बेची जा रही है। बस्तर की लूटती खनिज संपदा को लेकर खनिज विभाग पर सवाल उठ रहा है।

रात 10 बजे के बाद अवैध रेत से भरी हाइवा निकल रही...!!

बता दें कि अरौद रेत खदान का टेंडर प्रक्रिया से आवंटित किया गया है। खनिज विभाग के नियम अनुसार सुबह 06से शाम 06 बजे तक रेत निकाला जाना है। लेकिन अरौद रेत खदान 24 घंटे नदी में चैन माउंटेन उतारकर अवैध खनन किया जा रहा है सुबह से शाम तक सैकड़ों हाइवा के बावजूद शाम होने के बाद चारामा के इर्दगिर्द हाइवा खड़ी होती है शाम होते ही हाइवा रेत खदान में जाकर रेत से भरकर ठीक दस बजे के बाद अवैध रेत का कारोबार शुरू हो जाता है। रात दस बजे से सुबह तक बिना रॉयल्टी सैकड़ों हाइवा रेत खपाकर शासन को करोड़ों का राजस्व नुक्सान किया जा रहा है। लेकिन रात में होने वाली अवैध रेत खनन/परिवहन को रोकने खनिज विभाग नाकाम साबित होती दिख रही है!!

> चारामा के अरौद रेत खदान को सुबह से शाम तक रेत परिवहन और वह भी रॉयल्टी के साथ की अनुमति दिया गया है।शाम को रेत निकलने की जानकारी नहीं है।अगर ऐसा हो रहा है तो जांच टीम बनाकर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा।
> सनद कुमार साहू
> खनिज अधिकारी, कांकेर

भाजपा सरकार नहीं चाहती की गरीब ज़मीन खरीदी बिक्री कर सके

■ नई गाइडलाइन में ज़मीन दर 40 प्रतिशत से 400 प्रतिशत बढ़ जायेगा!

■ भाजपा सरकार नहीं चाहती की गरीब ज़मीन खरीदी बिक्री कर सके!

नारायणपुर /नवप्रदेश। भाजपा सरकार ने चुप चाप तरीके से ज़मीन की नई गाइडलाइन लागू करने से फैक्ट्री, मकान, दुकान, ज़मीन, का दर 40 प्रतिशत से 400 प्रतिशत बढ़ोतरी होगा! भाजपा सरकार ने ज़मीन की नई गाइडलाइन से ज़मीन की खरीदी बिक्री कम हो जाएगी बेरोजगार बढ़ेगा, कांग्रेस पार्टी इस गाइडलाइन का पुरजोर विरोध करती है इस गाइडलाइन के विरोध मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन किया गया, जबकि ऐसा गाइडलाइन महानगरो मे भी लागु नहीं है जबकि बड़े बड़े महानगरो मे 10-15 प्रतिशत से ज्यादा दर नहीं है! जबकि कांग्रेस सरकार ने ज़मीन गाइडलाइन मे 30 प्रतिशत तक छूट कर दिया था और पांच डिसमिल से कम की रजिस्ट्री चालू करवाया था, किसी गरीब आदमी के पास 1000-2000 वर्ग फुट ज़मीन है तो वह कभी बेच नहीं सकता और कुछ ज़मीन को बेच कर अपना पक्का मकान नहीं बना पायेगा! जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीवान ने कहा की डबल इंजन की भाजपा सरकार के पास योजनाओं को चलाने के लिए पैसा नहीं है, इसलिए भाजपा सरकार ने पहले 400 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना को बंद किया, और अब ज़मीन की नई गाइडलाइन से आम जनता को परेशान करना का काम शुरू कर रही है!

वही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने कहा की भाजपा सरकार की नई गाइडलाइन के तहत अगर शहरो के आसपास 1000 वर्ग फुट ज़मीन 6 लाख मे कीमत मे रज़िस्ट्री होता है तो इसका रजिस्ट्री शुल्क 4 लाख 40 हजार रूपए होगा ऐसे मे रज़िस्ट्री शुल्क ज़मीन दर के बराबर होगा ऐसे गाइड लाइन का कॉग्रेस पार्टी विरोध करती है! पुतला दहन कार्यक्रम मे शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस सचिव संजय राय, ब्लॉक उपाध्यक्ष शब्बीर बढ़गुजर, माधेश्वर जैन, चैन सिंह भोयर, पिलसाय सलाम, दीपक गाँधी, कुणाल उइके, तरुण देहारी, एवं अन्य कांग्रेस कार्यक्रम उपस्थित थे!

मतदाताओं का गणना पत्रक डिजिटाइज्ड कार्य पूर्ण

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के तहसीलों में अन्य राज्यों से आए मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड कार्य पूर्ण किया जा चुका है और इसमें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है। इस क्रम में नकुलनार पोलिंग बूथ के लगभग 50 मतदाता जो कि उत्तर प्रदेश राज्य के अलग-अलग जिलों से आये हैं उनका गणना पत्रक भरकर डिजिटाइज्ड किया जा चुका है। इसी प्रकार तहसील गीदम एवं तहसील बड़े बचेली के अन्तर्गत निवासरत उत्तर प्रदेश के मतदाताओं का गणना पत्रक भी पूर्णतः भरकर डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं।

नेशनल हेराल्ड मामले पर राहुल सोनिया के ऊपर केस दर्ज, कांग्रेस ने किया पुतला दहन

नारायणपुर /नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड केस मे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गाँधी, लोकसभा मे विपक्ष के नेता राहुल गाँधी पर प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और सीबीआई के द्वारा केस दर्ज करने के मामले पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सयुक्त तत्वाधान मे तहसील चौक के सामने श्वष्ठ और प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया, कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए श्वष्ठ, छ्व्वद्ध, को भाजपा की कटपुतली बनना बंद करो, भाजपा तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, भाजपा तेरी गुंडागर्दी नहीं चलेगी जैसे नारे बाज़ी कर पुतला जलाया गया, पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्त्ता मे हल्का झूमा झटकी हुआ इस कार्यक्रम मे जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश दिवान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, वरिष्ठ कोंग्रेसी शिव पाण्डे, बीपी शुक्ला, यूथ कोंग्रेसी अध्यक्ष बोधन देवांगन, एन एस आई अध्यक्ष विजय सलाम, जिला कांग्रेस सचिव संजय राय, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, एन एस यू आई प्रदेश उपाध्यक्ष जय वट्टी, शब्बीर बढ़गुजर, चैन सिंह भोयर, तरुण देहारी, दीपक गाँधी, पप्पू ठाकुर, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे!

पेज 1 का शेष

लोकसभा में 8 को ...

कांग्रेस सांसद ने संचार साथी एप को लेकर स्थगन प्रस्ताव दिया

कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने संचार साथी एप को लेकर लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा, गोपनीयता का अधिकार, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मूल अधिकार है। दूरसंचार विभाग का यह आदेश कि मोबाइल कंपनियां और आयातक संचार साथी एप को फोन में पहले से इंस्टॉल करें और उसे हटाया भी न जा सके। यह लोगों की गोपनीयता पर सीधा हमला है।

सदन में दो दिनों से हो ...

गद्दी छोड़ के नारे लगाए। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दोनों पक्षों को अपने मीटिंग रूम में बुलाया था। यहां सहमति बनी कि कल से सदन बिना किसी हंगामे के चलेगा।

पीएमओ अब सेवा तीर्थ...

थी। 10 दिसंबर, 2020 को पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। सरकार ने पूरे प्रोजेक्ट के लिए 20 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा है। कर्तव्य पथ के दोनों तरफ के इलाके को सेंट्रल विस्टा कहते हैं।

क्रूरता माफकर दें तो ...

पति का आरोप था कि तीन अज्ञात नंबरों से उसे गालियां दी गईं और पत्नी के कथित अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। आरोप है कि 29 मार्च 2023 को पत्नी घर छोड़कर चली गई। इसके बाद 4 अप्रैल 2023 को पति ने हिंदू मैरिज एक्ट के प्रावधानों के तहत तलाक की मांग करते हुए फैमिली कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया। जांजगीर के फैमिली कोर्ट ने 20 अगस्त 2024 को याचिका खारिज करते हुए कहा था कि क्रूरता साबित नहीं हुई। इस फैसले के खिलाफ पति ने हाई कोर्ट में अपील की थी।

साय कैबिनेट आज, ...

का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही, बजट में शामिल होने वाली नई नीतियों और परियोजनाओं पर भी निर्णय की प्रक्रिया तेज की जा सकती है। सरकार के विकास रोडमैप को गति देने के लिए निवेश आकर्षण, रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचा उन्नयन से जुड़े प्रस्ताव भी मेज पर आ सकते हैं।

प्रशासनिक-लॉ एंड ऑर्डर मुद्दे पर होगी चर्चा-बैठक में कानून-व्यवस्था, लोक सेवा प्रबंधन और प्रशासनिक सुधार को मजबूत करने पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री साय की सरकार राज्य में विकास को नए आयाम देने के लक्ष्य के साथ हाल के दिनों में कई योजनाएं शुरू कर चुकी है। इन योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने और उनके लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति भी बैठक के महत्वपूर्ण बिंदुओं में शामिल होगी।

23 से 25 जनवरी तक ...

है और 'रायपुर साहित्य उत्सव' उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। सीएम साय ने कहा- यह उत्सव न केवल छत्तीसगढ़ को, बल्कि पूरे देश के मूर्धन्य साहित्यकारों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहाँ उनके अनुभव, विचार और रचनात्मक धारा से अवगत होने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ को साहित्यिक जगत में एक नई पहचान प्रदान करेगा तथा जनसमुदाय को साहित्य, लेखन और पठन-पाठन की ओर प्रेरित करेगा। साथ ही यह उत्सव राज्य की विकास योजनाओं के लिए भी सकारात्मक सामाजिक चेतना और विमर्श का मंच बनेगा।

11 सत्र होंगे शामिल, साहित्यकार करेंगे सीधा संवाद-उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संकल्पना पर आधारित इस आयोजन की व्यापक कार्ययोजना मात्र दो माह में तैयार की गई है। यह तीन दिवसीय महोत्सव 23, 24 एवं 25 जनवरी 2026 को जनजातीय संग्रहालय के समीप आयोजित होगा। इस उत्सव में कुल 11 सत्र शामिल होंगे। इनमें 5 समानांतर सत्र, 4 सामूहिक सत्र, और 3 संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें साहित्यकारों एवं प्रतिभागियों के बीच सीधा संवाद और विचार-विमर्श होगा।

लोगो में दिखी सांस्कृतिक-साहित्यिक विरासत-रायपुर साहित्य उत्सव के लोगो में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को एक प्रभावशाली प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है। यह लोगो न सिर्फ राज्य की पहचान को दर्शाता है, बल्कि बस्तर की जैव-विविधता, जनजातीय परंपराओं, और छत्तीसगढ़ की आत्मा माने जाने वाले सल्फी पेड़ की सांस्कृतिक महत्ता को भी सशक्त रूप में उजागर करता है।

जिले में संचालित विकास कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रगति लाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक



बीजापुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण स्ढ्ढक्र कार्यो की समीक्षा करते हुए अंतिम तिथि में हुई वृद्धि के बारे में बताते हुऐ कहा कि अब 4 दिसम्बर के स्थान पर 11 दिसम्बर तक तिथि बढ़ा दी गई। अतः अंतिम तिथि से पूर्व शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। धान खरीदी को मद्देनजर रखते हुए बारदाना की उपलब्धता, टोकन सहित धान की खरीदी के बारे में जानकारी लेते हुऐ सुचारू रूप से खरीदी व्यवस्था जारी रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिले में संचालित समस्त विकास कार्यो अद्योसंरचना निर्माण सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, आंगनबाड़ी, भवनों के निर्माण कार्यो में गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में कार्य संपादित करने को कहा।

नियद नेल्लानार क्षेत्रों में शतप्रतिशत सैचुरेशन कर शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ने समस्त प्रकार के आवश्यक दस्तावेज सुगमतापूर्वक बनाने के निर्देश दिए। नक्सल पीड़ित परिवार, आत्मसमर्पित नक्सलियों के राशनकार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक खाता की जानकारी ली।

मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण समस्त अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

राशन दुकान से 14 बोरी चीनी 49 बोरी चावल ले उड़े चोर

लखनपुर/नवप्रदेश। इन दिनों घर मकान दुकान के अलावा राशन दुकानों में भी अज्ञात चोरो की दबिश बढ़ गई है। इसी कड़ी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित ग्राम पंचायत लहपटरा के राशन दुकान में 30 नवम्बर के दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए14 बोरी चीनी तथा 49 बोरी चावल चोरी कर ले गये। शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रेरक चम्पाबाई 1 दिसम्बर सोमवार को सबेरे राशन दुकान के पास वाले शेड के नीचे जब महिलाओं को पढ़ाने पहुंची तो देखा कि राशन दुकान के शटर का ताला टुटा हुआ तथा शटर खुला पड़ा है। चोरी की संदेह होने पर दुकान संचालक अजर राम चौधरी को इसकी सूचना दी। दुकान संचालक अजर राम दुकान के पास आकर सरपंच पंच पंचायत वासियों को बुलवाया तथा दुकान में हुये घटना की जानकारी दी सबने मिलकर देखा राशन दुकान से चावल शक्कर की बोरी ग़ायब है। खबर लिखे जाने तक पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज न कराई गई थी।

आवारा पशुओं की सुरक्षा व नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने आवारा गोवंशीय एवं अन्य पशुओं की सुरक्षा तथा नियंत्रण को लेकर विशेष सतर्कता अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 'शहर में आवारा कुत्तों से परेशान, बच्चे चुका रहे कीमत' पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 07 नवंबर 2025 को अंतरिम आदेश जारी किया था। न्यायालय ने संस्थागत क्षेत्रों में कुत्ता-काटने की बढ़ती घटनाओं को गंभीर जन-स्वास्थ्य व सुरक्षा समस्या मानते हुए देशभर के सभी कार्यालय प्रमुखों को दिशा-निर्देश दिए हैं। इन आदेशों के पालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें आवारा पशुओं से संबंधित सभी कार्यवाहियों की निगरानी, शिकायतों के शीघ्र निराकरण तथा समयबद्ध प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को भी विद्यालय परिसरों और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा दैनिक अनुपालन रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पूर्ण पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है।

धान खरीदी व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण करने कलेक्टर पहुंचे महाराजगंज एवं चांदो

पारदर्शिता एवं सुचारू खरीदी पर ज़ोर: ऑनलाइन एंट्री और नमी जांच के दिए सख्त निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। धान उपार्जन व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने आज महाराजगंज एवं चांदो धान उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र में चालू खरीदी व्यवस्था, किसानों के लिए की गई तैयारियों तथा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम केन्द्र में आने वाले धान की नमी की जांच की प्रक्रिया का जायजा लेते हुए धान का नमी परीक्षण पूर्ण पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारदाने की उपलब्धता की भी जानकारी ली तथा कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध रखने के निर्देश दिए, ताकि खरीदी कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने टोकन वितरण प्रणाली एवं ऑनलाइन एंट्री की शुद्धता की भी जांच की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन डेटा समय पर और सटीक दर्ज किया जाए, जिससे किसी भी किसान को खरीदी प्रक्रिया या भुगतान में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि किसी भी दिन अव्यवस्था की स्थिति न बने इसके लिए पहले से सभी आवश्यक प्रबंध मजबूत रखें। बदलते मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र में धान को सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने खरीदी व्यवस्था के दौरान मौसम की जोखिमों

को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के साथ पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा एवं पारदर्शी खरीदी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर ने केंद्र परिसर में धान तौल व्यवस्था, सुरक्षा, अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर सभी संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने करचा बैरियर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैरियर से होकर गुजरने वाले वाहनों की निगरानी हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरों तथा पंजी रजिस्टर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने वाहनों के आवागमन की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करते हुए बैरियर परिसर में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने अवैध धान की संभावित आवक को ध्यान में रखते हुए सभी वाहनों की कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए। श्री कटारा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही अवैध परिवहन पर सख्त निगरानी आवश्यक है। उन्होंने प्रत्येक वाहन की अनिवार्य रूप से जांच करने तथा संदिग्ध वाहनों पर विशेष ध्यान रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था के लिए प्रशासन सख्त

कलेक्टर के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने सभी अंतरराज्यीय सीमाओं एवं चेक पोस्टों पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों, परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पारदर्शी एवं निष्पक्ष धान खरीदी नीति के तहत अब तक जिले में कुल 46 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 4430 क्विंटल अवैध धान एवं 21 वाहनों को जब्त किया गया है, जो कि प्रशासन की सतत निगरानी तथा संयुक्त दलों की सक्रियता का परिणाम है। कलेक्टर श्री कटारा के मार्गदर्शन में सभी अंतरराज्यीय एवं आंतरिक चेक पोस्टों पर भी टीमों को तैनात किया गया है। साथ ही प्रत्येक अनुविभाग में गठित निगरानी दल रात्रि कालीन गश्त के साथ ही आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच कर रहे हैं और मंडी अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई कर रही हैं।

एसडीओ ने किया स्थल का जांच, निर्धारित मापदंडों अनुसार हो रहा पुलिया का निर्माण

धंधापुर में ग्रामीणों की सहमति एवं अधिकारियों के देख-रेख में किया जा रहा पुलिया निर्माण

बलरामपुर/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जे.आर. सोनवानी ने जानकारी दी है कि जिले के राजपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धंधापुर में चल रहे पुलिया निर्माण के संबंध में कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित मानकों को दरकिनार कर किया जा रहा पुलिया का निर्माण के संबंध में स्वयं उपस्थित होकर निर्माण कार्य का जांच किया गया। उन्होंने बताया है कि निर्माण कार्य की लागत राशि 20 लाख रुपये की है। इसकी गहराई 1.70 मीटर किया गया है तथा अबाटमेंट की ऊंचाई 2.10 मीटर है।

प्राक्कलन में सिर्फ स्लैब में छड़ का प्रावधान किया गया है। जांच में छड़ लगा पाया गया। अबाटमेंट एवं विंगवॉल में छड़ का प्रावधान प्राक्कलन में नहीं किया गया है। इसलिए इसमें छड़ का उपयोग नहीं किया गया है। पुलिया के स्लैब में 880 किलोग्राम छड़ का प्रावधान प्राक्कलन

में किया गया है, जो उपयोग में किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी सोनवानी ने बताया कि पूर्व में निर्माणाधीन पुलिया सिंचाई विभाग से बन रहा था, चूंकि वह रास्ता परिवर्तन कर ग्रामीणों द्वारा उपयोग किया जा रहा था। ग्रामीणों के मांग एवं पंचायत प्रस्ताव के आधार पर ही यह पुलिया स्वीकृत है। ग्रामीणों की सहमति एवं तकनीकी अधिकारियों के देखरेख में पुलिया निर्माण कार्य की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जे.आर. सोनवानी ने बताया कि पुलिया प्राक्कलन अनुसार निर्धारित मापदंड में बनाया जा रहा है।

कर्म घोंघा जलप्रपात प्रकृति, आस्था और पर्यटन संभावनाओं का संगम

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले का उभरता पर्यटन केंद्र कर्म घोंघा जलप्रपात अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक विरासत के कारण तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। हंसिया नदी का लगभग 100 फीट ऊँचाई से गिरता जलप्रवाह, आसपास के घने वन और पर्वत श्रृंखलाएँ इसे एक मनोहारी प्राकृतिक धरोहर बनाते हैं। वर्षा ऋतु में इसका भव्य रूप बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। जलप्रपात के निकट स्थित कर्मघोघेश्वर धाम इसकी धार्मिक महत्ता को और बढ़ाता है। वर्ष 1986 में निर्मित इस परिसर में भगवान शिव, हनुमान और मां दुर्गा के मंदिर स्थित हैं, जहाँ महाशिवरात्रि पर छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। पर्यटन/पुरातत्व अधिकारी डॉ. विनोद पांडेय के अनुसार पक्की सड़क बनने के बाद पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे इसे संगठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। पर्यटन विकास से स्थानीय युवाओं को रोजगार, महिलाओं को स्वरोजगार तथा जिले को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, सुरक्षित पाथवे, व्यू-पॉइंट, स्वच्छ शौचालय, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, साहसिक गतिविधियाँ और डिजिटल प्रचार-प्रसार जैसे कदम इसके विकास को दिशा दे सकते हैं। साथ ही, प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण भी अनिवार्य होगा। कर्म घोंघा जलप्रपात प्रकृति, संस्कृति और अध्यात्म का सुंदर संगम है, जिसे योजनाबद्ध प्रयासों से जिले का प्रमुख पर्यटन आकर्षण बनाया जा सकता है।

विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिया 'एड्स मुक्त छत्तीसगढ़' का संकल्प

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद कॉलेज, मनेंद्रगढ़ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा अध्यक्षता भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने की। जिला पंचायत, नगर पालिका एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, चिकित्सक और सामाजिक संगठनों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एड्स के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता है। उन्होंने बताया कि राज्य में 22,313 तथा एमसीबी जिले में 293 एचआईवी संक्रमित मरीज पंजीकृत हैं, जिनमें अधिकांश मनेंद्रगढ़ ब्लॉक के हैं। इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए मंत्री ने युवाओं से सोशल मीडिया और सामुदायिक सहयोग के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने राज्य में बढ़ती स्वास्थ्य सुविधाओं एवं नए मेडिकल व नर्सिंग कॉलेजों की जानकारी भी दी। विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि एचआईवी से जुड़े भय और भेदभाव को समाप्त करना समय की मांग है। समय पर उपचार से संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। कार्यक्रम में चित्रकला, कविता, भाषण, नृत्य व नाटक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। रेड रिबन एवं रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई द्वारा रैली, कैंडल मार्च एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का संचालन विरांगना श्रीवास्तव ने किया।

अलाव जलाने के लिए लगी कर्मियों की ड्यूटी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत निःसहाय आवासहीन, गरीब वृद्ध एवं राहगीर इत्यादि को ठंड से प्रभावित होने की संभावना है। ठंड/शीत लहर से प्रभावित होने वाले जन सामान्य के बचाव हेतु चिन्हांकित स्थलों पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था हेतु नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के आयुक्त ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें सुपरवाईजर सदानंद चौबे, वाहन चालक कृष्णा राम, बाबूलाल, नार सिंह, ओमप्रकाश, शिवमंगल राम, बजरंग श्रीवास, जगदम्बा, दिनु राम को नगर पालिक निगम के उप अभियंता श्री रत्नेश कंवर के नेतृत्व में कार्य करने हेतु आदेशित किया है।

एनआरएलएम की कृषि व पशु सखियों ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

एमसीबी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी कृषि सखी और पशु सखी महिलाओं ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और पशुपालकों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने वाली इन महिलाओं ने कहा कि वे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान आवश्यक है। कृषि सखियों और पशु सखियों ने मानदेय वृद्धि, सेवा का नियमितीकरण, मोबाइल एवं इंटरनेट खर्च, प्रतिमाह वेतन का भुगतान, वेतन सीधे बैंक खाते में जमा कराने, दैनिक एवं यात्रा भत्ता प्रदान करने

की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि बढ़ती जिम्मेदारियों और कार्यक्षेत्र को देखते हुए उन्हें पर्याप्त संसाधन और आर्थिक सहयोग मिलना बेहद आवश्यक है। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में महिला समूह सदस्य उपस्थित रहीं और उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।

संयुक्त संचालक ने ली समीक्षा बैठक, बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने दिए निर्देश

एमसीबी/नवप्रदेश। आगामी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को मजबूती देने हेतु संयुक्त संचालक, अंबिकापुर संजय गुप्ता ने शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, मनेंद्रगढ़ में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिले के सभी हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। संयुक्त संचालक ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी प्रश्नपत्र प्रारूप व ब्लूप्रिंट के अनुसार तैयारी कराने पर विशेष जोर

दिया। उन्होंने बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने, शाला त्यागी विद्यार्थियों के लिए परख सर्वे और सामाजिक अंकेक्षण को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र समय पर तैयार कराने, अतिरिक्त यू-डाइस एवं अपार आईडी की त्रुटिरहित पूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शराब के सेवन की स्थिति में विद्यालय आने वाले किसी भी शिक्षक पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता, साफ-सफाई, रजिस्टर एवं चेकलिस्ट का सही रख-रखाव अनिवार्य बताया। अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मिरे ने सभी प्राचार्यों से बेहतर बोर्ड परीक्षा परिणाम हेतु प्रभावी रणनीति अपनाने और निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

आस्था

गायत्री परिवार लखनपुर ने गायत्री महायज्ञ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम

कलश यात्रा के साथ हुई 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ शुरु, उमड़ा आस्था का सैलाब

लखनपुर/नवप्रदेश। शांति कुंज हरिद्वार (उत्तराखंड) की टोली एवं गायत्री परिवार लखनपुर के संयुक्त तत्वावधान में मां भगवती शर्मा जन्म शताब्दी पर राष्ट्र जागरण शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ 1 दिसबंर से लखनपुर के हाई स्कूल साक्षरता मिनी स्टेडियम में आरंभ हुई। युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ट परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी एवं परम वन्दनीया माता जी भगवती देवी शर्मा के दिव्य एवं सूक्ष्म संरक्षण में ईश्वरीय योजना हमारी ऋषि प्रणीत भारतीय संस्कृति के उत्थान हेतु 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ में पहले दिन सोमवार को प्राचीन राममंदिर (ठाकुर बाडी) से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें नगर लखनपुर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से आये श्रद्धालु माताओं बहनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुताबिक प्रथम दिवस नगर भ्रमण करते हुए कलश यात्रा यज्ञ स्थल साक्षरता मिनी स्टेडियम पहुंची जहां सायं काल ध्यान साधना कलश स्थापना किया गया साथ ही आद्धशक्ति युगशक्ति पर संगीत प्रज्ञा पुराण कथा आयोजित हुई। तृतीय दिवस 03

दिसम्बर बुधवार को प्रातः 08 बजे गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार शाम 5 बजे माता भगवती की जन्मशती प्रज्ञा पुराण कथा एवं दीप महायज्ञ आयोजित होगी। चतुर्थ दिवस 04 दिसंबर 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 08 बजे गायत्री महायज्ञ एवं गुरू दीक्षा विवाह संस्कार पुसवन नामांकरण मुंडन विद्या आरंभ यज्ञोपवीत आदि विविध संस्कार का आयोजन होने उपरांत पूर्णाहुति एवं टोली विदाई के साथ महायज्ञ सम्पन्न होगी। कार्यक्रम के आयोजक गायत्री परिवार लखनपुर ने गायत्री महायज्ञ आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

कार चालक ने बाइक सवार को मारी ठोकर, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र के अम्बिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में स्थित ग्राम केवरा तहसील कार्यालय के पास एक बैगन आर कार के चालक ने लापरवाही एवं तेज रफ्तार वाहन चलाते हुये मोटरसाइकिल सवार को पीछे से ठोकर मार दिया?। जिससे बाइक सवार दायां पैर एवं पसली का हड्डी टुट गया । सिर में गंभीर चोट लगने कारण घायल युवक लम्बी बेहोशी (कोमा) में चला गया। घायल को 112 के मदद से अम्बिकापुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुये ईलाज के लिए रायपुर रिफर कर दिया जहां ईलाज जारी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक घायल इंद्रजीत 26 नवम्बर को अपने मोटरसाइकिल हीरो एच एफ डिलक्स क्रमांक सीजी 15 डी वाई 3261 में सवार होकर ग्राम केवरा से लखनपुर जा रहा था इसी दौरान करीब 11 बजे तहसील कार्यालय के पास पीछे अम्बिकापुर से उदयपुर की ओर जा रहे बैगन आर क्रमांक सीजी 15 डीडी 0363 कार के चालक अलवर्ड तिग्गा आ0 अज्ञात निवासी उदयपुर थाना उदयपुर पेशा पटवारी ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये बाईक सवार को जबरदस्त ठोकर मार दिया।

■ न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में मतदाता सूचियों का गहन पनुरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01.01.2026 चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में जहाँ भाग संख्या पर 800 या इससे अधिक मतदाता है और भाग संख्या के बीएलओ द्वारा 28 नवम्बर 2025 तक फार्म का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य शत् प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। ऐसे प्रथम 3 बीएलओ को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह में प्रशस्ति पत्र और 5 हजार नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मिशन जल रक्षा अंतर्गत ग्राम सलोनी में संगोष्ठी तथा नारी जल यात्रा का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ग्राम सलोनी में जल

स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी तथा नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में भू-जल स्तर में निरंतर आ रही कमी, ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या के पूर्वानुमान एवं जिले के सेमी क्रीटिकल जोन में पानी की गंभीरता स्तर के संबंध में चर्चा की गई। फसल चक्र परिवर्तन कर जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण, भू-जल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत सलोनी में रबी फसल में धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाले अन्य फसल लिए जाने संबंधित प्रस्ताव ग्रामसभा की बैठक में पारित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव, नोडल अधिकारी अनिल सोनवानी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच, रोजगार सहायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, किसान, महिला स्वसहायता समूह की सदस्य शामिल हुए

समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना से किसानों के सपने हो रहे पूरे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन की किसान हितैषी योजनाओं से जिले के किसानों का खेती-किसानी के रकबे में वृद्धि और सपने पूरे हो रहे है। ग्राम बरगाही के किसान श्री सेवक राम साहू आज 190 क्विंटल धान बिक्री करने धान उपार्जन केन्द्र ढाबा पहुंचे थे। किसान सेवक राम बहुत खुश नजर आ रहे थे। वे शासन द्वारा धान खरीदी शुरूआत होने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से उनका सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से इच्छा थी कि वे एक नया घर बनाएंगे। इस वर्ष की धान बिक्री से उनका नया घर बन जाएगा। किसान सेवक ने बताया कि उनका एक-एक सपना पूरा हो रहा है। पिछले वर्ष की धान बिक्री से उन्होंने खेती-किसानी में निवेश करते हुए खेती जमीन खरीदा था। जिसमें अच्छा उत्पादन हुआ है और लाभान्वित भी होंगे। उन्होंने बताया कि उनके पास 60 एकड़ खेती जमीन है। उन्होंने ऑनलाईन के माध्यम से घर बैठे टोकन तुंहर हाथ एप्प से टोकन कटवाया था। पिछले वर्ष की धान खरीदी से उन्हें अच्छा लाभ मिला था। किसान सेवक राम ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसान आधुनिक और तकनीकी कृषि को अपना रहे हैं। इसके साथ ही अपने कृषि भूमि में राशि को निवेश कर रहे है।

निधन

मुकुल तिवारी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। पोड तोरला निवासी

मुकुल तिवारी का 2 दिसंबर, मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मानू तिवारी एवं तुषार (बापी) तिवारी के पिताजी थे।

बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में बाला कांसेप्ट आधारित पेंटिंग, सौंदर्यीकरण शुरू

नन्हें सपनों को मिला रंग

धमतरी/नवप्रदेश। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और बाल विकास की दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन्हीं योजनाओं में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एक ऐसी महत्त्वाकांक्षी योजना है जिसका लक्ष्य न केवल ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना है बल्कि ग्रामीण विकास के बहुआयामी स्वरूप को गति प्रदान करना भी है। आज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से ऐसे अनेक निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए

विकास और सशक्तिकरण के नए अवसर तैयार कर रहे हैं।

इसी क्रम में धमतरी जिला के नगरी विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत डोकाल में वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना अंतर्गत 08 लाख रूपये, डी.एफएफ मद से 1.69 लाख रूपये तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से 02 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति से बाला कांसेप्ट के आधार पर अत्यंत प्रभावशाली और आकर्षक कार्य का क्रियान्वयन किया गया। इस नवाचार ने आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों की दीवारों को पुस्तकालय, कक्षा और खेल मैदान तीनों का रूप दे दिया। दीवारों पर सृजित विविध कला और चित्रकारी ने बच्चों के लिए सीखने को सहज, रोचक और आनंदमय अनुभव में बदल दिया।

डोकाल एक आदिवासी बाहुल्य पंचायत है जहां अधिकतर परिवार आजीविका के लिए कृषि और दिहाड़ी पर निर्भर रहते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ने के बावजूद संसाधनों की कमी के कारण बच्चे स्कूल तो आते थे परंतु शिक्षण वातावरण प्रेरक नहीं था। विशेषकर नवनिहाल बच्चों के लिए रंग, चित्र, खेल, और दृश्यात्मक माध्यमों की कमी सीखने में चुनौती बनती जा रही थी। ऐसे में पंचायत और जनपद पंचायत ने मनरेगा के तहत एक ऐसा कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया जो स्थायी, सृजनात्मक और बच्चों के भविष्य को संवारने वाला हो। इसी विचार से बाला कांसेप्ट आधारित पेंटिंग एवं विद्यालय सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया गया। बाला कांसेप्ट का मतलब है भवन को ही सीखने का साधन बनाना । विद्यालय के भवन को ही शिक्षण सामग्री में परिवर्तित कर दिया जाता है जिससे सीखना दृश्य, स्पर्श, खेल और अनुभव के माध्यम से संभव होता है । वर्णमाला अ- से ज्ञ तक , अंग्रेजी , 1 से 100 तक संख्याएं, गुणनफल सारणी, रंग, आकार, वाहन, फल, फूल, सब्जियां, राष्ट्रीय प्रतीक, स्वतंत्रता सेनानी, पशु-पक्षी, जलचर, पेड़-पौधे, भारतीय नक्शा, विश्व मानचित्र, साँप-सीढ़ी, जम्प गेम, गणितीय पजल और आकृतियों ने जैसी सुरक्षा जागरूकता चित्रकारी, बाल स्वास्थ्य और स्वच्छता संदेश, हाथ धुलाई पद्धति, पोषण चक्र एवं संतुलित आहार चार्ट, बेटी बचाओदृबेटी पढ़ाओ संदेश, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता संदेश के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जा रही है ।

मनरेगा में इस कार्य से ग्राम के कई परिवारों को लगातार रोजगार मिला।मजदूरों ने दीवार सफाई, पालिश, प्लास्टर एवं रंग-रोगन का कार्य किया। स्थानीय कलाकारों की कला को मंच मिला।

नकली कफ सिरप मामले में नवकार मेडिकल स्टोर पर छापा

गरियाबंद और रायपुर की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नकली कफ सिरप मामले में नई कड़ी सामने आने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने नवापारा के सदर रोड स्थित मेडिकल स्टोर में आज बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई पूर्व में राजिम के कुलेश्वर मेडिकल स्टोर पर हुए कार्रवाई की आगे की कड़ी मिलने पर की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन गरियाबंद, रायपुर और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सदर रोड स्थित नवकार मेडिकल स्टोर में दबिश दी है। बताया जा रहा है कि नकली कफ सिरप के मामले में कुलेश्वर मेडिकल स्टोर और नवकार मेडिकल स्टोर के बीच साठगांठ होने की आशंका के चलते यह कार्यवाही की गई है। इसी आधार पर एफ्डीए की टीम ने दुकान से इलेक्ट्रॉनिक

उपकरणों सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जप्त किए है, जिनकी जांच टीम द्वारा की जाएगी।

कंप्यूटर डेटा और बिलिंग सिस्टम से कई महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। इस बीच नवकार मेडिकल स्टोर के संचालक कार्रवाई के दौरान मौके से गायब पाए गए है। प्रशासन का कहना है कि नकली दवा मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

कफसिरप नकली पाई गई थी

बता दे कि पूर्व में राजिम स्थित कुलेश्वर मेडिकल स्टोर में झोलाछाप डॉक्टरों को नियम विरुद्ध दवाएं सप्लाई किए जाने की शिकायत मिली थी। इसी आधार पर विभाग द्वारा मेडिकल का औचक निरीक्षण किया गया था। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर से न केवल एक्सपायरी और नियर-एक्सपायरी दवाएं बरामद की गईं थी, मेडिकल स्टोर से कफ सिरप का भी सैंपल लिया गया था। जांच में लैब रिपोर्ट में कफ सिरप नकली पाई गई थी।

क्या कहते हैं अधिकारी

औषधीय निरीक्षक गरियाबंद धर्मवीर सिंग ध्रुव ने बताया कि पूर्व में राजिम के कुलेश्वर मेडिकल स्टोर से नकली कफ सिरप मिलने पर कार्रवाई की गई थी। इसकी आगे की कड़ी मिलने पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए विवेचना में लिया गया है। सभी दस्तावेजों को जप्त किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिले में धान की खरीदी उत्सव के लिए किसानों में उत्साह एवं खुशी

■ **अब तक जिले में 17675 पंजीकृत किसानों से 213 करोड़ 83 हजार रूपए मूल्य का 896285.20 क्विंटल धान की खरीदी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में धान की खरीदी उत्सव के लिए किसानों में उत्साह एवं खुशी है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है ।

ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न

धमतरी/नवप्रदेश। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र धमतरी में बी.एस.सी. (उद्यानिकी) चतुर्थ वर्ष प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अधिष्ठाता डॉ. हेमंत टोप्पो द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव के उद्देश्य एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अध्ययन के अंतिम वर्ष में विद्यार्थियों को चयनित गांवों में किसानों के बीच रहकर ÷करके सीखो÷ के सिद्धांत पर कार्य करना होगा जिससे न केवल उनके व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होगी बल्कि वे खेती की आधुनिक तकनीकों से दक्ष भी बनेंगे। डॉ. टोप्पो ने विशेष रूप से स्थानीय संसाधनों आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया जिससे उत्पादन लागत घटती है और मिट्टी की उर्वरता एवं स्वास्थ्य में सुधार होता है। कार्यक्रम समन्वयक शिखा मरकाम, सहायक प्राध्यापक ने सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन तकनीकों एवं उनके उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को उनकी वास्तविक समस्याओं एवं आवश्यकताओं के समाधान की प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाता है तथा डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण में भी गांव की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित होती है।डॉ. सरिता पैकरा, सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम के दौरान गांवों में प्लांट क्लिनिक संचालन के महत्त्व एवं उपयोगिता पर चर्चा की तथा फल एवं सब्जी परिरक्षण की विविध विधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कल्पना कुंजाम, सहायक प्राध्यापक ने उद्यानिकी की उन्नत तकनीकों, प्रक्षेत्र प्रदर्शन एवं विभिन्न मॉडल्स की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के पश्चात रिपोर्ट लेखन की प्रक्रिया पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. राजकमल पटेल, अतिथि शिक्षक ने मृदा परीक्षण, पौधों के पोषक तत्व प्रबंधन, अकार्बनिक एवं जैविक खाद निर्माण तकनीकों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। वहीं डॉ. द्वारिकाधीश चुरपाल, अतिथि शिक्षक ने कृषि सह उद्यमिता एवं कृषि व्यवसाय के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। अधिष्ठाता डॉ. हेमंत टोप्पो के सफल मार्गदर्शन में सम्पन्न इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को ग्रामीण स्तर पर उद्यानिकी कार्यों से जुड़कर उनके व्यावहारिक व तकनीकी कौशल को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रेरणा प्रदान की।

थाना सहसपुर लोहारा का पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने किया वार्षिक निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। 01 दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) द्वारा थाना सहसपुर लोहारा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालयीन व्यवस्था, अभिलेख संधारण, मालखाना प्रबंधन तथा थाने की संपूर्ण सफाई व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया गया।

निरीक्षण में थाना स्टाफ साफ सुथरी वर्दी में अनुशासित रूप से उपस्थित मिला, जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण स्टाफ की प्रशंसा की गई। मुंशी कक्ष, विवेचक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष एवं अन्य कार्यालयीन भागों का निरीक्षण कर उनके रख-रखाव को सुव्यवस्थित पाया गया। थाने में दर्ज अपराधों की समीक्षा के दौरान अपराध निकाल की प्रगति पर श्रीमान द्वारा टीम को बधाई दी गई और भविष्य में भी इसी सक्रियता बनाए रखने की प्रेरणा दी गई।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा तथा अन्य अवैध गतिविधियों पर कठोर एवं सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाने तथा असामाजिक तत्वों पर निरंतर निगरानी रखने के लिए भी विशेष रूप से निर्देशित किया गया। निगरानीशुदा बदमाशों एवं गुंडा सूची के व्यक्तियों को नियमित रूप से थाने में उपस्थित कराने पर भी जोर दिया गया।

जनङ्कसुरक्षा की भावना को मजबूत करने हेतु रात्री गश्त, विजिबल पुलिसिंग, सामुदायिक संपर्क और जनसहभागिता को और बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सायबर अपराधों की बदलती प्रवृत्ति को देखते हुए जनता को जागरूक करने, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताने और निरंतर जनजागरण कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा सहित सभी अधिकारीङ्ककर्मचारी उपस्थित रहे। श्रीमान ने टीम भावना, अनुशासन, तत्परता और जनता के प्रति जवाबदेही को थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण ताकत बताते हुए सभी को प्रोत्साहित किया।

एएसडी मतदाता सूची को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 संपन्न कराया जा रहा है। इस संबंध में उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को पत्र प्रेषित कर कहा है कि जिले के दोनों विधानसभा अंतर्गत ऐसे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) जिनके द्वारा घर-घर सर्वे पूर्ण कर विधिवत् भरे हुये गणना पत्रक विभिन्न कारणों से अनुपस्थित, स्थानातंरित, डुप्लीकेट एवं मृत उन्हें एकत्रित नहीं हो पाए। उपरोक्तानुसार तैयार एएसडी मतदाताओं की सूची को मतदान केन्द्र एवं संबंधित पंचायत, नगरीय निकाय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें ताकि सूची के विरूद्ध दावा, आपत्ति प्राप्त करने हेतु स्थानीय नागरिकों से भी अनुरोध किया जा सके। ऐसी सूची को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ अनिवार्यतः साझा किया जावे, ताकि यदि कोई मतदाता किसी भी कारण से गणना पत्रक जमा नहीं कर पाया हैं तो वह भी गणना

कठिया-पचरी में प्रस्तावित मंगलम लाइमस्टोन माइनिंग की जनसुनवाई पर जनप्रतिनिधि व प्रबंधन कटघरे में

जनसुनवाई गाइडलाइंस की उड़ी धज्जियां, ग्रामीण बेखबर

तिल्दा-नेवरा/नवप्रदेश। रायपुर जिला , तिल्दा तहसील क्षेत्रांतर्गत प्रस्तावित लाइमस्टोन माइनिंग को लेकर आहूत जनसुनवाई एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है । क्षेत्रवासियों का कहना है कि जनसुनवाई के संबंध में ग्रामवासियों को कोई सूचना नहीं दिया गया है , उन्होंने संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व उद्योग प्रबंधन पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि इनकी मिलिभगत के चलते ग्रामीणों के साथ विश्वासघात हुआ है । ग्रामीणों को विश्वास में लिए बगैर जनसुनवाई की गई है ,जिसका ग्रामीणों ने बड़ा विरोध किया है । वहीं पर कुछ ग्रामीणों को प्रलोभन दिये जाने की बात भी सामने आ रही है । ग्राम कठिया -पचरी में प्रस्तावित मेसर्स मंगलम सीमेंट लिमिटेड के अधीन 323.332 हेक्टेयर प्रस्तावित लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट क्षमता 32086908 टन वर्ष के पर्यावरण स्वीकृति बावत जनसुनवाई प्रोजेक्ट स्थल से चार किलोमीटर की दूरी ग्राम पंचायत आलेसुर में आहूत की गई थी । इस पर्यावरण जनसुनवाई को लेकर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणो में काफी नाराजगी देखी जा रही है वहीं पर उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच पर भी बड़ा आरोप लगाया है ,उनका कहना है कि सरपंच व उद्योग प्रबंधन के मिलिभगत से ग्रामीणों के साथ छल किया गया है । जानकारी के अनुसार प्रस्तावित प्रोजेक्ट को लेकर पर्यावरण जनसुनवाई पिछले दो बार स्थगित हो चुका है ,इस स्थगन को ग्रामीणों का बडा विरोध से जोड़ा जा रहा है । स्थानीय ग्रामीणों ने यह भी कहा कि पर्यावरण जनसुनवाई को प्रोजेक्ट स्थल से चार किलोमीटर की दुरी अन्य ग्राम में आयोजित कर ग्रामीणों से दुरी बनाया गया है ,ताकि ग्रामीण विरोध ना कर सके , उद्योग प्रबंधन पर बड़ा आरोप लगाते हुए ग्रामीणो ने यह भी कहा है कि जनप्रतिनिधियों के साथ उद्योग प्रबंधन साठ गांठ कर एक कुचक्र रचा गया और गुपचुप तरीके से पर्यावरण जनसुनवाई संपन्न की गई ,लिहाजा पर्यावरण जनसुनवाई में प्रभावित पंचायत के एक चौथाई हिस्सा आबादी की उपस्थिति नहीं रही ।वहीं ग्राम आलेसुर जहां की भूमि पर जनसुनवाई किया गया ,वहा के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने पर्यावरण जनसुनवाई में प्रोजेक्ट का बडा विरोध किया है ,उनका कहना है कि लाइमस्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट से क्षेत्र प्रदुषित होगा ,उनका कहना है कि जहां जहां पर लाइमस्टोन माइनिंग का संचालन हो रहा है वहां के रहवासियों की दुर्गति किसी से छिपी नहीं है । स्थानीय बेरोजगार की संभावना तराशना बेमानी होगी । गौरतलब हो कि पर्यावरण जनसुनवाई के चार दिन पूर्व पत्रकारों के टीम ने प्रभावित ग्रामीणों से मुखातिब हुआ ,इस दरम्यान ग्रामीणों ने नियत तिथि की जनसुनवाई को लेकर सवाल दागने लगे , ग्रामीणों व पंचो ने कहा कि पर्यावरण जनसुनवाई की जानकारी पत्रकारों के जुबांन से सुन रहे हैं ,हमें तो यहां पर कथित प्रोजेक्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नही? हुआ है ।वहीं पर ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच ने दो टूक में कहा था कि लाइमस्टोन माइनिंग से क्षेत्र का विनाश होगा ,इस प्रोजेक्ट से ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार की संभावना तराशना बेमानी होगी ,बल्कि इसके विपरित इस प्रोजेक्ट से प्रतिकुल प्रभाव पडेगा , उन्होंने दो टूक में कहा था कि यह क्षेत्र पर्यावरण के दृष्टि से अनुकुल है ,इसे गर्त में नहीं जाने देंगे , उन्होंने यह भी कहा कि इसके पूर्व नलवा स्पंज उद्योग का हमने पुरजोर विरोध किया था ,और इसका भी करेंगे , लेकिन पर्यावरण जनसुनवाई के दौरान सरपंच पर गिरगिट के रंग देखने को मिला।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन

■ **गणना पत्रक सत्यापन की अवधि 11 दिसम्बर तक**

■ **14 फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन**

■ **दावा आपत्ति 16 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक**

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01.01.2026 के संदर्भ में चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया को 7 दिन के लिए बढ़ा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम की तिथियाँ बदल गई हैं। संशोधित तिथियों के अनुसार अब घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य 11 दिसंबर 2025 तक चलेगा। मतदान केंद्र का युक्तिकरण या पुनर्व्यवस्था का कार्य भी 11 दिसंबर 2025 (गुरूवार) तक चलेगा। इसी प्रकार नियंत्रण तालिका का अद्यतनीकरण और ड्राफ्ट रोल की तैयारी का कार्य 12 दिसबंर से 15 दिसबंर 2025 तक चलेगा। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन (ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी) 16 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा। आपत्ति और दावा दर्ज करने की संशोधित अवधि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सुनवाई और सत्यापन का कार्य 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया जाएगा। सभी संबंधितों को आयोग द्वारा जारी इन निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

न्यूज गैलरी

शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करने वाले का हुआ सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप जिले के बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ संपादित कर रहे हैं। अभियान के दौरान ग्राम राजपुर की बीएलओ लक्ष्मीन बाई चौबे तथा अभिहित अधिकारी महेश ध्रुव ने सौंपे गए कार्य को शत-प्रतिशत पूरा किया। कलेक्टर ने दोनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार डोड़ा क्षेत्र में बीएलओ द्विजेन्द्र सिंह ठाकुर तथा अभिहित अधिकारी भूपेंद्र कुमार धीरे ने भी अपने क्षेत्र में मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया। निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए कलेक्टर द्वारा उन्हें भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छात्रावास सारधा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्राओं को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भर बनने तथा सुरक्षित रहते हुए देश के विकास में भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने संविधान में प्रदत्त मूल अधिकार, बालिकाओं के संरक्षण हेतु पोक्सो एक्ट, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं 2018, खेल-कूद व्यायाम सहित विभिन्न विधिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के अंतर्गत इंटरनेट व सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों, साइबर सुरक्षा एवं उनसे बचाव के उपायों पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, छात्राओं को दैनिक समाचार पत्र पढ़ने के लाभों से अवगत कराया गया। शिविर में विद्यालय के हॉस्टल अधीक्षक एवं पैरा लीगल वालंटियर भी उपस्थित रहे।

सीतापुर में 4 घंटे चक्काजाम, युवकों के हंगामा मचाए जाने के बाद भड़का आक्रोश

सरगुजा में दो समुदाय में तनाव, शहर बंद कराने निकाली रैली

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा के सीतापुर में दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बन गई है। 30 नवंबर को एक शादी समारोह में कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ जिसके बाद बात मारपीट तक आ पहुंची। जिसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे जहां पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत सुनी और मामला दर्ज कर लिया। घटना सीतापुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस की एकपक्षीय कार्रवाई से नाराज उरांव समाज ने बीती रात 4 घंटे नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर दिया। 2 दिसंबर यानि आज समाज ने नगर बंद का आह्वान किया और रैली निकाली। तनाव की स्थिति को देखते हुए सीतापुर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जा रहा है विवाद 3 दिनों तक चला। 1 दिसंबर को फिर दूसरे पक्ष के युवकों ने 20 बाइक और स्कॉर्पियो में उरांव पारा पहुंचकर हंगामा मचाया था।

जानकारी के मुताबिक, सीतापुर में विवाद की शुरुआत 29 नवंबर की रात हुई। जब सीतापुर उरांव पारा के रहने वाले अमन खेस शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां उसका विवाद काराबेल के टोकोपारा निवासी निक्कू खान और महेश दास से हो गया। निक्कू खान टेंट लगाने का काम करता है। विवाद के बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई। अगले दिन 30 नवंबर को भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। मामले में दोनों पक्षों ने शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने निक्कू खान

की शिकायत पर अमन खेस और अन्य के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कर ली।वहीं अमन खेस की शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। फिर 1 दिसंबर की रात दूसरे पक्ष के युवकों ने उरांव पारा पहुंचकर हुड़दंग मचाया। इससे भड़के लोगों ने थाने के सामने नेशनल हाईवे पर धरना दे दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग थाने के सामने जमा हो गए और सड़क पर बैठ गए। रात करीब 1.30 बजे के बाद भी सड़क पर बैठे रहे। एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने उरांव समाज के लोगों को समझाइश देने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि शिकायत पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी होगी, इसके बाद भी वे सड़क से उठने को तैयार नहीं हुए।चक्काजाम के बाद सीतापुर में नेशनल हाईवे के दोनों ओर करीब 5 किलोमीटर से अधिक दूरी तक ट्रकों और भारी वाहनों की लाइन लग गई। देर रात 12 बजे एडिशनल एसपी अमोलक सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मुस्लिम समाज के दर्जनभर युवकों को हिरासत में लिया है, जिसके बाद मामला शांत हुआ। घटना के विरोध में उरांव समाज ने घटना के विरोध में मंगलवार (2 दिसंबर) को नगर बंद का आह्वान किया है। सुबह नगर बंद का आंशिक असर रहा। दोपहर में उरांव समाज ने नगर में रैली निकाली व नगर बंद कराया। पुलिस ने तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त बल सीतापुर में तैनात किया है। मामले में पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। उरांव पारा में उत्पात मचाने की सूचना मिलने पर गाड़ी नहीं होने के कारण पुलिस तत्काल मौके पर नहीं पहुंची। बाद में दो आरक्षक पैदल पहुंचे। पुलिस की लापरवाही के कारण मामले ने तूल पकड़ लिया।

अवैध धान भंडारण व परिवहन में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई जारी

जिले में अवैध धान भंडारण और परिवहन पर कार्रवाई, मैनपाट में 52 क्विंटल धान जब्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को मैनपाट विकासखण्ड के सपनादर के गुलाब यादव के घर से 70 बोरी 28 क्विंटल तथा कमलेश्वरपुर के श्याम यादव के घर से 60 बोरी 24 क्विंटल जप्त कर मण्डी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर के निर्देश पर चल रही सतत मॉनिटरिंग के परिणाम स्वरूप अब तक 10 प्रकरणों में 1335 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है, जिससे शासन की लगभग 3198045 लाख रुपये की आर्थिक हानि को रोका जा सका है। अवैध धान के अंतर्राज्यीय एवं आंतरिक परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिले में बनाए गए चेकपोस्टों पर सतत् निगरानी रखी जा रही है। अनुविभागीय स्तर पर भी विशेष टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। जंगल और वैकल्पिक मार्गों को

भी सील कर दिया गया है, जिससे अवैध धान आवाजाही पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया है कि अवैध धान भंडारण व परिवहन में शामिल व्यक्ति को सख्त कार्रवाई की जाए। विगत दिनों विभिन्न स्थानों पर किए गए गोदाम जांच के दौरान, विभागीय टीमों ने कई व्यापारियों से अवैध रूप से रखे गए बड़ी मात्रा में धान बरामद किया है। सभी मामलों में प्रकरण दर्ज की गई है। संजय अग्रवाल, श्री साई ट्रेडिंग, कान्तीप्रकाशपुरः 100 बोरी (40 क्विंटल) पतला धान, अनुमानित कीमत 95,560 रुपए,अजय अग्रवाल, आदर्श ट्रेडिंग, श्रीगढ़ अम्बिकापुर 180 बोरी (72 क्विंटल) मोटा धान, कीमत 1,70,568 रुपए, जनम कुमार अग्रवाल, जे.के. ट्रेडिंग, श्रीगढ़ः 502 बोरी (200.80 क्विंटल) मोटा धान, कीमत 4,75,695 रुपए, राजेश कुमार अग्रवाल, महामाया ट्रेडिंगः200 बोरी (90 क्विंटल) पतला धान, कीमत 2,15,010 रुपए,शशिकांत अग्रवाल, बंसल ट्रेडर्स, अम्बिकापुरः 1210 बोरी (484 क्विंटल) पतला धान, कीमत 11,56,276 रुपए,दीपक अग्रवाल, कृष्णा ट्रेडिंग, खरसिया नाकाः 625 बोरी (252 क्विंटल) पतला धान, कीमत 6,02,028 रुपए, मुकेश गुप्ता व सुभाष गुप्ता, खरसिया नाकाः 300 बोरी (120 क्विंटल) मोटा धान, कीमत 2,84,280 रुपए,ग्राम बेलगांव, तहसील सीतापुरः 60 बोरी (24 क्विंटल) मोटा धान, कीमत 74,400 रुपए, अनिल गुप्ता, अनिल ट्रेडर्स, ग्राम सलका, तहसील उदयपुर 60 बोरी (24 क्विंटल) पतला धान, कीमत 74400 रुपए है। कुल मिलाकर, इस जांच अभियान में विभिन्न गोदामों से 3177 बोरी (लगभग 1283 क्विंटल) धान जब्त किया गया है।

किसानों के लिए उद्यानिकी फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के किसान अपनी उद्यानिकी फसलों जैसे टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज और आलू आदि के बीमा के लिए 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इच्छुक कृषकों को अधिसूचित फसलों की बीमित राशि का 05 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देना होगा। इस हेतु बीमा कम्पनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि राजेश बिठल्ल मोबाईल नम्बर 6267049155 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि ताराचंद मोबाईल नम्बर 9617739731 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए देय प्रीमियम 06 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 850 रूपए, फूलगोभी के लिए 03 हजार 500 रूपए, पत्तागोभी के लिए 03 हजार 500 रूपए, प्याज के लिए 04 हजार रूपए और आलू के लिए 06 हजार रूपए किसानों को देना होगा। इस योजना में अऋणी कृषक को शामिल होने के लिए घोषणा पत्र के साथ फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

अवैध शराब के ख़िलाफ़ विभाग की बड़ी कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर आबकारी विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी तारतम्य में आबकारी विभाग द्वारा ग्राम साल्हेघोरी में छापामार कार्यवाही कर 05 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा 2.16 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि आरोपी त्रिभुवन मिरी को मौके से पकड़कर उसके विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

धान खरीदी व्यवस्था सुगम, किसान ने सहज प्रक्रिया पर जताया संतोष

टोकन कटाने से लेकर बारदाना उपलब्धता तक मिल रही सुविधा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए बेहद सुगम बनाएं गए हैं। टोकन कटाने से लेकर समिति में धान विक्रय तक किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुहपुटरा धान उपार्जन समिति में धान बेचने पहुंचे कृषक श्री राजेश कुमार राजवाड़े ने खरीदी केंद्र की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि उनका कुल रकबा 160 क्विंटल का है और उन्होंने 59 क्विंटल 80 किलो का पहला टोकन कटाया है।उन्होंने बताया कि टोकन कटाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई, पूरी प्रक्रिया सहज और सरल रही। धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुँचते ही समिति द्वारा धान बिक्री प्रक्रिया पूरी कर बारदाना और सूजा-सुतरी तुरंत उपलब्ध कराई गई, जिससे धान तौल की प्रक्रिया बिना किसी देरी के पूरी हुई।

कृषक राजवाड़े ने बताया कि समिति केंद्र में धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान हित में संचालित हो रही है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समिति के कर्मचारी व संबंधित अधिकारी सहयोग कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के शासन में प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी और 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल का सर्वाधिक दाम मिलने से किसानों को आर्थिक रूप से लाभ मिल रहा है। जिससे धान विक्रय को लेकर किसानों में उत्साह देखा जा रहा है।कृषक श्री राजवाड़े बताते हैं कि धान खरीदी की यह व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और आसान है। यहां किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही। उन्होंने धान खरीदी व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।जिले के उपार्जन समितियों में धान खरीदी व्यवस्था की सुविधा से किसानों का मनोबल बढ़ा है और धान खरीद प्रक्रिया रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में विश्व एड्स दिवस मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। एचआईवी/एड्स अभी भी दुनिया की एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है, लेकिन साथ ही यह आशा, जागरूकता और संवेदनशीलता का संदेश भी देता है। डॉ. मनीष बंजारा ने बताया कि एड्स एक वायरस है, जो हमारी प्रतिरोधक प्रणाली को प्रभावित करता है। यह धीरे-धीरे शरीर की रक्षा करने वाली कोशिकाओं को नष्ट करता है, जिससे सामान्य संक्रमण भी जानलेवा हो सकते हैं।

विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा के मार्गदर्शन में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दाउपारा से बालानी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, गोल बाजार होकर शासकीय बीआर साव विद्यालय में सम्पन्न हुई। रैली में विद्यार्थियों द्वारा जागरूक बने, एड्स को हराने आगे आएं, सुरक्षित जीवन ही समझदारी जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और एचआईवी-एड्स

से बचाव की जानकारी दी गई। जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 15 दिसंबर तक जिले में जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण के रूप में यह रैली निकाली गई। रैली में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 175 विद्यार्थी इस शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा एड्स संक्रमण, सावधानियां, उपचार एवं हेल्पलाइन 1097 की जानकारी भी दी गई। उपस्थित सभी अतिथियों ने युवाओं से सुरक्षित व्यवहार अपनाने व समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। इस दौरान बी आर साव स्कूल के प्राचार्य पी.सी. दिव्य सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सकण और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विवेकानंद विद्यापीठ में 24वां गीता जयंती समारोह आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। विवेकानंद विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अगहन मास के शुक्ल पक्ष का एकादशी जिसे मोक्षदा अर्थात मोक्ष प्रदान करने वाला के रूप में प्रचलित है, गीता जयंती विद्यालय में विगत 24 वर्षों से मनाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में स्कूल छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस श्लोक गायन, निबंध, रंगोली व व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें निबंध में प्राथमिक स्तर पर भूमिका कश्यप प्रथम, महक यादव द्वितीय, लतेश्वरी साहू तृतीय, माध्यमिक स्तर पर मानवी सिंह ठाकुर प्रथम, नवीन साहू द्वितीय, कमलेश्वरी साहू तृतीय एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर पूजा चंद्राकर प्रथम, मान्या सिंह ठाकुर द्वितीय, हेमलता सप्रे तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली में प्राथमिक स्तर पर सुरभि यादव प्रथम, दिशा कुंभकार द्वितीय, रितु सोनकर तृतीय, माध्यमिक स्तर पर डिम्पी यादव प्रथम, रुद्र सोनकर व भावना यादव द्वितीय, नवीन पैकरा तृतीय एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर शिखा साहू प्रथम, नम्रता घृतलहरे द्वितीय, यामिनी सुप्रे व दिव्या यादव तृतीय स्थान पर रहे। श्लोक गायन में माध्यमिक स्तर पर सुषमा साहू प्रथम, चांदनी जोशी द्वितीय, भाविका देवांगन तृतीय एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर चित्रांजलि साहू प्रथम, आरती पटेल द्वितीय, रुचि केशरवानी तृतीय स्थान पर रहे। व्याख्यान प्रतियोगिता में हिमांशी साहू प्रथम, पंकज चंद्राकर द्वितीय व प्रिया चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किये।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurementPortal: https://eproc.cgstate.gov.in

निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सिस्टम क. 177000/निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 06.10.2025 के द्वारा मुरूमसिल्ली बांध के नीचे पहुंच मार्ग (निरीक्षण रोड) एवं संरचनाओं का निर्माण कार्य के निविदा के प्रथम आमंत्रण में एक ही निविदाकार को योग्य पाये जाने के कारण प्रतिस्पर्धा के अभाव में निविदा निरस्त की जाती है, जिसका सूचना प्रकाशन क्र. जी. नं. 252603991 है।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग रूद्री कोड नं. 38 (छ.ग.)
वास्ते मुख्य अभियन्ता,
महा.परि. जल संसाधन विभाग रायपुर
जी-252605155/7

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)
कार्यालयीन आदेश

आदेश क्रमांक ..../व.ले. लि/2025-26 बिलासपुर, दिनांक.....

निविदा सूचना क्रं. 13/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 23.09.2025 निविदा सिस्टम क्रं. 176232 खारंग जलाशय योजना के बांयी तट नहर के आर.डी. 20990 मी. से 21990 मी. तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य एवं आर.डी. 20990 मी. पर निर्मित व्ही.आर.बी. के एलाईनमेंट में सुधार कार्य (प्रथम आमंत्रण) राशि रूपये 378.48 लाख में एक ही निविदाकार को योग्य पाये जाने के कारण निविदा तथा प्रतिस्पर्धा के अभाव में निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रं. जी 252603709 / दिनांक 26.09.2025

सही
कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)
जी-252605177/4

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

कमांक/निर्माण/2025-26/4682 कोरबा दिनाँक 28/11/25

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ0ग0 शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 27.12.2025 है।

क्र.	कार्य का नाम	वि.ख.	निविदा राशि (लाख में)	अमानत राशि
1	2	3	4	5
1	आदिवासी बालक आश्रम अरसिंया का रेनोवेशन कार्य	पोड़ीउपरोडा	49.88	37410/-
		योग:-	**49.88**	

नोट:- 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।
2. ठेकेदार का श्रेणी "डी" क्लास या उससे उपर।
टीप:- निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा
जी-252605143/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (वि./ यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
नि.आ.सू. दिनांक 27/11/2025 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 17/12/2025
Physical Submission Last Date 24/12/2025
ऑनलाईन निविदा प्रथम आमंत्रण

क्र.	नि.आ.सू. क्रमांक	ऑनलाईन टेण्डर नं.	कार्य का नाम	लागत (लाख मे)
1	43	180712	Providing Pole Shifting and Xmer DP from Bodhapara - Bodtara Road, Block Lormi, Distt. Mungeli (C.G.)	50.92
2	44	180733	Providing Pole Shifting and Xmer DP From Jhirwan- Dhourabhata, Block-Lormi, Distt. Mungeli (C.G.)	46.19
3	45	180738	Providing Pole Shifting Xmer DP From Patharri - Dindouri (D-2) Canal, Block-Lormi, Distt. Mungeli (C.G.)	18.10
4	46	180746	Providing Pole Shifting Xmer DP From Hardi - Bhaskara (D-3 Canal), Block-Lormi, Distt. - Mungeli (C.G.)	11.77
5	47	180755	Providing LT & HT Shifting from Nawagaon To Batha Road, Block-Lormi, Distt. - Mungeli (C.G.)	11.62
6	48	180764	Providing Pole Shifting and Xmer DP From Bodtara- Patharra-Ramhepur - Dindouri Road, Block-Lormi, Distt.- Mungeli (C.G.)	194.13

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., (वि./यां.) मण्डल बिलासपुर (छ.ग.)
जी-252605151/5

‘एचआईवी के प्रति संवेदनशील बनाना, भ्रांतियों को दूर करना उद्देश्य’

डीपी विप्र महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर चलाया गया जागरूकता पोस्टर व पेंटिंग अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। डी.पी. विप्र महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज एक विशेष एड्स जागरूकता पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग अभियान का आयोजन किया गया, जिसने महाविद्यालय परिसर को सामाजिक जागरूकता, रचनात्मकता और मानवीय संवेदना के रंगों से भर दिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कला के माध्यम से एचआईवी/एड्स के प्रति संवेदनशील बनाना, समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जागरूकता को प्रभावी रूप में प्रस्तुत करना था।

अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों डॉ. एम.एस. तंबोली, प्रो. ए श्री राम, डॉ. किरण दुबे, प्रो. युपेश कुमार, प्रो. हेलसियन कांत, और प्रो. आकांक्षा गौतम की संयुक्त उपस्थिति में हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पोस्टर और पेंटिंग जैसी दृश्य कलाएं समाज पर तुरंत प्रभाव डालती हैं, क्योंकि एक चित्र वह कह सकता है जो लंबे भाषण भी नहीं कह पाते। उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कला के माध्यम से जागरूकता फैलाना आज की युवा पीढ़ी की एक अत्यंत प्रभावशाली पहल है। महाविद्यालय परिसर में यह अभियान एक कला प्रदर्शनी की तरह सजा था, जहाँ विभिन्न रंगों, विचारों और संदेशों से सुसज्जित पोस्टर दीवारों पर जीवंत होकर समाज को जागरूकता का संदेश दे रहे थे। छात्रों ने अपने चित्रों में एड्स से जुड़ी भ्रांतियों पर प्रहार किया, सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया और ‘जागरूकता ही सुरक्षा’ की थीम को सुंदर और प्रभावशाली रूप से उकेरा। कुछ चित्रों में एचआईवी रोगियों के प्रति संवेदना और भेदभाव न करने के संदेश को मानवता के भावपूर्ण रंगों में प्रस्तुत किया गया, तो कुछ पोस्टरों में एड्स से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी जैसे प्रसार के तरीके, रोकथाम उपाय और उपचार सुविधाओं को सरलतम रूप में दर्शाया गया। इस परिक्रमा में अनेक छात्रों ने पोस्टर पढ़कर अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका समाधान एनएसएस टीम ने सरल, तथ्यात्मक और वैज्ञानिक तरीके से किया। इसके अतिरिक्त एक विशेष संवाद सत्र भी आयोजित किया गया जहाँ शिक्षकों ने एड्स के बारे में मिथकों और वास्तविकताओं के अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि एड्स छूने, साथ बैठने, खाना बाँटने या सामान्य संपर्क से नहीं फैलता, और इसका इलाज एवं नियंत्रण चिकित्सा विज्ञान में पूरी तरह उपलब्ध है। उन्होंने छात्रों से कहा कि जागरूकता ही वह शक्ति है जो एड्स जैसी बीमारियों से होने वाले सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर सकती है। पूरे कैंपस में दिनभर जागरूकता, कला और संवाद का वातावरण बना रहा।

चित्रकला से संदेश देना अधिक प्रभावकारी

कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों ने बताया कि चित्रकला के माध्यम से संदेश देना अधिक गहरा और प्रभावकारी होता है, क्योंकि यह सीधे व्यक्ति की भावनाओं और सोच को प्रभावित करता है। कई पोस्टरों में स्टॉप डिस्क्राइमिनेशन, ‘आपकी जागरूकता- हमारी सुरक्षा ‘ एचआईवी नाऊ नो जेंडर एवारनेंस सेवस लीव ओ ओबीई पाजीटिव एबाउट एवारनेंस नाट एबाउट एचआईवीओजैसे प्रभावशाली स्लोगन सुंदर कलात्मक रूप में उभरे। इस अभियान को सफल बनाने में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग की पूरी व्यवस्था संभाली, प्रतिभागियों को सामग्री उपलब्ध कराई, प्रदर्शनी स्थल सजाया और दर्शकों को प्रत्येक पोस्टर के संदेश से अवगत कराया। इस आयोजन में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले एनएसएस स्वयंसेवक थे – आंचल खांडेकर, रिद्धि, दीपिका, चांदनी, सोनल, स्वमेल, कुनाल, राहुल, अनिकेत, सूरज, चिंटू, डीके, मोहनेश, बासु, नवनीत, डेनिम, प्रथम, शनिदेव और हर्ष। इन सभी ने पूरी निष्ठा, ऊर्जा और सेवा भावना के साथ अभियान को सफल बनाया।

न्यूज गैलरी

प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी के लिए चयन परीक्षा 14 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर में अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए एसएससी, बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड, छत्तीसगढ़ व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। कोचिंग अनुबंधित निजी संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थियों से 28 नवम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। तृतीय प्रशिक्षण सत्र हेतु प्राक्चयन परीक्षा 14 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। पात्र अभ्यर्थी 08 दिसम्बर 2025 से अपना प्रवेश पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, साइंस कॉलेज के पास, चांटीडीह रोड, बिलासपुर से प्राप्त कर सकते हैं। प्राक्चयन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र डेल्टा पब्लिक स्कूल, पुराना हाई कोर्ट के सामने, बिलासपुर निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में प्रशिक्षण केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

ट्रायल कोर्ट ने राजा को पांच और सात साल की सजा सुनाई थी

सक्ती राजा धर्मेंद्र सिंह पर लगे छेड़खानी और दुष्कर्म की कोशिश का आरोप रद्द: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने सक्ती के राजा धर्मेंद्र सिंह उर्फ धर्मेंद्र सिदार को छेड़खानी और दुष्कर्म की कोशिश के आरोप से बरी करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया है। ट्रायल कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं में राजा धर्मेंद्र सिंह को पांच और सात साल की सजा सुनाई थी, इसके अलावा जुर्माना भी किया था।

ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील पेश की। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने दोनों आरोप से उसे बरी कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता राजा धर्मेंद्र सिंह की रिहाई का आदेश दिया है। बीएनएसएस, 2023 की धारा 415 (2) के तहत धर्मेंद्र सिंह उर्फ धर्मेंद्र सिदार ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी), सक्ती, जिला सक्ती द्वारा 21 मई 2025 को पारित आदेश को चुनौती दी है।ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आईपीसी की धारा 450 के तहत चूक की शर्त के साथ पांच वर्ष का कठोर कारावास तथा 5000/- रुपये का जुर्माना। धारा 376(1) के तहत सात वर्ष का कठोर कारावास और 10000/- रुपये का जुर्माना किया था। ट्रायल कोर्ट ने दोनों सजाओं को एकसाथ चलाने का निर्देश दिया था। पीड़िता ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद सजा की अवधि को बढ़ाने की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। दोनों ही मामले एक प्रवृति के होने के कारण डिवीजन बेंच ने एकसाथ सुनवाई की थी। आरोप है कि आरोपी ने अभियोक्ता के सामने अभद्र व्यवहार किया। दुष्कर्म की कोशिश की। उसकी साड़ी और ब्लाउज फाड़ने का प्रयास किया। उसके विरोध करने पर हाथों की चूड़ियां टूटकर जमीन पर गिर गईं।

फैसले को दी थी चुनौती

ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपने आपको निर्दोष बताया। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसे संपत्ति, गोद लेने और उत्तराधिकार से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवादों के कारण झूठा फंसाया गया है। सक्ती के युवराज के रूप में उनके राज्याभिषेक के बाद से, उसके खिलाफ झूठी शिकायतों की एक श्रृंखला दर्ज की गई है। 10 जनवरी 2022 को पीड़िता पुलिस थाने में उपस्थित हुई और एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें बताया कि 9 जनवरी 2022 को लगभग 9 बजे, जब वह अपने घर पर अकेली थी, आरोपी धर्मेंद्र सिदार, निवासी पीला महल, सक्ती, उसके घर में घुस आया।

टैक्स में जमकर हेराफेरी, मौसाजी स्वीट्स पर जीएसटी का छापा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के प्रसिद्ध मिठाई स्टोर मौसाजी स्वीट्स पर सोमवार को स्टेट जीएसटी टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है। रायपुर और बिलासपुर की संयुक्त टीम ने शहर की सभी 5 शाखाओं (श्रीकांत वर्मा मार्ग, तिफरा, सरकंडा, मंगला, गोलबाजार) पर दबिश दी। सूत्रों के मुताबिक, यह छापा तब मारा गया जब टीम ने सुबह उसी स्वीट्स की दुकान पर नाश्ता किया था, और शाम 4:30 बजे अचानक जांच शुरू कर दी।

जीएसटी अधिकारियों ने सभी संस्थानों से दस्तावेज, कंप्यूटर, लैपटॉप, रजिस्टर और फाइलें कब्जे में ले लिए। अधिकारियों ने सिस्टम के सॉफ्टवेयर में दर्ज लेन-देन का पूरा हिसाब चेक किया। जॉइंट कमिश्नर के नेतृत्व में टीम ने बिल पर्चियों और टैक्स भुगतान से जुड़े सभी कागजात देर रात 12 बजे तक खंगाले। हालांकि विभाग ने अभी आधिकारिक खुलासा नहीं किया है, लेकिन शहर में इस बात की जोरदार चर्चा है कि संस्थान में टैक्स की बड़ी हेराफेरी पकड़ी गई है। जॉइंट कमिश्नर रात 10:30 बजे निकल गए, लेकिन अन्य अधिकारी देर रात तक जांच करते रहे। अधिकारियों ने कुछ जरूरी दस्तावेजों की कॉपी भी अपने साथ ले ली है।

सोलर उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निराकरण करें: अम्बस्ट

■ **पीएम सूर्यघर योजना के लिए बैठक आयोजित**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में संबंधित सोलर वेंडर्स को होने वाली समस्या के संबंध में कार्यपालक निदेशक (बि.क्षे.) द्वारा आज तिफरा स्थित कल्याण भवन में सुबह 12 बजे से 2:30 बजे तक बैठक आयोजित की गई, जिसमें बडी संख्या में पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं सोलर वेंडर्स उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर, पेण्ड्रारोड़ एवं मुंगेली जिले के कार्यपालन अभियंता एवं सोलर वेंडर्स को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गई थी, बैठक में उपस्थित वेंडर्स ने मैदानी स्तर पर आ रही समस्याओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि बैंकों द्वारा बिना किसी कारण के ही लोन देने से मना किया जा रहा है, इस पर कार्यपालक निदेशक ए.के. अम्बस्ट द्वारा संबंधित बैंकों की सूची उपलब्ध कराने कहा गया है। साथ ही उपस्थित सोलर वेंडरों को पूल बनाकर आपसी सामंजस्य से काम करने की सलाह दी गई है।

सोलर सामाग्री व तकनीकी स्टॉफ उपलब्ध रहे

श्री अम्बस्ट ने सभी सोलर वेंडरर्स को निर्देशित किया है कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में सोलर सामग्री तथा तकनीकी स्टॉफ की उपलब्धता रहे, जिससे कि कार्यों में तेजी आ सके। बैठक में अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगडे, स्मिता सूर्यवंशी, पी.आर. साहू कार्यपालन अभियंता हेमंत चन्द्रा, अनुपम सरकार, सैय्यद मुख्तार, एन.आर. भगत एवं सोलर वेंडर्स तथा पॉवर कंपनी के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सीताराम ने अंतिम समय में किया नेत्रदान

रतनपुर/नवप्रदेश। नगर के सर्वप्रिय एवं सम्मानित समाजसेवी सीताराम चंदेल (70) का मंगलवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया।

अपने शांत, सरल और विनम्र स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले चंदेल ने जीवन के अंतिम क्षणों में भी मानवता की सर्वोच्च मिसाल पेश करते हुए अपने नेत्र दान कर दिए। उनके इस निर्णय से दो नेत्रहीनों को नई रोशनी मिलने की उम्मीद जग गई है।

लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में रामकथा 12 जनवरी से

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में एक बार फिर श्रीधाम वृंदावन हेतु समर्पित श्री राम कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आयोजन समिति की पहली बैठक रविवार को मुख्य संरक्षक एवं बिलासपुर विधायक ,पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के निवास में आयोजित - हुई जिसमें रामकथा के आयोजन की पूरी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर में श्री राम कथा आयोजन की शुरुआत वर्ष 2003 में राजा रघुराज सिंह स्टेडियम से हुई थी। इसके बाद वर्ष 2008, 2013, 2018 और

सफलतापूर्वक कथा का आयोजन 2023 में भी आयोजन समिति द्वारा किया गया। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कथा व्यास संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज के मुखारबिंद से श्रीराम कथा की धारा बहेगी। जगन्नाथ मंगलम से निकलेगी कलश यात्रा यह आयोजन 11 जनवरी से प्रारंभ होगा। प्रातः 9 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित जगन्नाथ मंगलम से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल होगी। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान पहुंचेगी। यहीं पर 12 से 19 जनवरी तक प्रतिदिन विजय कौशल जी महाराज द्वारा श्री राम कथा का वाचन होगा। बैठक में समिति सदस्यों से आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सुझाव मांगे गए। प्रचार प्रसार, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा, प्रभात फेरी और अन्य व्यवस्थाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई। सामाजिक समरसता का माध्यम है रामकथा-अमर अग्रवाल आयोजन के मुख्य संरक्षक विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर की पहचान धार्मिक आयोजनों से है, जिससे शहर में सदैव सकारात्मक वातावरण रहा है।

आजाद युवा संगठन की 32 लोंगो ने ली सदस्यता

कोटा विधानसभा क्षेत्र के चुरेली में चला अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज़ाद युवा संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत कोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चुरेली में अभियान चलाते हुए 32 लोंगो को संगठन की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा बताया गया की बैठक में सदस्यों द्वारा बताया गया की केंदा पंचायत में शासकीय शराब भट्टी का संचालन किया जा रहा है शराब भट्टी जिस स्थान पर खोला गया है उस मार्ग से दो - तीन पंचायत जैसे ग्राम पंचायत चुरेली मानिकपुर के लोंगो का आना जाना लगा रहता है और उस मार्ग पर हमेशा शराबी एवं असामाजिक तत्वों जमवाडा बाना रहता है जिसके कारण उक्त पंचायत के लोंगो एवं राहगीरों को उस मार्ग से गुजरे पर शराबी एवं

आसामजिक तत्वों के आतंक, छेड़ छाड, एवं लूटपाट का शिकार होना पड़ रहा है जिसका विरोध पंचायत के लोंगो द्वारा किया जा चूका है किन्तु शराब भट्टी को उस स्थान से नहीं हटाया गया है। संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी द्वारा कहा गया की पंचायत के लोंगो को होने वाली परेशानी एवं समस्याओं का निराकरण करने को लेकर जल्द ही संगठन द्वारा जिला प्रशासन एवं आबकारी प्रशासन का घेराव करते हुए उक्त भट्टी को उस स्थान से हटाने की मांग की जाएगी मांग पूर्ण नहीं होने पर अनिश्चित कालीन धरना एवं चक्काजाम करने को बाध्य होगा। इस अभियान में मुख्य रूप से संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी के आलवा बैसाखु राम बैगा संगठन उपाध्यक्ष कोटा ब्लाक, लामू मरकाम,जंत राम बैगा, शिवकुमार गोड़, सुखमतिया बाई बैगा, गौतम टेकाम, शिवसागर टेकाम, चूरू राम बैगा, कुंवारिया बाई बैगा, साहिल बैगा, गणेशवर बैगा, पंच राम बैगा उपस्थित थे।

चयन | दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के लिए गर्व का क्षण

19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी, लखनऊ में रोवर गौरव का चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर ज़िले के वीर आज़ाद ग्रुप के प्रतिभावान रोवर गौरव राठौर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में प्रेस एवं मीडिया टीम के सदस्य के रूप में चयन प्राप्त किया है। यह चयन राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा विस्तृत प्रक्रिया, आवेदन एवं साक्षात्कार के उपरांत किया गया।

देशभर से प्राप्त आवेदनों में गौरव राठौर ने अपने उत्कृष्ट स्काउटिंग अनुभव, आत्मविश्वास एवं योग्यता के बल पर सफलतापूर्वक स्थान बनाते हुए बिलासपुर ज़िले, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स को गौरवान्वित किया है।

यह आयोजन 23 से 29 नवंबर 2025 तक लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अत्यंत भव्य स्वरूप में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से लगभग 35,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और भी बढ़ गई जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जम्बूरी में उपस्थिति दर्ज की गई। अपनी उपलब्धि का श्रेय गौरव राठौर ने बिलासपुर ज़िले के जिला आयुक्त (स्काउट) अनुराग सिंह/सीनियर डी.सी.एम. बिलासपुर, दिलीप कुमार स्वाई/राज्य संगठन आयुक्त एवं अपने ज़िला संगठन के सभी पदाधिकारियों तथा अपने रोवर-स्काउट लीडर को देते हैं, जिनके सतत सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से वे अपने स्काउटिंग जीवन में निरंतर प्रगति करते रहे हैं।

अब हमन बदलबो छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ जेसीबी पार्टी का गठन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अब हमन बदलबो छत्तीसगढ़’ के आगाज के साथ एक नए राजनैतिक दल जन चेतना भारत पार्टी का गठन हो गया है। इसके संस्थापक आम आदमी पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष रहे जसबीर चावला ने जयंत गायधने रायपुर और अभिषेक बाफना महासमुंद हैं । तीनों ने संयुक्त रूप से बताया कि उनकी पार्टी स्वच्छ राजनीति के साथआम जनता के हितों की लड़ाई लड़ेगी और भ्रष्ट लोगों को बेनकाब करेगी। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ बनने के 25वर्ष बाद भी पूरे प्रदेश की जनता हर क्षेत्र में अभाव ग्रस्त है और सपनों की सौदागर सरकारों की बातों और कामों से अब जनता

ठगा सा महसूस कर रही है। इन तीनों नेताओं ने जनभागीदारी के साथ एक नया और ईमानदार राजनीतिक विकल्प तैयार करने की घोषणा की है। प्रदेश बनने के 25 वर्ष बाद त्राहिमाम जन केआग्रह पर नई राजनीति के साथ राजनैतिक पार्टी का आगाज़ करते हुए कहा कि जनता के लिए ईमानदारी से मूलभूत सुविधाओं पर काम के लिए जन चेतना गवर्नेंस पर काम किया जाएगा ।साथ ही कथनी और करनी में हर योजना और कार्यों को लेकर अंतर जिससे जनता में भ्रम और असहाय सी पीड़ा का अब जन समर्थन से समाधान की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया शराब एवं नशीले पदार्थ का सेवन, असीमित भ्रष्टाचार, नकली दवाइयां, मिलावटी खाद्य पदार्थ, महंगाई, पर्यावरण प्रदूषण, गुंडागर्दी चरम पर पहुंच गई इस पर नकेल के लिए असाधारण प्रयास की आवश्यकता है।

ग्लोबल वॉर्मिंग से तेज हो रहा चक्रवात, 'दित्वाह'

नई दिल्ली। उत्तर हिंद महासागर साइक्लोन सीज़न का चौथा चक्रवात, 'दित्वाह' पूरी दुनिया के लिए एक भयावह चेतावनी बनकर उभरा है। 26 नवंबर को श्रीलंका के तट से टकराने के बाद, इसने 390+ लोगों की जान ले ली और 10 लाख लोगों को प्रभावित करते हुए 20 साल की सबसे भयानक बाढ़ ला दी। यह यमन द्वारा सुझाया गया नाम है। कमजोर होकर भारत के तमिलनाडु तट से गुजरते हुए इसने चेन्नई, तिरुवल्लुर और कांचीपुरम में भारी बारिश जारी रखी, जिससे 3 मौतें हुईं, 83 उड़ानें रद्द हुईं और सड़कें जलमग्न हो गईं। यह घटना दर्शाती है कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण तूफ़ान तेज़ी से मज़बूत हो रहे हैं और उनका असर दूर-दराज़ के इलाकों तक पहुँच रहा है। हमें एकजुट होकर जलवायु परिवर्तन से निपटना होगा। चक्रवात, 'दित्वाह' ने पहले श्रीलंका को बुरी तरह प्रभावित किया, जहाँ यह 20 सालों की सबसे भयानक बाढ़ लेकर आया। 10 लाख लोग प्रभावित हुए और 400 से ज़्यादा लापता बताए जा रहे थे, जबकि 390 से अधिक लोगों की जान चली गई। बंगाल की खाड़ी से गुजरते हुए यह भारत के तमिलनाडु तट के पास कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया, लेकिन चेन्नई, तिरुवल्लुर और कांचीपुरम जैसे इलाकों में इसने भारी बारिश जारी रखी। भारी बारिश को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया, जिसके चलते स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए। तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत हुई और 149 मवेशी मारे गए।

इमरान खान के समर्थकों का प्रदर्शन तेज, राष्ट्रपति शासन की तैयारी

■ धारा 144 के बाबजूद जुटे हजारों लोग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इमरान खान के समर्थक आज आंदोलन कर रहे है. इसमें राजनीतिक दल-पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता-कार्यकर्ता और इमरान समर्थकों ने रावलपिंडी में मेगा प्रोटेस्ट यानी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई थी. मंगलवार को पार्टी ने इमरान खान की बहनों और समर्थक जेल के बाहर धरने प्रदर्शन कर रहे थे. लेकिन सरकार ने इसको लेकर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और 700 से अधिक जवानों को जेल के बाहर तैनात किया गया है. रावलपिंडी में धारा 144 लागू कर दी है। इमरान खान की पहली पत्नी ने एक ट्वीट करके इमरान खान को लगभग एक महीने से सेना के द्वारा अज्ञातवास में रखने पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा बरती जा रही खामोशी के मुद्दे को उठाया है. इससे पहले उन्होंने एक्स पर लिखा था कि इमरान खान से उनके बेटों को मिलने नहीं दिया जा रहा है. फोन पर बात तक नहीं कराई जा रही है, जबकि कोर्ट ने परमिशन दी हुई है. इमरान खान की कोई खबर न मिलने से उनके समर्थक और परिवार परेशान हैं. परिवार का कहना है कि, पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार और सेना कुछ तो छिपा रही है. पिता के जिंदा होने या न होने, घायल होने या सुरक्षित होने का पता न चलना मेंटल टॉर्चर जैसा लगने लगा है। हालात की गंभीरता को देखते हुए पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने पूरे रावलपिंडी में धारा 144 लागू कर दी है।

अमेरिकी टैरिफ पर रूस की दो टूक

'मॉस्को-नई दिल्ली भारत का निर्यात बढ़ाने के लिए काम कर रहे'

■ बाहरी दबाव से बचने के लिए सुरक्षा कवच तैयार करना होगा

नई दिल्ली। पश्चिम देशों के कड़े आर्थिक प्रतिबंधों और अमेरिका की ओर से टैरिफ वॉर चलाने के बीच रूस ने भारत के साथ अपने संबंधों पर बयान दिया है। रूस ने साफ किया है कि नई दिल्ली के साथ उसका रिश्ता किसी 'तीसरे पक्ष' के दबाव में खत्म नहीं होने वाला। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने एक अहम बयान में न केवल तेल व्यापार को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है, बल्कि भारत के लिए सिरदर्द बन चुके 'व्यापार घाटे' को सुलझाने का रोडमैप भी पेश किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और यूरोपीय देश रूस

की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मॉस्को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की परछाई भारत के साथ होने वाले तेल व्यापार पर न पड़े। पेस्कोव ने कहा, ÷हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि व्यापार की मात्रा में, विशेषकर तेल के क्षेत्र में, कोई कमी न आए।÷ रूसी अधिकारी का यह बयाान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। पश्चिमी देशों ने 'प्राइस कैप' और टैंकरों पर प्रतिबंध लगाकर इस सप्लाई चेन को तोड़ने की कोशिश की है, लेकिन रूस का यह आश्वासन बताता है कि 'शैडो फ्लीट' और वैकल्पिक भुगतान तंत्र के जरिए यह प्रवाह जारी रहेगा। पेस्कोव ने कूटनीतिक रूप से अमेरिका का नाम लिए बिना साफसंदेश दिया कि दोनों देशों को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक 'सुरक्षा कवच' तैयार करना होगा।

भारत के व्यापार घाटे की चिंता पर रूस गंभीर

भारत-रूस संबंधों में वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती 'एकतरफा व्यापार' है। भारत रूस से तेल और हथियार तो खूब खरीद रहा है, लेकिन रूस को भारतीय निर्यात कम है, जिससे एक बड़ा व्यापार घाटा पैदा हो गया है और रूस के पास भारतीय रुपये का जमावड़ा लग गया है। पेस्कोव ने कहा, "रूस भारत की चिंताओं और व्यापार घाटे की समस्या से पूरी तरह अवगत है। हम भारत से आयात बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।" यह नई दिल्ली के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। इसका सीधा अर्थ है कि आने वाले दिनों में रूस भारतीय मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि उत्पादों और ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अपने बाजार के दरवाजे और चौड़े कर सकता है।

डाउनलोड करो या डिलीट आपकी मर्जी, नहीं होगी जासूसी : सिंधिया

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने भारत में बने नए या इंपोर्ट किए गए सभी मोबाइल फोन्स में संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करना अनिवार्य कर दिया है।

संचार साथी एक सरकारी मोबाइल एप्लिकेशन है जिसे लेकर दावा है कि इसके साथ स्मार्टफोन चलाना ज्यादा अधिक सुरक्षित है। यह ऐप यूजर्स को अपने मोबाइल कनेक्शनों को ट्रैक करने, यह जांचने कि उनका फोन असली है या नहीं और फोन खो जाने या चोरी होने पर उसे ब्लॉक करने में मदद करता है। इसके अलावा, यह ऐप संदिग्ध कॉल, धोखाधड़ी के प्रयास और संदिग्ध लिंक को रिपोर्ट करने की सुविधा भी देता है। कल से संचार साथी को मोबाइल फोन में अनिवार्य किए जाने पर लगातार हंगामा मचा है। विपक्ष ने सरकार पर इस ऐप के जरिए जासूसी करने का आरोप लगाया है। अब टेलिकॉम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऐप पर छिड़े बवाल के बाद इस पर स्पष्टता दी है।

संचार साथी ऐप अनिवार्य नहीं

अब दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट किया है कि संचार साथी ऐप डाउनलोड करना अनिवार्य नहीं है। टेलिकॉम मंत्री सिंधिया ने कहा कि ऐप से किसी की जासूसी नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा, 'हमारी जिम्मेदारी है उपभोक्ताओं की मदद करने की, संचार साथी एक ऐप-पोर्टल है जिसके आधार पर हर एक उपभोक्ता अपनी सुरक्षा अपने हाथों से कर सकता है। यह जनभागीदारी का एक कदम है। लोगों को इस पर आपत्ति नहीं स्वागत करना चाहिए। इसके आधार पर जब आप मोबाइल फोन खरीदते हो तो इससे यह पता कर सकते हैं कि IMEI नंबर फेक है या असली है, आप संचार साथी ऐप से यह पता कर सकते हैं।'

घुसपैठियों के लिए भी रेड कार्पेट चाहते हैं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। दरअसल, याचिका में कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों के लापता होने को लेकर चिंता जाहिर की गई थी और इस मामले में केंद्र को निर्देश देने की अपील की गई। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने मामले में सुनवाई को टाल दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीखी टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ताओं से कहा, आप जानते हैं वे घुसपैठिए हैं। भारत के उत्तरी बॉर्डर बहुत संवेदनशील हैं। आप जानते हैं कि देश में क्या हो रहा है। अगर कोई यहां गैरकानूनी ढंग से आया है, तब भी आप उनके लिए रेड कार्पेट चाहते हैं। वे सुरंगों के जरिए घुसते हैं और फिर आपके खाने, निवास के अधिकारी, बच्चों की शिक्षा, आदि के अधिकारी, हो जाते हैं। क्या हम कानून का दायरा इस तरह खींचना चाहते हैं? ऐसे मामलों में बंदी प्रत्यक्षीकरण जैसी मांगें करना काफी काल्पनिक बात है।

नाथद्वारा मंदिर के पास बरामद हुआ भारी विस्फोटक

राजसमंद। दिल्ली में हुए कार बम धमाके के बाद राजस्थान पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। इसी बीच नाथद्वारा के श्रीनाथ मंदिर से महज चार किलोमीटर की दूरी पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है। इसको अवैध तरीके से पिकअप में ले जाया जा रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह पिकअप वाहन में लोड किया गया था। पिकअप वाहन आमेट क्षेत्र से नाथद्वारा की तरफजा रहा था। इसी दौरान छापा मारकर इससे विस्फोटक जब्त किया गया। पिकअप में भरे विस्फोटक की मात्रा को देखकर पुलिस दंग रह गई। इसके बाद पूरे विस्फोटक सामाग्री को वाहन से नीचे उतारा गया। विस्फोटकों को कार्टन में रखा गया था। पुलिस के अनुसार इसकी मात्रा इतनी अधिक है कि इससे धमाका किया जाता तो करीब 10 किलोमीटर के क्षेत्र में असर दिखाई देता।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिकअप में मौजूद विस्फोटक की गिनती की जा रही है।

संचार साथी ऐप गोपनीयता पर हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को केंद्र के संचार साथी साइबर सुरक्षा ऐप को नागरिकों के मोबाइल फोन की ÷जासूसी÷ करने वाला उपकरण बताया और इसे भारत को तानाशाही की ओर ले जाने वाला कदम कहा। उउनकी टिप्पणी एक दिन बाद आई जब संचार मंत्रालय ने स्मार्टफोन निर्माताओं को निर्देश दिया कि अगले तीन महीनों में बेचे जाने वाले सभी उपकरणों में यह ऐप पहले से इंस्टॉल होना चाहिए। ÷संचार साथी एक जासूसी ऐप है और यह साफतौर पर हास्यास्पद है। नागरिकों को गोपनीयता का अधिकार है। हर किसी को यह हक होना चाहिए कि वे अपने परिवार और दोस्तों को संदेश भेज सकें बिना इस डर के कि सरकार उनकी हर बात देख रही है,÷ वाड्रा ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों से कहा।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

प्रथम पेज का शेष

जर्सी के साथ प्रवेश करेंगे, तो हमे अच्छे खेल प्रेमी होने का उत्साह दिखाना होगा। साथ ही भारतीय टीम के अच्छे खेल के साथ मेहमान टीम के अच्छे प्रदर्शन की सराहना कर अच्छे क्रिकेटिंग दर्शक होने का परिचय भी देना होगा। हमारे दर्शकों को यह सोचकर मैच देखने आना होगा कि यह राज्य, यह स्टेडियम हमारा है और हम इस मैच के आयोजन को भव्य एव सफल बनाते हुए एक यादगार अनुभव में बदल दे, ताकि हमारे सभी मेहमान इसे हमेशा याद रखें। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निदेशक बलदेव सिंग भाटिया एवं विजय शाह के नेतृत्व में संघ की पूरी टीम दिन रात मेहनत कर रही है। निश्चित तौर पर आयोजन के बाद संघ इस आयोजन को लेकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करेगा।

सुखद स्मृतियों को समेटे स्टेडियम का इतिहास : रायपुर का अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम छत्तीसगढ़ के महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर जाना जाता है। इस स्टेडियम का निर्माण 2006 में आरंभ हुआ और 2008 में इसे पूरा कर लिया गया। इस बहुत ही खूबसूरत स्टेडियम के निर्माण का मुख्य श्रेय छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी को जाता है। डॉ रमन सिंह को खेलों से हमेशा लगाव रहा है। उनकी दूरदृष्टि एवं सोच थी कि छत्तीसगढ़ राज्य को देश-विदेश में खेल प्रेमी राज्य के रूप में जाना जाए। इसी मंशा के साथ स्टेडियम के निर्माण में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से रुचि ली और परिणामस्वरूप 2008 में इस स्टेडियम ने आकार लिया। 65000 दर्शकों की क्षमता वाला यह स्टेडियम भारत का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम एवं विश्व का चौथा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। 2009 में इस स्टेडियम के उद्घाटन के अवसर पर एक प्रदर्शनी मैच खेला गया, जिसमें मुख्य तौर पर यूसुफ पठान की शानदार पारी ने सभी को रोमांचित किया था। इसके बाद 2010 में पहली दफा यहां औपचारिक मैच खेला गया। यह मैच कनाडा की टीम और छत्तीसगढ़ की टीम के साथ एक अभ्यास मैच था।

2013 में आईपीएल फ्रैंचाइज़ी दिल्ली डेयरडेविल्स ने इसे अपना दूसरा होम ग्राउंड घोषित किया और यहाँ पर आईपीएल के दो मैच खेले गए। उस सीजन में दिल्ली की टीम नॉक आउट दौर में क्वालीफाई नही कर पाई थी, किन्तु रायपुर में खेले गए दोनों मैचों में उन्हें रायपुर के दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था। दिल्ली डेयरडेविल्स यहां अपने दोनों मैच जीतने में सफल हुई थी। उस आईपीएल में इस स्टेडियम की पिच एवं ग्राउंड को बीसीसीआई की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पिच एव ग्राउंड का अवार्ड भी मिला था। एक और महत्वपूर्ण विशेषता इस ग्राउंड की यह है कि बाउंड्री की दूरी भारत के सबसे बड़े बाउंड्री ग्राउंड में से एक है। स्क्वायर क्षेत्र की बाउंडरी 84 मीटर है, जो काफी बड़ी है। इसके बाद 2014 में चैंपियंस लीग का आयोजन एवं 2016 में आईपीएल के मैच की मेजबानी इस स्टेडियम को मिली थी। इसके अलावा रोड सेफ्टी टूर्नामेंट के दो लगातार फाइनल यहां खेले गए, जिनमें क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर सहित अनेक दिग्गज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हुए थे।

रिलायंस रिटेल ने एफएमसीजी कारोबार का पुनर्गठन पूरा किया

नई दिल्ली। रिलायंस रिटेल ने आंतरिक पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस प्रक्रिया के तहत कंपनी ने अपने एफएमसीजी ब्रांड व्यवसाय को एक नई इकाई न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड में स्थानांतरित कर दिया है। नवगठित न्यू आरसीपीएल अब सीधे रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की सहायक कंपनी बन गई है। कंपनी की नियामक फाइलिंग के अनुसार, मुकेश अंबानी नेतृत्व वाले RIL समूह की इस नई कंपनी में 83.56त्न हिस्सेदारी होगी।

यह बदलाव रिलायंस रिटेल लिमिटेड (RRL), रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (RRVL), उनके शेयरधारकों व लेनदारों और रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (RCPL) के बीच व्यवस्था की योजना के तहत किया गया है।

भारत के बाद अब कोरिया में रिलीज होगी 'लव इन वियतनाम'

मुंबई। शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है।

8 दिसंबर को कोरिया में होगी रिलीज

राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम' 8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट' से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है।

अवनीत कौर ने जताई खुशी

'लव इन वियतनाम' के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई। अवनीत कौर ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी है कि कोरियाई दर्शक इस फिल्म को कितना प्यार करते हैं। हमारी फिल्म का कोरिया में रिलीज होना किसी उपहार से कम नहीं है। मैं चाहती हूं कि जब यह रिलीज हो तो मैं वहां मौजूद रहूं। हमारी कहानी को अपनी दुनिया में जगह देने के लिए उनका शुक्रिया अदा कर सकूं।

ऋषभ शेट्टी की नकल उतारना रणवीर को पड़ा भारी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों कई वजहों के चलते सुर्खियों में बने हुए हैं। 5 दिसंबर को उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'धुरंधर' सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म के टीजर से लेकर ट्रेलर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। हाल ही में मेजर मोहित शर्मा के परिवार ने हाई कोर्ट का रुख किया। उनकी याचिका में रणवीर सिंह की फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई है। अभिनेता की यह फिल्म रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई हैं। इस बीच रणवीर को एक दूसरी वजह के चलते लोगों से माफी मांगनी पड़ी। सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। ओटीटी पर उनकी फिल्म 'कांतारा' को खूब पसंद किया जा रहा है।

एसआईआर डिजिटाइजेशन में मुंगेली सबसे आगे, रायपुर पीछे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य चल रहा है। बीएलओ द्वारा प्रदेशभर में घर-घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य जारी है। प्रदेश में अब तक 1.96 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। यह कुल 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 92.67 प्रतिशत है। वहीं, कुल मतदाताओं में से अब तक 99.80 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं। यानी सिर्फ 0.20 प्रतिशत मतदाताओं को ही गणना प्रपत्र नहीं मिले हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र वितरण के मामले में दंतेवाड़ा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, गौरेला-पेंड्रा मरवाही, सुकमा व कोरिया जिले पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर हैं। इन पांचों जिलों में शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। हालांकि इन जिलों में गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण का कार्य पूरा होना अभी शेष है। दंतेवाड़ा में 92.54, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 93.49, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 95.99, सुकमा में 97.35 व कोरिया जिले में 99.20 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन हुआ है। दूसरी ओर एसआईआर के कार्य में पूरे प्रदेश में रायपुर जिले का प्रदर्शन सबसे खराब है। पूरे प्रदेश में रायपुर जिला पीछे है। यहां कुल 18,92,523 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें से 99.43 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण किया गया है। इसी तरह 16,46,060 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन हो पाया है, जो कुल मतदाता का 86.98 प्रतिशत है। रायपुर जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में से एकमात्र अभनपुर क्षेत्र में ही शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण व डिजिटलीकरण हुआ है।

डिजिटाइजेशन में मुंगेली जिला सबसे आगे

एसआईआर के तहत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में मुंगेली जिला पूरे प्रदेश में सबसे आगे है। यहां 99.99 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण व 99.39 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। जबकि जिले में कुल 5,04,457 मतदाता हैं। ड्रॉफ्ट मतदाता सूची प्रकाशन अब 16 दिसंबर को अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के लिए मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू की गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया की समय-सीमा को एक हफ्ते के लिए बढ़ा दिया है। अब गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य 11 दिसंबर तक चलेगा। ड्रॉफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 9 के बजाय 16 दिसंबर को किया जाएगा। इसी तरह मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी के स्थान पर अब 14 फरवरी 2026 को होगा।

ये है प्रदेश भर के आंकड़े

जिले	वितरण (%)	डिजिटाइजेशन (%)	जिले	वितरण (%)	डिजिटाइजेशन (%)
रायपुर	99.43	86.98	नारायणपुर	99.70	94.40
बिलासपुर	99.53	87.87	महासमुंद	99.88	94.69
बलरामपुर	99.67	88.27	कांकेर	99.77	95.24
बलौदाबाजार	99.71	89.12	सक्ती	99.80	95.61
जांजगीर-चांपा	99.87	89.31	बस्तर	99.99	95.69
कोरबा	99.88	89.93	गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	100	95.99
दुर्ग	99.98	89.93	सुकमा	100	95.99
कबीरधाम	99.80	91.75	बालोद	99.79	96.29
जशपुर	99.84	92.18	खैरागढ़	99.91	96.82
सरगुजा	99.90	92.53	बेमेतरा	99.97	97.27
दंतेवाड़ा	100	92.54	सूरजपुर	99.96	97.41
राजनांदगांव	99.98	92.74	सारंगढ़-बिलाईगढ़	99.88	97.42
बीजापुर	99.74	92.91	रायगढ़	99.86	97.74
कोंडागांव	99.93	93.32	कोरिया	100	99.20
मोहला-मानपुर	100	93.49	मुंगेली	99.99	99.39
धमतरी	99.56	94.02	गरियाबंद	99.93	99.85
मनेंद्रगढ़-चिरमिरी	99.77	94.40	कुल	99.80	92.67

हत्या के तीन आरोपियों को उम्र कैद की सजा

रायपुर/नवप्रदेश। पत्नी के साथ अवैध संबंध की आशंका पर दो दोस्तों को सुपारी देकर हत्या कराने के मामले में तीन आरोपियों को कोर्ट ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा तीनों को 100-100 रुपए का अर्थदण्ड तथा एक अन्य धारा में तीन साल कैद की सजा सुनाई गई है। उक्त मामला तखतपुर थानाक्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में तीन सालोक अभियोजका साऊ चंद्रवंशी ने पैरवी की। साल पहले की है। इस मामले में शासन की ओर जानकारी के अनुसार 22 सितंबर 2022 को ग्राम देवरीखुर्द निवासी मृतक सुंदरलाल कौशिक के गुम होने पर उसके पुत्र राजेंद्र कुमार कौशिक ने थाना तखतपुर में गुम इंसान दर्ज कराया। 24 सितंबर 2022 को सुंदर लाल कौशिक का शव ग्राम खम्हरिया शिव तालाब के पानी में मिलने की सूचना पर पुलिस थाना तखतपुर ने शव का पंचनामा तैयार कर मर्ग इंटीमेशन दर्ज किया। पुलिस को प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का प्रतीत होने पर जांच प्रारंभ किया गया। संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ में बात सामने आई कि तखतपुर थानाक्षेत्र के ग्राम देवरीखुर्द (तखतपुर) निवासी विनय कुमार कौशिक पिता ईश्वर कौशिक 32 वर्ष, की पत्नी का सुंदर लाल कौशिक के साथ अवैध संबंध होने की बात सामने आई। जांच आगे बढ़ाने पर पता चला कि, विनय ने तखतपुर थानाक्षेत्र के ग्राम देवरीखुर्द के ही चंद्रप्रकाश कौशिक उर्फलाली पिता रामावतार कौशिक 32 वर्ष एवं ग्राम देवरीखुर्द का उमाशंकर कौशिक उर्फपिल्लू पिता लतेल राम कौशिक 30 वर्ष को सुंदर की हत्या करने के लिए 50 हजार रुपए की सुपारी दी थी। इसके बाद सुंदर हत्या कर उसके शव को शिव तालाब के पानी के अंदर बेशरम की झाड़ी में छिपा दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। इस मामले की सुनवाई जिला न्यायालय के सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कु रैशी की अदालत में हुई जहां तीनों आरोपियों को इस मामले में सश्रम आजीवन कारावास एवं 100-100 रूपए अर्थदण्ड तथा एक अन्य धारा में 3-3 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

दुष्कर्म की कोशिश, आरोप से धर्मेंद्र बरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सक्ती के धर्मेंद्र सिंह उर्फधर्मेंद्र सिदार को छेड़खानी और दुष्कर्म की कोशिश के आरोप से बरी करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद कर दिया है। ट्रायल कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं में राजा धर्मेंद्र सिंह को पांच और सात साल की सजा सुनाई थी, इसके अलावा जुर्माना भी किया था। ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद वे जेल में बंद है, मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने दोनों आरोप से उसे बरी कर दिया है। कोर्ट ने जेल में बंद याचिकाकर्ता राजा धर्मेंद्र सिंह की रिहाई का आदेश दिया है। बीएनएसएस, 2023 की धारा 415 (2) के तहत धर्मेंद्र सिंह उर्फधर्मेंद्र सिदार ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफ्टीसी), सक्ती, जिला सक्ती द्वारा 21 मई 2025 को पारित आदेश को चुनौती दी है।ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आईपीसी की धारा 450 के तहत चूक की शर्त के साथ पांच वर्ष का कठोर कारावास तथा 5000 रुपये का जुर्माना धारा 376 (1) के तहत सात वर्ष का कठोर कारावास और 10000 रुपये का जुर्माना किया था। ट्रायल कोर्ट ने दोनों सजाओं को एकसाथ चलाने का निर्देश दिया था। पीड़िता ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद सजा की अवधि को बढ़ाने की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। दोनों मामले एक प्रवृति के होने के कारण डीबी ने एकसाथ सुनवाई की थी।

फैसले को दी थी चुनौती

ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपने आपको निर्दोष बताया। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसे संपत्ति, गोद लेने और उत्तराधिकार से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवादों के कारण झूठा फंसाया गया है। सक्ती के युवराज के रूप में उनके राज्याभिषेक के बाद से, उसके खिलाफझूठी शिकायतों की एक श्रृंखला दर्ज की गई है।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर फेडरेशन करेगा आंदोलन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा महंगाई भत्ता, वेतन विसंगति, कैशलेस सुविधा सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय काम बंद-कलम बंद आंदोलन किया जाएगा। इसकी तैयारियों के संबंध में रणनीति बनाने के लिए संभाग स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएंगी। दुर्ग में 13 दिसंबर, बिलासपुर में 18 दिसंबर, सूरजपुर में 19 दिसंबर, रायपुर में 20 दिसंबर व जगदलपुर में 21 दिसंबर को संभाग स्तरीय बैठक होगी। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन से संबद्ध सभी प्रांताध्यक्ष व महामंत्री, संभाग के सभी पदाधिकारी, जिला संयोजक व महासचिव बैठक में हिस्सा लेंगे।

षोडश संस्कार पर जैविक खेती विशेषज्ञ राघवन का व्याख्यान 7 को

रायपुर/नवप्रदेश। अभ्युत्थान वेलफेयर सोसायटी द्वारा षोडश संस्कार पर व्याख्यान का आयोजन 7 दिसंबर को श्री रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कॉलोनी में शाम 4.30 बजे से किया गया है। सोसायटी की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल एवं सचिव श्रीमती मंजू अग्रवाल ने बताया कि व्याख्यान में मुख्य वक्ता गाय आधारित जैविक खेती विशेषज्ञ केईएन राघवन होंगे। उन्होंने बताया कि षोडश संस्कार ही जीवन का वास्तविक आभूषण है। इन संस्कारों के महत्व एवं व्यावहारिक रूप को समझाने हेतु ही व्याख्यान का आयोजन किया गया है।

बीएड, डीएलएड की खाली सीटों में प्रवेश के लिए एक और मौका

रायपुर/नवप्रदेश। बीएड, डीएलएड एवं बीए बीएड तथा बीएससी बीएड पाठ्यक्रमों में अब भी 672 सीटें खाली हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक और अवसर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा दिया गया है। तीसरे चरण में दिए गए विकल्पों के आधार पर चौथी सूची कल 2 दिसंबर को जारी की जाएगी। प्रवेश की प्रक्रिया 9 दिसंबर तक चलेगी। तीन चरणों की काउंसलिंग के बाद भी बीएड, डीएलएड तथा बीए बीएड एवं बीएससी बीएड में सीटें खाली हैं। सीटों को भरने के लिए एससीईआरटी द्वारा पुनः प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस संबंध में आज सूचना जारी कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन चरणों की काउंसलिंग के बाद भी उक्त पाठ्यक्रमों की 672 सीटें खाली हैं। इन पाठ्यक्रमों में 21455 सीटें हैं। इनमें से 20783 सीटें ही भर पाई हैं। प्रदेश के कॉलेजों में बीएड की 14495 सीटें हैं। इनमें से 14083 सीटें भर गई और 412 अब भी खाली हैं। इसी तरह डीएलएड की 6710 सीटों में 240 सीटें रिक्त हैं। बीए, बीएड और बीएससी बीएड की 250 में से 11 सीटें ही खाली हैं। इन सीटों पर प्रवेश के लिए 2 दिसंबर को चौथी सूची जारी की जाएगी। तीसरे चरण में दिए गए विकल्पों के आधार पर सूची जारी होगी। चयनित अभ्यर्थियों को आबंटित कॉलेजों में 3 दिसंबर को शाम 5 बजे तक प्रवेश लेना होगा। इसके पश्चात 4 दिसंबर को पांचवीं तथा 8 दिसंबर को छठवीं सूची जारी होगी। अभ्यर्थियों को दूसरे दिन ही प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इन चरणों के लिए जिन अभ्यर्थियों ने तीसरे चरण में विकल्प फॉर्म जमा किए थे एवं जिन्हें अब तक जारी तीनों सूची में महाविद्यालय आबंटित नहीं हुआ है, उनके आवेदन पर विचार किया जाएगा।

आबंटित कॉलेजों में प्रवेश लेना अनिवार्य

एससीईआरटी द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार किसी भी महाविद्यालय में प्रवेशित अभ्यर्थी का नाम आबंटन प्रक्रिया में नहीं आएगा। इसी प्रकार जिनका नाम पूर्व की तीसरी सूची में आया था परंतु उन्होंने प्रवेश नहीं लिया एवं आवंटन निरस्त नहीं कराया है उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों के नाम तीसरी और चौथी सूची में आएंगे, उन्हें आबंटित महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। इन चरणों में कोई भी विकल्प फॉर्म नहीं भरवाए जाएंगे।

जिन सीटों पर हारी भाजपा, वहां एसआईआर को लेकर गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन चिंतित है। भाजपा की चिंता उन 36 विधानसभा क्षेत्रों को लेकर ज्यादा है, जहां से भाजपा को वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यहां हारे हुए भाजपा उम्मीदवारों और जिलाध्यक्षों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक जाकर एसआईआर के कार्य को पूरा करने का निर्देश है। प्रदेश भाजपा ने इसकी मॉनिटरिंग भी शुरू कर दी है और प्रतिदिन विधायकों व जिलाध्यक्षों से रिपोर्ट भी ले रही है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के कार्य में सात दिनों की वृद्धि कर दी है। पहले 4 दिसंबर अंतिम तिथि थी, अब 11 दिसंबर तक गणना पत्रक भरे जाएंगे। यही वजह है कि भाजपा अधिक से अधिक मतदाताओं को इस कार्य में सहयोग करने जुटी हुई है। बताते हैं कि गत दिनों जब भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे, तब उन्होंने विधायकों को इस कार्य में रुचि लेने का निर्देश दिया था और जिन विधायकों का क्षेत्र कमजोर नजर आया, उन्हें फटकार भी मिली थी। इसके बाद प्रदेश संगठन भी गंभीर हुआ।

छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 54 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक हैं, शेष 35 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस और एक विधानसभा क्षेत्र में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के विधायक हैं। जहां भाजपा के विधायक नहीं हैं, वहां भाजपा के हारे हुए प्रत्याशियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि एसआईआर के कार्य में गंभीरता लाएं और बूथ लेबल के कार्यकर्ताओं की जरूरतों को पूरी कर इस कार्य को पूर्ण कराए। भले ही एसआईआर के आंकड़े अपेक्षाकृत छत्तीसगढ़ में बेहतर नजर आ रहे हैं, किंतु भाजपा की मंशा है कि अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम जुड़े।

यही वजह है कि भाजपा के आला नेता चिंतित हैं, किंतु जमीनी स्तर के कार्यकर्ता उतनी रुचि नहीं ले रहे हैं, जितनी अपेक्षा की गई थी। दरअसल राज्य में भाजपा की सरकार है। लिहाजा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी को केवल चुनाव के समय ही कार्यकर्ताओं की याद आती है। अभी चुनाव में तीन साल का समय है। ऐसे में एसआईआर जैसे कार्य भी इवेंट कंपनियों से करवाना चाहिए।

होटल संचालक को लूटने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला थाना क्षेत्र में 5 अक्टूबर की रात होटल संचालक को धारदार हथियार से घायल करके पर्स और मोबाइल फोन लूटकर भागे बाइक सवार तीन लुटेरे रामकुंड, सिलतरा और कोटा निवासी निकले। तिल्दा में हाल ही में हुई मारपीट की एक घटना के बाद सिलतरा निवासी फैक्ट्री कर्मी वीरेन्द्र निर्मलकर उर्फ बेंजी 25 वर्ष गिरफ्त में आया। इसके बाद कोटा के लक्ष्मीनारायण उर्फ भोला निषाद और रामकुंड निवासी महेश्वर निर्मलकर (20) का सुराग मिला। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त धारदार हथियार, लूटे गए पर्स में रखे आधार कार्ड व क्रेडिट कार्ड दो आरोपियों के कब्जे से बरामद किए हैं।

नशाखोरी करने जगह ढूंढते पहुंचे थे उरला-अछोली : उरला

थाने में होटल संचालक जनक यादव ने 5 को ही लूट की रिपोर्ट लिखाई थी। रात 10 बजे होटल बंद करने के दौरान हुई वारदात का सुराग पुलिस को तिल्दा से मिला। मूलतः तुलसी निवासी मुख्य आरोपी वीरेन्द्र निर्मलकर ने वहां अपने रिश्तेदार के साथ विवाद किया। वह सिलतरा में किराए पर रहकर एमजी फैक्ट्री में काम कर रहा था। जांच में पता चला कि वीरेन्द्र इस दिन रामकुंड में अपने मामा सुरेश निर्मलकर से मिलने रामकुंड आया था। लौटते समय वह मामा के बेटे महेश्वर के साथ कोटा गया। जहां महेश्वर का दोस्त पूर्व में लूट केस में जेल जा चुका लक्ष्मीनारायण उर्फ भोला निषाद मिला। तीनों बाइक पर निकले और अछोली उरला पहुंचे।

निगम के प्लास्टिक प्रोसेसिंग प्लांट पर विद्यार्थियों ने दिखाई रुचि

रायपुर/नवप्रदेश। स्वच्छता निरीक्षक की पढ़ाई करने वाले लगभग 50 विद्यार्थियों के दल ने नगर निगम के संकरी स्थित कचरा प्रोसेसिंग प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अध्ययन दल ने यहां सबसे अधिक प्लास्टिक कचरे की प्रोसेसिंग यूनिट को बारीकी से देखा। प्लास्टिक कचरा इन दिनों में सफाई में सबसे बड़ी बाधक के साथ ही पर्यावरण के लिए भी घातक साबित हो रहा है। इसीलिए दल के विद्यार्थियों ने सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे का इस्तेमाल सीमेंट कारखानों के फर्नेश में जलाने एवं इससे मोटे प्लास्टिक कचरे से बनने वाले दानों को देखा। इन्हीं दानों से पानी के बॉटल, बाल्टी और अन्य सामग्रियां बनाने के लिए बाहर की फैट्रियों में संकरी प्लांट से भेजा जाता है। यहां प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक कचरे की छंटाई, बैलिंग, पुनर्चक्रण, वैकल्पिक ईंधन हेतु उपयोग तथा निर्माण कार्यों में पुनर्चक्रित प्लास्टिक के उपयोग की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

पूर्व में गठित चारों टीमों द्वारा जांच रिपोर्ट रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे को सौंपी जा चुकी है

भारतमाला परियोजना घोटाले की जांच अब तक अधूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम इकॉनामिक कॉरिडोर में मुआवजा घोटाला मामले में शिकायतों व दावा-आपत्तियों की जांच अभी तक अधूरी है। हालांकि पूर्व में गठित चारों टीमों द्वारा जांच रिपोर्ट रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे को सौंपी जा चुकी है, लेकिन बाद में मिली शिकायतों की जांच के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित टीम ने अभी तक अपनी रिपोर्ट नहीं दी है। जबकि जांच रिपोर्ट के आधार पर ही शासन द्वारा आगे कार्रवाई की जानी है। गौरतलब है कि भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम इकॉनामिक कॉरिडोर में मुआवजा घोटाला सामने आने के बाद शासन के निर्देश पर भूअर्जन मुआवजा प्रकरणों की जांच का जिम्मा रायपुर संभाग के आयुक्त को सौंपा गया था। संभागायुक्त ने भारतमाला परियोजना के तहत भू-अर्जन मुआवजा प्रकरणों के संबंध में नए सिरे से दावा-आपत्तियां मंगाई थीं, जिसमें डेढ़ सौ से अधिक दावा-आपत्तियां व शिकायतें मिलीं। इनकी जांच के लिए अपर कलेक्टरों की अध्यक्षता में चार अलग-अलग टीमें बनाई गई थीं। चारों टीमों की रिपोर्ट संभागायुक्त को सौंपी जा चुकी है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय को मुआवजा घोटाला मामले में वांछित जानकारी व जांच रिपोर्ट भेज दी गई है। संभागायुक्त महादेव कावरे ने बताया कि जांच टीमों के गठन के बाद मुआवजा वितरण के संबंध में प्राप्त शिकायतों व आवेदनों की जांच के लिए एक और टीम गठित की गई है। यह जांच प्रक्रियाधीन है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। जमीन कई टुकड़ों में बांटकर घोटाले को दिया गया अंजाम-भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से विशाखापट्नम सिक्सलेन भूमि अधिग्रहण मामले में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है। जमीन को कई टुकड़ों में बांटकर करोड़ों रुपए की मुआवजा राशि निकाल ली गई और शासन को नुकसान पहुंचाया गया। एसडीएम, पटवारी और भू-माफिया के सिंडिकेट ने बैंक डेट पर दस्तावेज बनाकर इस घोटाले को अंजाम दिया है।

सभी संभागों से जांच रिपोर्ट का इंतजार

राज्य शासन ने छह माह पहले भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्?नम इकॉनामिक कॉरिडोर में मुआवजा घोटाला सामने आने के बाद प्रदेश के सभी संभागायुक्तों को पत्र लिखकर मुआवजा प्रकरणों की जांच के आदेश दिए थे। इसमें सिर्फरायपुर व दुर्ग संभाग में मुआवजा प्रकरणों पर पुनः दावा-आपत्ति मंगाई थी। रायपुर संभाग की जांच रिपोर्ट शासन तक पहुंची है, लेकिन बाकी दुर्ग, बस्तर, सरगुजा व बिलासपुर संभागों की जांच रिपोर्ट का अभी तक इंतजार है। वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों का भी कहना है कि उनके पास जांच रिपोर्ट की कोई जानकारी नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com